सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 7:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.8 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80604.65 |
| निफ्टी | 24530.90 |
| सोना | 72,610 |
| चांदी | 93,250 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



रेणुका सिंह ने परिवार से पहले देश को चुना

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 21 जुलाई, 2024 | 6 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 214, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# नीट-यूजी का सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट जारी

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनटीए ने दोबारा किया घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय** परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का सिटी और सेंटर वाइज परिणाम शनिवार को घोषित दिया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रश्न पत्र लीक सहित परीक्षा करवाने में कथित अनियमितताओं के संबंध में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि अभ्यर्थियों की पहचान उजागर नहीं करते हुए परिणाम घोषित किए जाएं। यह परीक्षा कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के घेरे में है। नीट-यूजी के परिणाम पांच जून को घोषित किए गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए को पुन: रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। नतीजे ऑनलाइन माध्यम से एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट exams.nta.ac.in/neet पर जारी किए गए हैं। नतीजे जारी होने के बाद अब अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर लॉग इन क्रेडेंशियल दर्ज करके अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही आप इस पेज पर भी डायरेक्ट लिंक उपलब्ध करवाया गया है, जिस पर क्लिक करके आप आसानी से नतीजे चेक कर सकते हैं। गौर रहे कि इस वर्ष नीट-यूजी परीक्षा में 2406079 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था और 2333297 उम्मीदवार एग्जाम में शामिल हुए थे। 1316268 उम्मीदवारों को इस एग्जाम में सफल माना गया था।

### जल्द जारी होगा काउंसिलिंग शेड्यूल

**राष्ट्रीय** परीक्षा एजेंसी की की ओर से नतीजे जारी होने के बाद अब जल्द काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल घोषित किय जाएगा। शेड्यूल एवं रैंक के अनुसार, अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में भाग लेकर मेडिकल, डेंटल, आयुष और नर्सिंग स्नातक प्रवेश पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने रिजल्ट तो जारी कर दिया है, लेकिन इस मामले की सुनवाई 22 जुलाई को होगी और फैसला आने की उम्मीद है। नीट एग्जाम दोबारा कराया जाएगा या नहीं, यह फैसला सुप्रीम कोर्ट को करना है। दरअसल याचिकाकर्ता छात्रों की मांग है कि विवादों में घिरी परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करवाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था वह यह पता लगाना चाहता है कि कथित विवादित केंद्रों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को अन्य स्थानों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक अंक तो नहीं मिले हैं। गौर रहे कि झज्जर, हरियाणा के हरदयाल पब्लिक स्कूल सेंटर से एक साथ 6 टॉपर्स आने से रिजल्ट पर सवाल खड़े हुए थे। सभी ने 720 में से 720 मार्क्स स्कोर कोर किए थे। सेंटर वाइज रिजल्ट में अब इस सेंटर पर एग्जाम देने वाले 494 कैंडिडेट्स में से एक भी कैंडिडेट का स्कोर 720 नहीं है।

# माइक्रोसॉफ्ट आउटरेज से सबसे ज्यादा एविएशन सेक्टर प्रभावित

## भारत में सभी एयरपोर्ट पर काम कर रहे हैं एयरलाइन सिस्टम

**एजेंसी, वेलिंगटन**

**माइक्रोसॉफ्ट** ग्लोबल आउटरेज के कारण शुक्रवार को पूरी दुनिया में हडकंप मच गया था। इसके कारण शुक्रवार को सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक करीब 15 घंटों तक माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले 95 प्रतिशत कंप्यूटर ठप हो गए। माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल आउटरेज के कारण अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। भारत भी अछूता नहीं रहा और कई फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। इसका असर शेयर बजार, हॉस्पिटल, टीवी चैनल, कॉल सेंटर और तमाम आईटी सेवाओं पर पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल आउटरेज के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित एविएशन सेक्टर हुआ। भारत में भी सैकड़ों की संख्या में फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा। फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एयरपोर्ट पर भीड़ जमा हो गई और यात्रियों के बीच हड़कंप भी मच गया। शनिवार को एविएशन मिनिस्ट्री की ओर से बयान जारी किया गया। मिनिस्ट्री ने कहा कि शनिवार सुबह 3 बजे से सभी एयरपोर्ट पर एयरलाइन सिस्टम काम करने लगे हैं और फ्लाइट्स सही तरीके से चल रही हैं।




### नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री बोले- यात्रियों के रिफंड पर किया जा रहा काम

**मंत्रालय** के अनुसार अगर कहीं कुछ दिक्कतें आ रही हैं तो उसे ठीक किया जा रहा है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर महोल ने कहा कि आउटरेज के कारण उड़ान संचालन में समस्याएं थी। अब माइक्रोसॉफ्ट ने समस्या का समाधान कर दिया है और फ्लाइट्स फिर से शुरू हो गई हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जिनकी फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं, उनके रिफंड पर फोकस किया जा रहा है और जल्द ही रिफंड जारी कर दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने इंश्योरेंस ले रखा है, उनको इसका लाभ मिलेगा और मंत्रालय इस पर अपडेट जारी करेगा। अब चेक इन करने में भी कोई समस्या नहीं आ रही है। हालांकि एयरपोर्ट पर भीड़ है, लेकिन फ्लाइट्स नॉर्मल तरीके से चल रही है।

### डिजी यात्रा सिस्टम में थोड़ी खराबी

**बायोमेट्रिक** आधारित बोर्डिंग सिस्टम डिजी यात्रा सिस्टम शनिवार सुबह भी नहीं काम नहीं कर रहा था। इसके कारण यात्रियों को मैन्युअल रूप से चेक इन करने में परेशानी होने के कारण डिपार्चर टर्मिनलों पर लंबी कतारे देखी गई।

## न्यूज शॉर्ट्स

### यूपीएससी अध्यक्ष मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। इस्तीफे की जानकारी आने के बाद मनोज सोनी ने कहा कि उनका इस्तीफा ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के विवादों और आरोपों से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। उन्होंने 14 दिन पहले अपना इस्तीफा कार्मिक विभाग को भेजा था।

### हाईकोर्ट से दाऊद गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम को व्यक्तिगत तौर पर यूएपीए कानून के तहत आतंकवादी घोषित किया है। ऐसे में उससे या उसके गैंग से जुड़े होने के लिए ही किसी पर यूएपीए कानून के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती। इसके बाद हाईकोर्ट ने दाऊद इब्राहिम गैंग के कथित दो सदस्यों को जमानत देने का आदेश दिया।

### सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर मलेशिया के नए सम्राट



**कुआलालम्पुर।** मलेशिया के कुआलालम्पुर में आयोजित समारोह में शनिवार को सुल्तान इब्राहिम सुल्तान इस्कंदर को औपचारिक रूप से मलेशिया के नए राजा के रूप में ताजपोशी की गई। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, ब्रूनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया भी उपस्थित थे। निष्पक्ष रूप से शासन करने का संकल्प लिया।

### किश्तवाड़ में लगे भूकंप के झटके, 3.5 रही तीव्रता



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के झटके लगने के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर नीचे था।

### रीट प्रश्न पत्र लीक मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। राजू राम इराम को हिरासत में लिया गया। अदालत ने आरोपी को तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा है।

# हिमाचल के डीजी ओझा को सीआईडी का एडिशनल चार्ज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**प्रदेश** सरकार ने डीजी जेल एसआर ओझा को डायरेक्टर जनरल सीआईडी का एडिशनल चार्ज दिया है। वहीं, चार आईपीएस ऑफिसर को डायरेक्टर जनरल पदोन्नत किया है। आईपीएस अनुराग गर्ग, अशोक तिवारी व रित्विक रुद्रा और राकेश अग्रवाल शामिल हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी किए हैं।

अनुराग गर्ग, अशोक तिवारी और रित्विक रुद्रा तीनों अभी सेंटर डेपुटेशन पर हैं। इस वजह से इन्हें परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है, जबकि राकेश अग्रवाल को रेगुलर पदोन्नति दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राकेश अग्रवाल को एडिशनल डायरेक्टर जनरल राष्ट्रीय जांच एजेंसी लगाया है।

### 4 आईपीएस को भी किया पदोन्नत

गृह मंत्रालय ने राकेश अग्रवाल को जल्द रिलीव करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, राज्य सरकार ने प्रदेश प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं एसडीएम (सिविल) डॉ. संजय कुमार धीमान को पीजीआई चंडीगढ़ में सीनियर एडमिन्स्ट्रेटिव ऑफिसर के तौर पर तैनाती दी गई है।

# लोकसेवा आयोग नहीं, अब हमीरपुर चयन आयोग करेगा क्लास थ्री पदों की भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हमीरपुर** चयन आयोग अब क्लास थ्री पदों की भर्ती करेगा। प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग ने क्लास थ्री के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी की है।

### कार्मिक विभाग ने जारी की नोटिफिकेशन

बता दें कि भर्ती परीक्षाओं में धांधली के मामले सामने आने के बाद सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर स्थित कर्मचारी चयन आयोग को 2023 में भंग कर दिया था। आयोग को भंग करने के बाद भर्तियों की जिम्मेदारी प्रदेश राज्य लोकसेवा आयोग को दी गई थी। अब क्लास थ्री के पदों की भर्ती हमीरपुर स्थित राज्य चयन आयोग करेगा। अधिसूचना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग केवल छह पोस्ट कोड की भर्ती करेगी। इनमें कंपनी कमांडर, जेओए, जूनियर ऑडिटर, आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर, असिस्टेंट माइनिंग इंस्पेक्टर और माइनिंग इंस्पेक्टर के पद शामिल हैं। इनके अलावा, तृतीय श्रेणी के पदों की सारी भर्तियां हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को वापस लौटाई जा रही हैं। गौर रहे कि हिमाचल राज्य लोक सेवा आयोग ने छह पोस्ट कोड में से चार पोस्ट कोड का एग्जाम सितंबर माह में तय किया है। सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी दीपक सानन की अगुवाई में एक कमेटी बनाई थी। कमेटी ने नई भर्ती एजेंसी का खाका तैयार किया और उसी के आधार पर राज्य चयन आयोग हमीरपुर फंक्शनल हुआ है। सानन कमेटी ने भर्ती परीक्षा में सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट की सिफारिश की है। (अनंत ज्ञान)

# खनन मामला : ईडी ने हरियाणा के विधायक पंवार को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार को अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है।

पंवार को गुरुग्राम से शनिवार तड़के हिरासत में लिया गया। विधायक को अंबाला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी उन्हें हिरासत में भेजने का अनुरोध करेगी। एजेंसी ने राज्य के यमुनानगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन के आरोप में पंवार से जुड़े परिसरों पर जनवरी में छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में यमुनानगर से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके एक सहयोगी कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था। एनजीटी की ओर से लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस की ओर से कई प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# श्रीखंड यात्रा : खाई में गिरने से सेवादार की मौत

## लंगर का सामान ले जाते समय हुआ हादसा, अब तक पांच की मौत

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

**श्रीखंड** महादेव यात्रा के दौरान एक सेवादार की गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सिद्धार्थ शर्मा (31) पुत्र विजय शर्मा निवासी रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है।



सिद्धार्थ रामपुर बुशहर की एक समिति का सदस्य था, जो श्रीखंड के रास्ते में मुफ्त लंगर लगाता था। सिद्धार्थ और उसके अन्य साथी वीरवार रात को लंगर का सामान लंगर स्थल तक पहुंचा रहे थे, तो बलीगचा के समीप सिद्धार्थ का पैर फिसल गया और 50 मीटर खाई में गिर गया। गंभीर रूप से घायल सिद्धार्थ को खाई से निकाला और सिविल अस्पताल निरमंड पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रामपुर के एमजीएमसी खनेरी स्थित जोनल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। आईजीएमसी शिमला पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सिद्धार्थ शर्मा अपने पीछे माता-पिता, गर्भवती पत्नी व 5 साल की बेटी और एक बहन को छोड़ गया। वहीं, निरमंड पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। श्रीखंड के रास्ते में यह इस वर्ष पांचवीं मौत है। यात्रा शुरू होने से पहले ही चार व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### कंडाघाट में पिकअप खाई में गिरी, एक व्यक्ति की गई जान, दो घायल

**आर मोहन, सोलन।** कंडाघाट में पिकअप के खाई में लुढ़कने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। हीरालाल निवासी कंडाघाट ने बताया कि जब वह और चंद्रदत्त अपने खेतों से टमाटर की ढुलाई कर रहे थे तो एक पिकअप गाड़ी खड्ड में गिरती हुई दिखाई दी। जब वहां पहुंचे तो एक व्यक्ति बेहोश पड़ा हुआ था और दो लोग अंदर फंसे हुए थे। ड्राइवर साइड खड्ड में एक गाय गिरी पड़ी थी। एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया था। तीनों को सड़क में पहुंचाया। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। कंडाघाट पुलिस ने मामला दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- आईजीएमसी में स्पेशल वार्ड के लिए तरस रहे मरीज -पेज 2
- राज्य चयन आयोग के बाहर जेओए अभ्यर्थियों ने गाड़ा तंबू -पेज 3
- मटौर-शिमला फोरलेन पर दौलतपुर सुरंग के दोनों छोर मिले -पेज 4
- चीन में पुल ढहने से 11 लोगों की मौत, 30 से अधिक लापता -पेज 13
- ओलंपिक में सेना के 24 एथलीट दिखाएंगे दमखम -पेज 14

# मंडी में इंटरकास्ट मैरिज का विरोध परिजनों पर तानी रिवॉल्वर, बनाया दबाव

## पंजाब से आए युवती के परिजनों का हंगामा, युवक की गाड़ी जलाई

**पुष्पराज, मंडी**

**पंजाब** के नंगल में अंतरजातीय विवाह के बाद भागे युवक और युवती की तलाश में युवती के परिजनों ने बल्ह थाना क्षेत्र के पल्यानी गांव में जमकर हंगामा किया। घटना में परिजनों ने युवक की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और उसके परिवार के सदस्यों पर रिवॉल्वर तानकर उनका पता बताने का दबाव बनाया।

हथियार और पेट्रोल लेकर आए युवती के परिजनों ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया। जानकारी के अनुसार, नंगल के एक युवक और युवती ने इंटरकास्ट मैरिज कर ली। लड़का अनुसूचित जाति से है, जबकि लड़की



जरनल कैटेगरी की है। दोनों शादी करने के बाद सबसे पहले सुंदरनगर आए और वहां पर रुके। बल्हघाटी के पल्यानी गांव में लड़के का नौनिहाल है। यह दोनों वहां पर चले गए, जिस गाड़ी में यह दोनों आए थे, उसे उन्होंने वहां खड़ा किया और उसके बाद मनाली की तरफ बस में सवार होकर चले गए। इनका पीछा करते हुए युवती के परिजन यहां पहुंच गए। उन्होंने युवक के नौनिहाल वालों पर रिवाल्वर तान दी और हथियार निकालकर धमकाया। यहां खड़ी युवक की गाड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। पीड़ितों की शिकायत पर बल्ह थाना पुलिस की टीम ने मौके पर आकर सारे मामले की जांच पड़ताल की। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी हेडक्वार्टर देवराज ने बताया कि युवक और युवती बल्ह थाना पुलिस की कस्टडी में सुरक्षित है। पंजाब पुलिस को सूचना दी है। जिन लोगों ने रिवॉल्वर तानी और डराने का प्रयास किया, उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

# आतंकवाद से लड़ने के लिए सभी समुदायों को हाथ मिलाना होगा : जितेंद्र

**एजेंसी, जम्मू**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार सुरक्षा स्थिति में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से लड़ने के लिए सभी समुदायों को हाथ मिलाना चाहिए।



प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह अपने उधमपुर संसदीय क्षेत्र के डोडा में थे, जहां पिछले तीन महीनों में कई आतंकवादी घटनाएं हुईं, जिनमें 10 सुरक्षाकर्मियों और एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की जान चली गई। तीन घंटे से अधिक समय तक के जनता दरबार से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वीडीजी के पुनरुद्धार की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हाल की आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर डोडा और इसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के पास रणनीति है, लेकिन ऐसी रणनीतियों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं की जाती है। सिंह ने कहा कि आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में वीडीजी को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें आतंकवादियों से लड़ने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जहां भी आवश्यकता होगी, आतंकवादियों की ओर से उत्पन्न चुनौती का सामना करने के लिए बहुआयामी रणनीति के हिस्से के रूप में वीडीजी को तैनात किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### धारा जुब्बड़ के बाद शुरू होगा देवता बौंद्रा साहिब का दौरा

**दशमी रावत, रोहडू।** बंच्छूछ के सुप्रसिद्ध देवता महाराज बौंद्रा का हर साल होने वाला दौरा धारा जुब्बड़ के बाद ही शुरू होता है। सर्दियों से यही रीत चली आई है। सबसे खास बात यह है कि यह जुब्बड देवता बौंद्रा साहिब की अपनी मलकियत भूमि पर है। यहीं पर साल का पहला नेसर भी गिराया जाता है। यह चमत्कार है या कुछ और हर साल जब पहली बार बढेले नेसर के लिए ढडो पर जाते है तो उन्हें पहले नेसर को यंहा गिराने से पहले ही शेर व सिंह के दर्शन होते है। रोहडू उपमंडल के बंच्छूछ में स्थित देवता बौंद्रा साहिब शनिवार को धूमधाम से धारा जुब्बड पहुंचे। इस मेले के बाद अब 21 जुलाई को देवता साहिब बौंद्रा का छपोटी मेला होगा। जिसके बाद 25 शावण से 25 भादो तक देवता साहिब बौंद्रा अपने 7 लंबरदारी के दौरे पर निकल जाएंगे। देवता साहिब बौंद्रा मोहतमीन भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि देवता साहिब बौंद्रा के आशिर्वाद से सब ठीक हो जाएगा। बारिश के लिए भी बार- बार देवता साहिब के आगे अरदास लगाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### किट्टी के नाम पर पैसे लेकर की ठगी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बालूगंज थाना के तहत किट्टी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस को सुनील कुमार, सुरेश नेगी, विनोद कुमार,मदनलाल, कृष्ण कुमार,मंजू बाला, डॉक्टर गुलाबी शम्बेर, राजकुमार, निशा देवी, मंजू, रमेश शर्मा, विद्या देवी, जोगिंदर शर्मा, प्रदीप कुमार, राधा देवी विक्रम ठाकुर सभी कर्मचारी हिप्र विश्वविद्यालय ने दर्ज कराया कि विनोद कुमार, अनीता शर्मा व विश्वविद्यालय के कुछ अन्य कर्मचारियों ने किट्टी के नाम पर इन से पैसे लेकर उनके साथ ठगी की है। पुलिस ने थाना बालूगंज के तहत धारा 420,34 भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### व्यक्ति के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** थाना सदर के तहत एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। अमरनाथ शर्मा निवासी कृष्णानगर ने दर्ज मामला दर्ज करवाया है कि सूरज व कुछ अन्य लोगों ने इसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस संबंधी आगामी जांच शुरू कर दी है।

### अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जुब्बल कोटखाई की बैठक संपन्न



**दशमी रावत, जुब्बल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नीलाल नरसेठ की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय जुब्बल में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा जुब्बल-नावर-कोटखाई में करवाए जा रहे विकास के कार्यो के लिए पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में बोर्ड की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान बोर्ड के लाभार्थियों के पंजीकरण, नवीनीकरण, दावों की प्रक्रिया और अन्य लंबित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। नरदेव सिंह कंवर ने सभी ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगां को हल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वह प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे जिसका आरंभ 22 जुलाई 2024 से किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों से होगा।

### अंडर-14 खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** शिक्षा विभाग ने अंडर-14 छात्र-छात्राएं वर्ग की खंड व जिला स्तरीय खेलों की तिथियां यानी कैलेंडर जारी कर दिए हैं। ये खेलें 5 से 7 अगस्त तक आयोजित करवाई जाएंगी। खबर की पुष्टि करते हुए जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजकुमार शर्मा ने बताया कि छात्र वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 5 अगस्त से 7 अगस्त तक शिक्षा निदेशक के आदेशानुसार कराई जाएगी। बैठक में खंड स्तरीय खेलों के लिए पांच जोन बनाए गए हैं। सदर खंड की छात्र वर्ग की खेल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल, स्वारघाट खंड की सलोआ, घुमारवीं खंड-1 की डंगार, घुमारवीं खंड-2 की पनोह और झंडूता खंड की घंडीर स्कूल में होगी। छात्र वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 15 अगस्त से 18 अगस्त तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में होगी।

### बिलासपुर शहर के आसपास आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के साथ लगते एरिया में 21 जुलाई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल रविंद्र चौधरी ने बताया कि 21 जुलाई को बिजली की नई लाइन बिछाने हेतु व लाइनों की मरम्मत हेतु दनोह, धमना, गोपाल मंदिर, चंगर गांव, रौड़ा सेक्टर, बधियात, अप्पर खेरियां, अप्पर निहाल, लोअर निहाल, औद्योगिक क्षेत्र, बामटा, बेहल कंडेला, गांव सुंगल तथा उसके साथ लगते स्थानों पर सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति वाधित रहेगी। उन्होने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

### अजीत कुमार जोशी जिला अध्यक्ष मनोनीत

**गोपाल कपिल, झंडूता।** सदर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता



अजीत कुमार जोशी को अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कुमार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जिला बिलासपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस पर अजीत कुमार जोशी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेशाध्यक्षा प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह विशेन, प्रदेश प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड ओम भाटिया कोर्डिनेटर नार्थ वेस्ट इंडिया श्याम सुंदर शर्मा हिमाचल प्रदेश के तमाम मंत्रियों विधायकों पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों व पदाधिकारियों का आभार जताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड के जिला बिलासपुर के नवनियुक्त अजीत कुमार जोशी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने मुझे जो दायित्व सौंपा है मैं उसे पूरी लगन और मेहनत के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने में दिन-रात एक कर दूंगा। (अनंत ज्ञान)

### ड्रिल प्रतियोगिता में धर्मशाला कॉलेज के कैडेट्स प्रथम

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में चल रहे



5 हिप्र कॉय एन सीसी धर्मशाला एलए की प्रथम वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन कई विशेष गतिविधियों से भरा रहा। छठे दिन की शुरुआत सुबह कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी की उपस्थिति में ड्रिल प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर और भरपूर जोश के साथ भाग लिया और इस ड्रिल प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के कैडेट्स में प्रथम स्थान हासिल किया। रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप ने कैडेट्स को एक प्रेरणात्मक भाषण दिया और उन्होंने कैडेट्स को खुश रहकर और हंसते हुए जीवन को व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया तथा कैडेट्स को जीवन में छोटे-छोटे लक्ष्य के साथ आगे जाकर बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने इस भाषण में जीवन में पुरानी बातों को भूलाकर और वर्तमान में अच्छे काम करके आने वाले भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए सभी कैडेट्स को प्रेरित किया। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मुनीश मोदी ने प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप को मोमेंटो देकर उनका धन्यवाद किया और कैडेट्स को जीवन में इन महत्वपूर्ण बातों पर अमल करने के लिए कहा। इस प्रेरणात्मक भाषण के दौरान जेसीओ सूबेदार किरण कुमार, जेसीओ सूबेदार सुरेश कुमार, एएनओ लेफ्टिनेंट सुमित पठानिया और 5 हिप्र कॉय एनसीसी धर्मशाला यूनिट का सभी स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

#### स्पेशल वार्ड की बढ़ी डिमांड, अधिकारियों के लिए बनी गले की फांस

# आईजीएमसी में स्पेशल वार्ड के लिए तरस रहे मरीज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में इन दिनों स्पेशल वार्ड की काफी ज्यादा डिमांड बढ़ चुकी है। ऐसे में अब अधिकारियों को गले की फांस बन चुकी है। स्पेशल वार्ड के लिए अब ऊंची पहुंच लगाई जा रही है। आम आदमी को तो यहां पर स्पेशल वार्ड भूल ही जाना चाहिए।

यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों की भी यह चिंता बढ़ चुकी है कि स्पेशल वार्ड अगर खाली भी होता है तो किससे दें। अब स्थिति ऐसी बन चुकी है कि एक तरफ प्रशसन कमरों की कमी का दुखड़ा रोता है, दूसरी ओर तीमादार स्पेशल वार्ड ना मिलने का आरोप लगाते है। यहां पर स्पेशल वार्ड के लिए कई बार तीमारदार अधिकारियों के साथ उलझ जाते है। यहां पर अन्य वार्डों में भी बैड का अभाव है। काफी सारे मरीज ऐसे होते है, जिन्हें बैड भी उपलब्ध नहीं हो पाते है। ऐसे में मरीजों को भर्ती की वजाए घर की ओर भेज दिया जाता है। आईजीएमसी हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल तो नाम का ही रह गया है। अभी भी यहां पर काफी सारे मरीज है जो कि स्पेशल वार्ड लेना चाहते है और काफी दिनों से प्रशासनिक अधिकारी से स्पेशल वार्ड लेने के लिए गुहार लगा रहे है।



मरीजों ने कहा कि वो अलग से कमरा चाहते हैं, पर उपलब्ध नहीं होने के कारण मजबूरी में अन्य एक वार्ड के अंदर रहना पड़ रहा है। यहां तक मरीज ने यह भी आरोप लगाए है कि सिफारिश के चलते स्पेशल वार्ड मिलता है। आईजीएमसी में प्रदेश भर से सैकड़ों मरीज अपना उपचार करवाने आते है। ऐसे में यहां पर अतिरिक्त स्पेशल वार्ड की काफी आवश्यकता है। आईजीएमसी प्रशासन ने पहले न्यू ओपीडी में स्पेशल वार्ड बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब उसमे भी नहीं बनाए जा रहे है। (अनंत ज्ञान)

### जयराम को पार्टी को गुमराह करने के लिए माफी मांगनी चाहिए : रायजादा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि भाजपा की ऊना में हुई कार्यसमिति की मंथन बैठक में जयराम ठाकुर से यह क्यों नहीं पूछा गया कि उपचुनावों में बार-बार वह भाजपा की सरकार बनने के बड़े-बड़े बयान देते रहे और जनसभाओं में बड़े-बड़े भाषणों में दावे करते रहे, कहां है अब उनकी सरकार ?

जयराम को इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देकर प्रदेश की जनता के साथ-साथ अपनी पार्टी को गुमराह करने के लिए इस मंथन बैठक में सार्वजनिक तौर पर सबसे माफी मांगनी चाहिए थी। मंथन बैठक में अपनी हार पर खुलेआम चर्चा करने पर रोक लगाकर भाजपा नेता विरोध के स्वरों को नहीं दबा पाएंगे और न ही भाजपा के वरिष्ठतम नेता रमेश ध्वाला को बैठकों से दूर रखकर विरोध की ज्वाला को शांत कर पाएंगे।

#### विश्वविद्यालय में सत्रारंभ कार्यक्रम संपन्न

# सोशल मीडिया का ध्यानपूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए : कमलजीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कार्यक्रम के दौरान छात्र व अन्य।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधिक अध्ययन संस्थान शिमला में नवागंतुक छात्रों के लिए 15 से 20 जुलाई तक आयोजित किया गया सत्रारंभ कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। सत्रारंभ कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिष्ठाता अध्ययन प्रो. बीके शिवराम ने बताया कि छात्र शिक्षा व्यवस्था का आधार एवं केंद्र होते हैं और सत्रारंभ जैसे कार्यकम से लाभान्वित होते है।

सत्रारंभ कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस के मुख्यातिथि रहे मधुसूदन राष्ट्रीय विधिक विश्वविद्याल कटक, उड़िसा के कुलपति प्रो. कमलजीत सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर मेहनत करनी चाहिए। साथ ही प्रो. कमलजीत सिंह ने कहा कि हमें सोशल मीडिया का भी ध्यानपूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ममता मोकटा ने भी छात्रों के साथ लाइफ मैनेजमेंट एवं पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर बात की। संस्थान के निदेशक प्रो. शिवकुमार डोगरा ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाए दी।

# नेरवा कॉलेज में 391 छात्रों ने किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजकीय महाविद्यालय नेरवा में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि तक कुल 391 छात्रों ने विभिन्न संकायों में प्रवेश प्राप्त किया। कला स्नातक प्रथम वर्ष में 103, द्वितीय वर्ष में 98, तृतीय वर्ष में 122 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया।

वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष में 15, द्वितीय वर्ष में 10 तथा तृतीय वर्ष में 10 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया इसके अतिरिक्त विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष में 07, द्वितीय वर्ष में 10 तथा तृतीय वर्ष में 16 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया। नेरवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने कहा कि आगामी 23 जुलाई से महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं प्रारंभ होंगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश हेतु बनाई गई प्रवेश समिति ने छात्रों को सही मार्गदर्शन और समय पर प्रवेश प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उन्होंने कहा कि नेरवा महाविद्यालय में अध्यापन के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एनएसएस, रेड रिबन, इको क्लब, खेलकूद इत्यादि की समस्त सुविधाएं छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। विद्यार्थी अपने नियमित अध्ययन के साथ साथ इन सह- शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग ले सकते है।

नेरवा महाविद्यालय के अधीनस्थ कुपवी महाविद्यालय में कुल 29 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया। कला स्नातक प्रथम वर्ष में 07, द्वितीय वर्ष में 10 तथा तृतीय वर्ष में 12 छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि कुपवी महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय में प्राध्यापक की उपलब्धता होने के बावजूद भी एक भी छात्र ने वाणिज्य विषय में प्रवेश नहीं लिया है।

## हाटी विकास मंच संगठन ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जनजाति समाज के हित लिए कार्य करने वाली पंजीकृत संस्था हाटी विकास मंच के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा ने हाटी विकास मंच हिमाचल प्रदेश संगठन की राज्य कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। लाखों हाटी समुदाय के लोगों को जनजाति अधिकार दिलाने के लिए कार्य करने वाली संस्था जनजाति क्षेत्र में गांव-गांव तक अपना संगठन बनाएगी जनजाति समाज के लोगों की आवाज को सरकार के माध्यम से हल करवाया जाएगा हाटी विकास मंच की जनरल बॉडी ने निर्णय लिया की नए महासचिव संगठन मोहन शर्मा एवं महासचिव अत्तर सिंह तोमर डॉक्टर अनिल भारद्वाज होंगे, मुख्य कानूनी सलाहकार एडवोकेट श्याम सिंह चौहान, अधिवक्ता अनिल चौहान, अधिवक्ता रोहन तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप भारद्वाज, मुख्य प्रवक्ता विवेक तोमर, सह प्रवक्त बलदेव सिंह समयाल सचिव अक्षय शर्मा, प्रदेश हाटी विकास मंच के नए पदाधिकारी होंगे। जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य में केडी शर्मा, अर्जुन सिंह, पदम सिंह, कपिल ठाकुर, मामराज तिलकान, अरुण ठाकुर बनाए गए है।

हाटी विकास मंच के संस्थापक सदस्य एवम कोषाध्यक्ष बीएन भारद्वाज ने संगठन में नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कहा कि उन्हें उम्मीद है नए सदस्य हाटी विकास मंच संगठन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे शीघ्र ही प्रदेश मे जिला एवं मंडल स्तर पर यूनिटों का गठन किया जाएगा।

हाटी विकास मंच एक स्वतंत्र संगठन है, जिसका अपना संविधान है, राज्य सरकार से हाटी जनजाति हित का प्रदेश स्तर का पहला पंजीकृत संगठन है जो की लाखों हाटी समुदाय के लोगों के लिए जनजाति अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उच्च न्यायालय में लाखों हाटी समुदाय के लोगों को जनजाति अधिकार दिलाने के लिए हाटी विकास मंच भी पार्टी बना है।

#### भाजपा 'एक पेड़ मां के नाम' चलाएगी अभियान

# बिंदल ने किया आगामी कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ऊना में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि 26 जुलाई को भाजपा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में 68 विधानसभा क्षेत्रों में विजय दिवस मनाएगी और वीर सैनिकों को, बलिदानियों को, नमन करेगी।



भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक भाजपा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाएगी जिसमें हर पोलिंग बूथ पर 50 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार 7990 पोलिंग बूथों पर 4 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। 14 अगस्त 1947 को देश का विभाजन हुआ। लाखों लोग बेघर हुए, शरणार्थी बने, हजारों-हजारों लोगों का कत्लेआम हुआ, पाकिस्तान से लाशों की भरी हुई ट्रेन भारत पहुंची, उस दुखदायी दिन को देश की युवा पीढ़ी को बताया जाएगा।

वहीं 15 अगस्त 30 अगस्त तक ड्रग्स से मुक्ति जन जागरण अभियान का पहला चरण होगा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा 17, 18 व 19 अगस्त को रक्षा बंधन के पावन दिवस पर सामजिक समरसता दिवस मनाएगी। डॉ. बिंदल ने कहा कि कार्यसमिति ने वर्तमान प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली सरकार बताया, भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाली सरकार बताया ।

# घुमारवीं में आधी रात को जमकर चले लात-घूंसे, डंडे भी बरसाए

### मामूली बात को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदला, वीडियो वायरल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



शुक्रवार देर रात घुमारवीं के दगड़ी चौक पर गुंडागर्दी का नंगा नाच देखा गया। दो पक्षों में बीच सड़क पर जमकर लड़ाई हुई और लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। युवकों के बीच मामूली बात को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि लात-घूंसों के बाद लड़ाई डंडों पर आ गई। युवकों ने सड़क पर एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लात-घूंसे बरसाने के साथ डंडे भी चलाए गए। सड़क पर काफी देर तक खुलेआम मारपीट हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी करवाई शुरू कर दी है।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है। जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे घुमारवीं दकडी चैक के पास स्थानीय दुकानदार अपनी दुकान बंद करके स्कूटी पर अपने बेटे के साथ जा रहा था इसी दौरान चंडीगढ़ कि तरफ से आ रही एक गाड़ी में बैठे लोगों के साथ दुकानदार की किसी बात को लेकर इनमें आपस में विवाद हो गया। पहले गाली-गलौज हुई और फिर बात मारपीट तक पहुंच गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों के साथ ही डंडे से हमला किया। एक-दूसरे को दौड़ा दौड़ाकर पिटाई भी की। मारपीट की घटना से लोगो में अफरातफरी भी मची रही। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को पुलिस थाना घुमारवीं ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शरू कर दी है। उधर, इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस थाना घुमारवीं के थाना प्रभारी भाग सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पुहंची और दोनों पक्षो को पुलिस थाना घुमारवीं लाया गया और जिसके बाद दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**दोनों पक्षों पर मामला दर्ज**

**बिलासपुर** के एसपी विवेक चहल ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। नियमों की अवहेलना और गुड़गर्दी करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। घुमारवीं डीएसपी को इस संदर्भ में सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।

## आपदा प्रभावितों को मुआवजा देने में सरकार विफल : जम्बाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्बाल ने पिछले साल प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे और राहत को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक साल बीत जाने के बावजूद पात्र आपदा पीड़ितों को मुआवजे के नाम पर फूटी कौड़ी तक नहीं मिल पाई है। यहां तक कि नए सिरे से अपने आशियाने बनाने के लिए उन्हें जमीन तक नहीं दी गई है। इसके विपरीत मुआवजे के नाम पर चहेतों पर पैसा लुटाने में कोई कमी नहीं रखी गई। इस साल भी बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में पिछले साल बेघर हुए लोगों के पास सरकार को कोसने के सिवा और कोई चारा नहीं है।



त्रिलोक जम्बाल ने कहा कि पिछले साल प्राकृतिक आपदा की वजह से सदर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। इस विधानसभा क्षेत्र में 9 पक्के और 23 कच्चे मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गए थे। इसके अलावा 2 पक्के और 139 कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा था। कई लोगों के रसोईघर, शौचालय और मवेशीखाने भी ढह गए थे। कइयों की जमीनें पूरी तरह से तबाह हो गई थीं। सुक्खू सरकार ने ऐलान किया था कि जिन लोगों के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 7-7 लाख रुपये मुआवजा देने के साथ ही नए आशियाने बनाने के लिए 3-3 बिस्वा जमीन भी दी जाएगी।

त्रिलोक ने कहा कि आपदा के वास्तविक पीड़ितों की सरकार से मुआवजा और जमीन मिलने की आस एक साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। प्रशासन के पास कई लोग शिकायतें लेकर पहुंच चुके हैं कि पिछले साल आपदा में पूरी तरह से बेघर हो जाने के बावजूद उन्हें मुआवजे के नाम पर महज डेढ़-दो हजार रुपये मिले हैं। इसके विपरीत कांग्रेस नेताओं के उन चहेतों को पूरे पैसे दे दिए गए, जिनके घरों में थोड़ी-बहुत दरारें आई थीं और उनकी मरम्मत की जा सकती थी।

### सिविल जज की गाड़ी की 22 अगस्त को होगी नीलाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश-सह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की टाटा इंडिगो नंबर एचपी-24-0105 मॉडल 2010 की सार्वजनिक नीलामी 22 अगस्त को अपराह्न 3:30 बजे न्यायिक परिसर के परिसर में आयोजित की जाएगी। नीलामी गठित नीलामी समिति द्वारा आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाताओं को रुपये की राशि का भुगतान करना होगा। 22 अगस्त को अपराह्न 3:00 बजे से पहले बोली में भाग लेने से पहले बोली सुरक्षा के रूप में 2000 रुपये, नीलामी समाप्त होने पर असफल बोलीदाताओं को वापस कर दिए जाएंगे। सफल बोली लगाने वाले की बोली सुरक्षा को कुल बोली राशि के भुगतान में समायोजित किया जाएगा। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले की घोषणा तुरंत कर दी जाएगी और बोली समाप्त होने के तुरंत बाद उसे बोली मूल्य का 25 प्रतिशत समिति के समक्ष जमा करना होगा। उच्चतम बोली लगाने वाले को कुल बोली राशि जमा करने के बाद वाहन को हटाना होगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने घुमारवीं रेस्ट हाउस परिसर में किया पौधरोपण

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वें स्थापना दिवस पर घुमारवीं शाखा द्वारा विश्राम गृह घुमारवीं परिसर में पौधरोपण किया गया। शाखा प्रबंधक केवल नेगी ने खाताधारकों को बेहतर बैंकिग सुविधाएं देने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी वचनबद्धता दोहराई। उन्होंने पौधरोपण के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख धन और माया है किन्तु आज हम शारीरिक रूप से सुखी नहीं रह गए हैं इसका सबसे बड़ा कारण हमारा खराब पर्यावरण है। पर्यावरण को बचाने हेतु इस साल, हमारा मुख्य ध्यान पौधरोपण की ओर है। पौधरोपण एक ऐसा उपाय है जिससे हम अपने पर्यावरण को स्वस्थ और संतुलित रख सकते हैं। पौधरोपण से न केवल हम वातावरणिक प्रदूषण को कम कर सकते हैं, बल्कि हम वन्यजीवों के लिए आवास स्थल भी उपलब्ध करा सकते हैं। हम अपने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखें और उसके संरक्षण में योगदान करें। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि हमें सभी को हर वर्ष कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएं। शाखा प्रबंधक केवल सिंह नेगी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में जितना जल्दी कदम उठाया जाएए उतना बेहतर है। उन्होंने कहा कि मानसून का समय पौधरोपण के लिए सबसे उत्तम समय है। उन्होंने बताया कि फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए हैं। इस दौरान जसबीर, अंकित, अश्वनी, आंचल, रजत, राम प्रकाश, जितेंद्र, मोहित आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



**आदेश** अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में जारी किए निर्देश

# नियमित रूप से जांचें पानी की शुद्धता

**शुभम राही, बिलासपुर**



जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करतीं एडीसी डॉ. निधि पटेल

जिला मुख्यालय के बचत भवन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने की। बैठक में बरसात के दौरान जल जनित रोगों के नियंत्रण के लिए विभागों द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल जनित बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए पानी शुद्धता की जांच नियमित रूप से किया जाए और पानी टंकियों की साफ-सफाई के साथ क्लोरिनाइजेशन भी किया जाए। कहा कि वर्षा काल में डायरिया, पीलिया, टाइफाइड जैसे बीमारियां दूषित जल से होती है। बैठक में जल शक्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, सभी उपमंडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिला में जलजनित रोगों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में वर्ष 2024 के दौरान अब तक डेंगू स्क्रब टायफस और मलेरिया के कोई भी मामले सामने नहीं आए हैं जबकि वर्ष 2023 के दौरान डेंगू के 83 और स्क्रब टायफस के 217 मामले देखने को मिले थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के डाटा को देखते हुए जिला बिलासपुर में भी जलजनित रोगों को रोकने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की आवश्यकता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बरसात के दौरान डायरिया फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को बरसात के दौरान ओआरएस और जिंक के टैबलेट्स आशा वर्कर्स के माध्यम से 5 वर्ष के आयु से कम बच्चों के घरों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान डायरिया के रोकथाम सफाई और ओआरएस से अपना ध्यान रखो स्लोगन के माध्यम से लोगों को डायरिया के प्रति सचेत करने के लिए प्रदेश सहित पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**घर के आसपास साफ-सफाई रखें**

**एडीसी** ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि बरसात के दौरान ठहरे हुए पानी में मच्छरों के पैदा होने से डेंगू के फैलने की संभावनाएं बनी रहती है, इसीलिए जिलावासी अपने आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखें अपने घरों के आसपास नालियों में मच्छरों को पनपने न दें, ताकि डेंगू के फैलने की संभावनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार ने जल जनित रोगों को रोकने के लिए किए जा रहे हैं विभिन्न प्रयासों के बारे में कमेटी को अवगत करवाया।

## न्यूज ब्रीफ

### काजा में फंसे 18 पर्यटक किए रेस्क्यू



**कमलेश वर्मा, काजा।** लाहौल-स्पीति जिला के काजा प्रशासन ने पिन पार्वती ट्रैकिंग रूट पर मुद्ध के समीप शुक्रवार शाम से फंसे 18 पर्यटकों को रेस्क्यू किया है। अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन ने बताया कि पार्वती ट्रैकिंग रूट पर जो पर्यटक मुद्ध के समीप कल शाम से फंसे थे, प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए रेस्क्यू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, आईटीबीपी और मेडिकल टीम काजा से आज सुबह 5 बजे रवाना किया गया और 9:30 बजे मुद्ध पहुंचे। रेस्क्यू टीम ने बचाव अभियान के दौरान एक यूएसए नागरिक (रिक कोमारा) व दो भारतीय नागरिक (टीम लीडर शांतला श्रीनिवासन) समेत अन्य सभी फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### नाबालिग छात्रों से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहड़ू के एक सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले सात छात्रों के साथ हैवानियत का मामला उस समय सामने आया है जब एक व्यक्ति सात छात्रों के साथ काफी समय से गलत तरीके से छेड़छाड कर रहा था, जिसमें पांच छात्राएं और 2 छात्र शामिल है। इस शर्मनाक घटना का खुलासा चाइल्ड हेल्पलाइन में दर्ज हुई शिकायत के बाद हुआ है। पुलिस में चाइल्ड हेल्पलाइन शिमला 1098 ग्राऊंड फ्लोर एमसी पार्किंग क्रासिंग शिमला की लिखित शिकायत पर पंजीकृत किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन ने अग्रिम कार्यवाही के दौरान छात्रों की काउंसलिंग की, जिसमें छात्रों ने यह खुलासा किया है। वहीं पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत गांव के अंशुल भीमटा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कर दिया है। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### अर्की पुलिस ने पकड़ी ट्रक से भुक्की

**रघुवंशी, अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में आबकारी व मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। डीएसपी दाड़लाघाट ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्य आरक्षी प्रेम लाल जांच अधिकारी पुलिस स्टेशन अर्की से बातल, डुमैहर, जघाणा की तरफ नियमित गश्त पर रवाना था। इस दौरान मुख्य आरक्षी प्रेम लाल को डुमैहर में मुखबर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक नम्बर एचपी 93 ए3425 पिपलुघाट, पावघाटी से डुमैहर की तरफ आ रहा है, उसमें भारी मात्रा में चुरा पोस्त (भुक्की) है। लादी चौक की तरफ से एक ट्रक नम्बर एचपी 93 ए3425 आता दिखा जिसे मुख्य आरक्षी प्रेम लाल ने रुकवाया तथा पूछताछ के दौरान ट्रक की चालक ने नाम पता पुछने पर अपना नाम विकास कुमार पुत्र जगदीश चंद निवासी अर्की व साथ वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पंकज चौधरी पुत्र विरेन्द्र चौधरी निवासी अर्की बताया। तलाशी के दौरान ट्रक से भुक्की बरामद हुई। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**जैरथ, पांवटा साहिब।** सतौन मार्ग के सिरमौरी ताल के समीप दो बाईकों की आपस में जोरदार भिड़ंत से सड़क हादसा पेश आया,जिसमें एक की मौत व एक अन्य घायल हुआ है।यह हादसा उसे समय पर पेश आया जब धर्म सिंह (46) पुत्र बिजाराम गांव अंबोली पोस्ट ऑफिस कमरऊ सतौन से पावंटा साहिब की और आ रहे थे कि सामने से एक अन्य बाइक जिससे निकेश (29) पुत्र मदन सिंह चला रहे थे। उनके पिता मदन सिंह (63) चौकी मतवाल पोस्ट ऑफिस कांटी मशवा पांवटा साहिब से सतौन की तरफ आ रहे थे तो अचानक दोनों बाईकों में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसके चलते धर्म सिंह उम्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसे में घायल निकेश और उनके पिता मदन सिंह को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। उधर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

# राज्य चयन आयोग के बाहर जेओए अभ्यर्थियों ने गाड़ा तंबू

## कहा-रिजल्ट निकलने तक धरना-प्रदर्शन रखेंगे जारी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राज्य चयन आयोग में रिजल्ट में देरी को लेकर नाराज और आश्वासन से तंग हो चुके जेओए पोस्ट कोड-817 के अभ्यर्थियों ने बीती रात से आयोग के दफ्तर के बाहर तंबू गाड़ लिया है। उन्होंने फैसला लिया है कि जब तक रिजल्ट घोषित नहीं किया जाता, वे दिनभर कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। उनकी नाराजगी है कि पिछले काफी समय से रिजल्ट को लेकर बेवजह देरी की जा रही है।

बार-बार यही कहा जा रहा है कि दो-चार दिनों में रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा, लेकिन लगातार इसमें देरी जारी है। वे अब यहां से रिजल्ट घोषित करवाए बगैर लौटने वाले नहीं हैं। बीते रोज से ही प्रदेश भर से जुटे युवा यहीं पर डेरा डाले हुए हैं। काबिले गौर है कि शुक्रवार को विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी चयन आयोग पहुंचे थे। पिछले कई सालों से यह अभ्यर्थी पहले न्यायालय में और बाद में कई और कारणों से नौकरी की इंतजार में परेशान हैं। इसीलिए अभी नहीं तो कभी नहीं की स्थिति, इन्होंने अख्तियार कर ली है। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर में रिजल्ट जारी करने के लिए राज्य चयन आयोग के बाहर प्रदर्शन करते जेओए अभ्यर्थी।

### अब फाइनल रिजल्ट होना है घोषित

**आयोग** द्वारा पोस्ट कोड-817 का फाइनल परिणाम घोषित होना है। आयोग की तरफ से परिणाम घोषित करने की तिथि 17 जुलाई, 2024 बताई गई थी। इसमें 1867 लोगों को सरकारी नौकरी मिलनी है। इनमें सात मामलों को छोड़कर बाकी 1860 पर रिजल्ट घोषित होना है। सात का परिणाम विजिलेंस जांच या अन्य कानूनी दांव पेच की आउटकम के लिए पेंडिंग रहेगा।

### एक सप्ताह लगेगा रिजल्ट घोषित करने में : मुख्य प्रशासक

आयोग के मुख्य प्रशासक डॉ. आरके पूर्थी का कहना है कि एक सप्ताह मुकम्मल तौर पर रिजल्ट घोषित करने के लिए लगेगा, क्योंकि हर एक की एंट्री होनी है। उसके द्वारा दिए गए ऑप्शन पर काम होना है या कम इतना आसान नहीं है, जितना अभ्यर्थी समझ रहे। इसीलिए एक सप्ताह चाहिए।

### जुलाई 2020 में विज्ञप्ति हुआ था

**परीक्षा** के लिए जुलाई 2020 में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 21 मार्च 2021 को लिखित परीक्षा हुई थी, जिसमें 2 लाख के करीब अभ्यर्थी बैठे थे। रिजल्ट घोषित हुआ, तो 19,000 अभ्यर्थियों को टाइपिंग टेस्ट के लिए बुलाया गया। अब फाइनल रिजल्ट जिसमें अलग-अलग विभागों में नौकरी मिलनी है, उसके लिए तकरीबन 5,000 युवा लंबा इंतजार कर रहे हैं।

## शिष्टाचार भेंट



सुजानपुर। सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने देहरा से नव निर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर को उपचुनाव में जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## हत्थे चढ़ा दस गाड़ियों के ईसीएम चोरी करने वाला

**पुष्पराज, मंडी**



बीते 28 जनवरी को औट, मंडी, धनोटू और सुंदरनगर में गाड़ियों के ईसीएम चोरी करने वाला आरोपी लगभग 6 महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली में ढूंढ निकाला है और पकड़कर मंडी लाया गया है।

आरोपी अभिषेक गुप्ता (40 साल) दिल्ली में रह रहा है। 28 जनवरी की रात को आरोपी मनाली से वापस दिल्ली जा रहा था, जिसके साथ एक और नेपाली लड़का भी मौजूद था। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि उस रात दोनों आरोपियों ने मंडी में भ्यूली चौक के पास दो आई20, दो वरना, धनोटू में एक आई20, सुंदरनगर में तीन आई20 तथा औट में एक आई 20 व एक वरना कुल 10 गाड़ियों के ईसीएम चोरी किए। अगले दिन इस मामले में सभी थानों में चोरी के मुकदमे दर्ज हुए। फोरलेन पर स्थापित आईटीएमएसएस से इनके द्वारा प्रयोग किए गए वाहन का नंबर व रूट और भ्यूली में चोरी करते हुए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हुई थी, लेकिन शातिरों का पता नहीं चल पाया। पिछले हफ्ते सुराग मिलने पर मंडी पुलिस थाना से एएसआई विनोद कुमार की अगुवाई में एक टीम दिल्ली भेजी गई जो कि उपरोक्त मुख्य आरोपी को पकड़ने में सफल हुई। (अनंत ज्ञान)

## लंबित परीक्षा के परिणाम घोषित करने पर सुक्खू सरकार खामोश क्यों : जयराम

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार हर दिन बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जब युवाओं को नौकरी देने की बात आती है तो खामोश हो जाती है। डेढ़ साल से ज्यादा समय होने के बाद भी सरकार ने पहले से लंबित पड़े परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए। युवाओं को नौकरी देने के मामले में सरकार ,ामोश हो जाती हैं, जबकि चहेतों को एडजस्ट करने में पूरी तत्परता से काम करती है।

सरकार युवाओं को नौकरी देने में भी वही तत्परता दिखाए जो अपने चहेतों को एडजस्ट करने में दिखाती है। सरकार की इसी सुस्ती और नौकरी न देने की नीयत से त्रस्त युवा आज सड़कों पर हैं।

सरकार डेढ़ साल से एक हफ्ते, दो हफ्ते, चार हफ्ते का समय मांग कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अब सरकार के पास और समय मांगने और पूरे मामले को लटकाने का कोई कारण नहीं रह गया है। इसलिए सरकार बिना देरी किए लंबित प्रतियोगी परीक्षाओं के अंतिम रिजल्ट जारी करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब चहेतों को एडजस्ट करना होता है तो एक दिन में दो-दो बार भी कैबिनेट की बैठक हो जाती है। (अनंत ज्ञान)

### वेटनरी फार्मासिस्ट्स की नियुक्ति की नॉटिफिकेशन क्यों की रद्द

नेता प्रतिपक्ष ने वेटनरी फार्मासिस्ट्स के नियुक्ति रद्द करने के लिए जारी अधिसूचना पर सवाल उठाते हुए कहा कि साल भर के इंतजार के बाद जारी नियुक्ति पत्र क्यों वापस लिया गया। इतना समय लेने के बाद भी क्या त्रुटि रह गई थी कि 24 घंटे के भीतर नियुक्ति का आदेश रद्द करने के लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ी।

## 6 हजार अनाथ बच्चों को कानूनी अधिकार देने वाला हिमाचल पहला राज्य

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

6 हजार अनाथ बच्चों को कानूनी अधिकार देने वाला हिमाचल पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसहारा बच्चों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की जिम्मेदारी उठाई है।

सरकार की ओर से इन बच्चों के शैक्षणिक व्यय के साथ-साथ जेब खर्च के रूप में 4,000 रुपए प्रति माह प्रदान किए जा रहे हैं। सरकार की ओर से इन बच्चों के शैक्षणिक व्यय के साथ-साथ जेब खर्च के रूप में 4,000 रुपए प्रति माह प्रदान किए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त भूमिहीन बेसहारा बच्चों को घर बनाने के लिए तीन बिस्वा भूमि, गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, स्टार्टअप परियोजनाओं के लिए 2 लाख रुपये तथा विवाह के खर्च के लिए 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। (अनंत ज्ञान)

## साईं टैक की काट दी बिजली, सिंबायोसिस पर 45 लाख का जुर्माना

# कालाअंब में सिंबायोसिस और साईं टैक फैक्टरी पर प्रदूषण विभाग की कार्रवाई

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रदूषण नियंत्रण के मानकों पर घोर अनियमितताओं के चलते कालाअंब में प्रदूषण विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिलोकपुर रोड स्थित साईं टैक दवा फैक्टरी का बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है, तो वहीं सुकेती रोड स्थित सिंबायोसिस दवा फैक्टरी पर 45 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

यहां यह भी बताना जरूरी है कि इन दोनों फैक्टरियों का एक ही मालिक है तथा दोनों फैक्ट्रियां कालाअंब में लगी हुई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिला सिरमौर के द्वारा सबसे पहले साईं टैक दवा फैक्टरी के ट्रीटमेंट प्लांट से कुछ सैंपल उठाए गए थे। जांच में पता चला कि इस फैक्टरी से उठाए गए पानी के तीन सैंपल फेल हो गए हैं।

प्रदूषण विभाग के द्वारा फैक्टरी को समय देकर नोटिस भी जारी किया गया। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद प्रदूषण विभाग के द्वारा विद्युत बिजली बोर्ड जिला सिरमौर को बिजली के कनेक्शन काटे जाने के लिए आदेश दिए।

बिजली बोर्ड कालाअंब के द्वारा विभाग से मिली सूचना के आधार पर साईं टैक दवा उद्योग का बिजली का कनेक्शन काट दिया गया। वहीं दूसरी ओर सुकेती रोड पर स्थित सिंबायोसिस दवा फैक्टरी के ट्रीटमेंट प्लांट से उठाए गए सैंपल और साथ में पवित्र नदी मारकंडे में दिए जा रहे डिस्चार्ज और फेंकी गई एक्सपायरी दवाओं के करीब 6 सैंपल उठाए गए।

लैब से आई रिपोर्ट के बाद इस फैक्ट्री के सभी 6 सैंपल भी फेल हो गए। प्रदूषण विभाग के द्वारा विभागीय कार्यवाही के तहत पहले नोटिस भी दिया गया था जिसका जवाब नहीं दिया गया। लिहाजा पॉल्यूशन डिपार्मेंट के द्वारा विभागीय कार्रवाई अमल में लाते हुए फैक्ट्री पर 45 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## सैकड़ों नम आंखों ने अंकुश को दी अंतिम विदाई





अंकुश की माता को ढांढस बंधाती हुई महिलाएं (दाएं) अंकुश की चिता जलती हुई।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

शनिवार को सैकड़ो नमन आंखों से अंकुश कुमार को अंतिम विदाई दी। शुक्रवार को अंकुश की चेक डैम में डूब जाने से मौत हो गई थी। शनिवार को उनके पैतृक श्मशान घाट में अंतिम सस्कार कर दिया।

उसके चचेरे भाइयों ने मुख अग्नि दी, जिस वक्त अंकुश की मृत देह को मुख अग्नि दी जा रही थी, माहौल बहुत ही गमगीन हो गया था, हर किसी की आंखों से आंसू टपक रहे थे। अंकुश तीन बहनों का अकेला ही भाई था। पोस्टमार्टम के बाद जब उनका पार्थिव शरीर उनके आंगन में पहुंचा उस वक्त जो कोई भी वहां मौजूद था, उनकी आंखों में आंसू टपक रहे थे।

अंकुश की माता बेहोश हो जा रही थी, बहनों का रो रो बहुत बुरा हाल था। इस दुखद घड़ी में स्थानीय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, कांग्रेस के नेता सुभाष चंद ढटवालिया वहां पहुंचकर शोक ग्रस्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। (अनंत ज्ञान)

## परियोजनाओं को युद्धस्तर पर पूरा करें अधिकारी : चंद्र कुमार

**अनिल छांगू, जवाली**

कृषि एवं पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने जवाली विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं क्षेत्र की लम्बित मांगों के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की सभी लक्षित परियोजनाओं के कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए ।

चंद्र कुमार ने कहा कि जिन परियोजनाओं पर कार्य अंतिम चरण में हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर ठेकेदारों के कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ हैं या जिनके कार्यों की गुणवत्ता तय मानकों के तहत नहीं पाई जा रही है उनका टेंडर रद्द कर 15 दिनों के भीतर दूसरे ठेकेदार को टेंडर अवार्ड किए जाएं।

इस वित्त वर्ष एस.सी.एस.पी स्कीम के अंतर्गत एक करोड़ 23 लाख, ओ.टी.एन.पी के अंतर्गत 3 करोड़,नाबार्ड के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़ तथा सड़क नवीनीकरण पर 3 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पांवटा साहिब में बादल फटने से एक की मौत

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



प्रदेश में अभी भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। वहीं मौसम विभाग शिमला ने प्रदेश में पांच दिनों तक भारी बारिश का येलो-ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीती रात राज्य के कई भागों में बारिश दर्ज की गई। चंडीगढ़ में भी आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। नाहन में 60.4, बिलासपुर 8.4, कसौली 3.0, पांवटा साहिब 1.4 व सलापड़ में 1.1 मिलीमीटर बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों में 26 जुलाई तक बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। राजधानी शिमला में सुबह से हल्की धूप खिलने के साथ धुंध छाई हुई है। वहीं शिमला में न्यूनतम तापमान 17.8, सुंदरनगर 24.0, भुंतर 23.2, कल्पा 15.1, धर्मशाला 21.0, ऊना 23.6, नाहन 23.1, केलांग 14.4, पालमपुर 19.5, सोलन 20.6, मनाली 20.0, कांगड़ा 23.7, मंडी 25.5, बिलासपुर 26.0, हमीरपुर 27.4, चंबा 23.4, डलहौजी 15.4, कुफरी 15.6, कुकुमसेरी 12.1, नारकंडा 13.7, रिकांगपिओ 20.1, धौलाकुआं 26.7, बरठीं 26.1, समदो 18.2, कसौली 15.1, पांवटा साहिब 26.0 में 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही पांवटा साहिब में बादल फटने से चपेट में आए एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमान सिंह के रूप में हुई है। घटना गिरिपार क्षेत्र के डांडा आंज पंचायत के रेतुआ गांव की है। (अनंत ज्ञान)

# विजिलेंस ने धर्मपुर में घर की रेलिंग में लगाई सरकारी पेजजल पाइपें पकड़ी

**रितेश, सरकाघाट**

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (विजिलेंस) मंडी की टीम ने धर्मपुर के कलस्वाई में एक घर में रेलिंग में लगाई हुई सरकारी पेयजल पाइपें पकड़ी हैं। इसे सरकारी संपत्ति की चोरी मानते हुए विजिलेंस टीम ने केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

विभागीय जांच पड़ताल में अलग-अलग तरह की कुल 40 मीटर से अधिक पाइपें पकड़ी गई हैं। जानकारी के अनुसार विजिलेंस टीम मंडी को गुप्त सूचना मिली थी कि धर्मपुर के कलस्वाई में एक व्यक्ति ने अपने घर में सरकारी पेयजल पाइपें लगाई हैं। इस पर विजिलेंस टीम ने छानबीन की और वारंट लेकर शुक्रवार को घर में रेड की। इस दौरान सरकारी सप्लाई की पेयजल पाइपें मिली।

टीम ने आधा, एक व डेढ़ इंच की करीब 40 मीटर पाइपों को अपने कब्जे में लिया। इन्हें रेलिंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। फिलहाल विजिलेंस ने इन पाइपों को सरकारी रिकॉर्ड से चोरी होना माना है, लेकिन विजिलेंस टीम विभागीय संलिप्तता को भी खंगाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि यह पाइपें चुराई गई थी या फिर विभागीय संलिप्तता से आरोपी तक पहुंची थी।

इन सभी को लेकर विजिलेंस जांच को आगे बढ़ाई जाएगी। उधर, मामला उजागर होने पर इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। विजिलेंस कार्रवाई की लोग सराहना भी कर रहे हैं। वहीं, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मंडी के डीएसपी प्रियंक गुप्ता ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई अमल पर लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)



जांच करते राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी।

**सेब सीजन** | मंडी में फसल के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरों पर रौनक

# 3,000 रुपए तक बिक रहा सेब का एक बॉक्स

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सेब सीजन अब जोरों पर चल रहा है। इन दिनों शिमला के ढली स्थित फल मंडी में जिला शिमला के करसोग और ऊपरी शिमला ठियोग, मतियाना, चौपाल इत्यादि क्षेत्रों से टाइडमेन सेब, सपर, गाला, जेड-1 व रॉयल सहित अर्ली किस्म का सेब पहुंचा है।

अब एक बॉक्स 3000 रुपए तक बिक रहा है। मंडी में फसल के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। हालांकि महारष्ट्र सहित देश के कई हिस्सों में बारिश ने मचाई तबाई का असर भी सेब को छोड़कर, अन्य फलो के दामों पर देखने को मिल रहा है।

सेब सीजन अभी अपने शुरआती दौर में है, लेकिन जिन फसलों का सीजन अपने अंतिम दौर में उनके दामों में गिरावट आ गई है। फल मंडी ढली के आढ़ती ज्ञान चंद ने बताया कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों से तीन चार किस्मों वाले सेब टाइडमेन, सपर गाला, जेड 1 और रॉयल इत्यादि वैरायटी के सेब मंडी में पहुंच रहे है। मंडी में बागवानों को उनकी फसल की गुणवता के अनुसार दाम मिल रहे है। टाइड मेन किस्म का सेब 1000 से 1500 तक, रॉयल किस्म का 1500 से 2500 तक और अरली किस्म का बॉक्स 3000 रु तक बिका। उन्होंने बताया कि सेब सीजन अभी अपने शुरूआती दौर में है, लेकिन जिन फसलों का सीजन पहले से शुरू हो चूका है, जिसमें मुख्य रूप से नाशपाती शामिल है। उनके दामों में महाराष्ट्र सहित देश के अन्य हिस्सों में हो रही भारी बारिश का असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों में नाशपाती के दामों में 500 से 1000 रु तक गिरावट आई है।



### सावधान! सेब सीजन पर यातायात में इस तरह बरतें सावधानी

**जैसा** कि आप जानते हैं कि हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में सेब का सीजन शुरू हो रहा है। इस दौरान सेब की ढुलाई में मुख्य रूप से ट्रक, ट्रेलर एवं जीप जैसे भारी वाहन शामिल होते हैं। राज्य के बाहर से भी कई वाहन ढुलाई के लिए आते हैं। इस संदर्भ में सभी भारी वाहन एवं पर्यटक वाहन चालकों को हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में वाहन चलाते समय निम्नलिखित एहतियाती उपाय करने की सलाह दी है। सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, तथा सभी के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आपका सहयोग आवश्यक है।

यात्रा पर निकलने से पहले सुनिश्चित करें कि आपका वाहन अच्छी स्थिति में है। ब्रेक, टायर, लाइट और इंजन के प्रदर्शन की नियमित जांच करें। खड़ी और घुमावदार सड़कों पर यांत्रिक विफलताओं से बचने के लिए यात्रा से पहले निरीक्षण करें। मौसम के पूर्वानुमान की निगरानी करें और भारी वर्षा, कोहरे या बर्फबारी के दौरान गाड़ी चलाने से बचें। अचानक मौसम में बदलाव के लिए तैयार रहें और अपनी ड्राइविंग को उसी के अनुसार समायोजित करें।

पोस्ट की गई गति सीमा का पालन करें और तीखे मोड़ और खड़ी ढलानों पर गति कम करें। अचानक रुकने के लिए आगे वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। कोहरे या कम दृश्यता की स्थिति में लो-बीम हेडलाइट का उपयोग करें। सुनिश्चित करें कि सभी लाइट ठीक से काम कर रही हैं और साफ हैं। अपने वाहन को ओवरलोड न करें। सुनिश्चित करें कि भार समान रूप से वितरित हो और सुरक्षित रूप से बंधा हो। भार को स्थानांतरित करने से सावधान रहें, जो वाहन की स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंची मोड़ पर पलटी पिकअप, चालक घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के सेल्फी पॉइंट कैंची मोड़ पर फर्नीचर से लदी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। पिकअप के सड़क किनारे पलट जाने से वाहन तथा लदे फर्नीचर को नुकसान पहुंचा, जबकि चालक को मामूली चोटें हादसे में आई हैं । जानकारी के अनुसार धर्मशाला-पालमपुर सड़क मार्ग पर शनिवार सुबह करीब पांच बजे कैंची मोड़ पर एक हरियाणा नंबर की पिकअप सड़क पर पलट गई। फर्नीचर का सामान लेकर ये गाड़ी धर्मशाला की तरफ से पालमपुर की ओर जा रही थी। संभावना जताई जा रही है कि उतराई होने के कारण सामान से भरे वाहन से चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते यह सड़क किनारे ही पलट गई। वाहन के गलत दिशा में हादसे का शिकार होने से ये अंदेशा जताया जा रहा है कि वाहन अनियंत्रित होने से यह हादसा हुआ है। उधर, इस हादसे को लेकर पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

### सैकड़ों राहगीरों की भूख मिटाता है शनि सेवा सदन



**गौरव कौंडल, पालमपुर।** शनि सेवा सदन पालमपुर द्वारा प्रत्येक शनिवार लंगर का आयोजन किया जाता है। इस दिन पालमपुर में आने-जाने वाले सैकड़ों राहगीरों द्वारा स्वादिष्ट लंगर का आनंद लिया जाता है। शनि सेवा सदन के सदस्य एवं समाजसेवी पुष्पेंद्र भाटिया ने बताया कि पालमपुर में हर शनिवार लंगर का आयोजन किया जाता है लगभग दो से अढ़ाई क्विंटल चावल व अन्य खाद्य सामग्री की खपत हर हफ्ते हर शनिवार होती है। पालमपुर के कुछ दानी सज्जनों के सहयोग द्वारा यह संभव हो पाया है। समाजसेवी पुष्पेंद्र भाटिया का कहना है कि शनि सेवा सदन द्वारा डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को वृद्धा पेंशन 500 से 1500 रुपए तक मोहिया करवाई जाती है। इसके अलावा शनि सेवा सदन द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए हर महीने 300 परिवारों को राशन का प्रबंध किया जाता है। अभी तक कई गरीब लड़कियों की शादियां शनि सेवा सदन द्वारा करवाई गई हैं। समाजसेवी पुष्पेंद्र भाटिया ने बताया कि यदि कोई गरीब माता-पिता अपनी बेटी की शादी करवाने में असमर्थ हैं तो वे शनि सेवा सदन में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। (अनंत ज्ञान)

### भोले के जयकारों से गूंजा नाग मंदिर करियाड़ा



**शुभम शर्मा, देहरा।** गांव करियाड़ के सुप्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक नाग मंदिर में सावन महीना शुरू होते ही 60 दिवसीय मेलों का आगाज हो चुका है। महीने के पहले शनिवार को यहां हिमाचल के कोने कोने से नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं की काफी रौनक देखी गई। सुबह करीब पांच बजे से ही यहां विराजमान प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन करके दुध-लस्सी का जलाभिषेक किया और भक्तो ने 'बम-बम भोले के जयकारे लगाए। जयकारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से नाग पिंडी सिद्ध बाबा सिंडू मां बैष्णु गुफ्फा आदि अन्य देवी-देवताओं के आगे नमस्तक होकर दर्शन किए व मन्नतें मागीं। (अनंत ज्ञान)

# पुल सुविधा न होने के कारण काला पानी जैसा जीवन जी रहे बलहवासी

## बरसात के मौसम में बढ़ जाता है हरोटी खड्ड का जलस्तर, लोगों के लिए खड्ड पार करना बन जाता है चुनौती

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**



हरोटी खड्ड पर पुल न होने के कारण जान जोखिम में डालकर खड्ड को पार करते बलह गांव के लोग।

जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोसरी के वार्ड – तीन का बलह गांव हरोटी खड्ड के किनारे बसा है। पुल न होने के कारण इस गांव में रहने वाले लोगों को हर वर्ष बरसात के दिनों में जुलाई, अगस्त, सितंबर इन तीन महीनों के लिए काले पानी जैसा जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गांव में वर्तमान समय में पंद्रह घर हैं तथा पुल की सुविधा न होने के कारण कुछ गांववासी अपने घरों को छोड़कर बाहरी राज्यों का रुख कर चुके हैं।

लोगों को बरसात के दिनों में कोई हरोटी खड्ड को पार करना एक बड़ी चुनौती होती है। हर वर्ष बरसात के तीन महीनों में भारी वर्षा होती है तथा इस दौरान हरोटी खड्ड का जलस्तर बहुत बढ़ जाता है। बलह गांव के लोगों ने जयसिंहपुर हॉस्पिटल में इलाज करवाने जाना हो या फिर बच्चों ने स्कूल–कॉलेज पढ़ने जाना हो सभी को जान जोखिम में डाल करके हरोटी खड्ड को पार करके जयसिंहपुर पहुंचना पड़ता है।

लोगों ने डिपो से राशन लाना हो, या अपने घरों के लिए गैस सिलेंडर लाना हो, जब किसी गर्भवती महिला की डिलीवरी होनी हो, या कोई गांव का बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर बीमार हो गया हो, इन सभी को बरसात के दिनों में यहां के लोग अपने कंधों पर उठाकर हरोटी खड्ड के पार पहुंचाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुल का इंतजार करते आंखें भी धुंधली हो गई

84 वर्षीय बुजुर्ग प्रेम सिंह का कहना है कि उनकी तो आंखें भी पुल का इंतजार करते धुंधली हो गई हैं। परंतु आज दिन तक पुल नहीं बन पाया। सिर्फ आश्वासन ही मिले हर सरकार से। 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला निर्मला देवी का कहना है, बलह गांव कोई भी महिला बीमार होती है या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना होता है, तब बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में हरोटी खड्ड का जलस्तर अधिक होने के कारण, अस्पताल तक महिलाओं को जान में जोखिम डाल करके अस्पताल तक पहुंचाया जाता है, बलह गांव निवासी सुदेश देवी, स्वर्णा देवी, प्रेम सिंह वर्षीय, केसरी देवी, भूपेंदर सिंह, कांता देवी, सुदेश देव, निर्मला देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, सुरेश कुमार, अमी चंद का कहना है, हमारे गांव के लिए आज दिन तक एक पुल नहीं बनने की समस्या को लेकर के कई बार जयसिंहपुर के पूर्व विधायक व वर्तमान विधायक से पुल न होने की समस्या को लेकर बात कर चुके हैं।

**ग्रामीण बोले, जल्द पुल बना दे सरकार**

**बलह** गांव के लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द बलह गांव के लिए हरोटी खड्ड के ऊपर पुल का निर्माण किया जाए। जयसिंहपुर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अंकित समकरीया से बलह गांव के हरोटी खड़ के ऊपर पुल की समस्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस पुल का सर्वे हुआ है। इस पुल की स्पेन अधिक होने के कारण इसका निर्माण कार्य स्टेट हेड से नहीं हो सकता। इसका प्रपोजल बनाकर नाबार्ड स्कीम में भेजा जाए तभी इस पुल का निर्माण हो सकता है।

# जम्मू–कश्मीर में आतंकी हलचल के बीच अभ्यास में जुटी कांगड़ा पुलिस

## लोगों में आतंकी घुसपैठ की हो रही चर्चाएं; एएसपी बोले, डरने की नहीं जरूरत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में आतंकी हलचल के बढ़ने के बाद कांगड़ा जिला पुलिस भी ऐसी किसी घटना तथा आतंकियों की जिला में घुसपैठ को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गई है। वहीं इससे लोगों में आतंकियों के क्षेत्र में होने की चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। पुलिस प्रशासन ने ऐसी चर्चाओं को निराधार बताते हुए इस अभ्यास का हिस्सा बताया है।

बताते चलें कि पड़ोसी राज्य जम्मू–कश्मीर में हो रही आतंकी घटनाओं के चलते कांगड़ा जिला पुलिस भी ऐसी किसी घटना की सूरत में तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में इन दिनों मैक्लोडगंज के नड्डी क्षेत्र में पुलिस की गतिविधियां बढ़ी हुई नजर आ रही हैं। जंगलों में गश्त, कांबिंग ऑपरेशन से लेकर वाहनों की गहन चेकिंग तथा बाहरी लोगों से पूछताछ जैसे कार्यों को अभ्यास के तौर पर बटालियन के करीब 3 दर्जन जवानों समेत जिला पुलिस के कुल 50 पुलिस जवान अंजाम दे रहे हैं। अचानक बढ़ी पुलिस की गतिविधियों के चलते लोगों में कई तरह चर्चाओं के बीच पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि यह पुलिस की रूटीन ट्रेनिंग का हिस्सा है तथा आम लोगों को इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है।

बताते चलें कि पुलिस के इस अभियान से लोगों में क्षेत्र में आतंकियों के होने जैसी चर्चाएं होना भी शुरू हो गया है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि ये रूटीन अभ्यास का हिस्सा है। बताते चलें कि हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला जम्मू–कश्मीर की सीमा के साथ सटा हुआ है तथा चंबा जिला की सीमाएं कांगड़ा जिला के साथ लगती हैं। ऐसे में जंगलों के रास्ते आतंकियों के जिला में पहुंचने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इसके चलते कांगड़ा जिला पुलिस ने ऐसी संभावनाओं को देखते हुए अपना अभ्यास शुरू किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला पुलिस प्रवक्ता धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि जम्मू–कश्मीर में आतंकी हलचल बढ़ने के चलते सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के लिए यह अभ्यास किया जा रहा है तथा आम लोगों को इससे डरने की जरूरत नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करने पर नौ टिप्परों और एक ट्रैक्टर का काटा चालान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

माइनिंग विभाग पठानकोट द्वारा शनिवार को बिना माइनिंग कागजात के 9 टिप्परों तथा एक ट्रैक्टर चालक से करीब 19 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए माइनिंग ऑफिसर पठानकोट आकाश अग्रवाल ने बताया के सूचना मिलने पर हिमाचल प्रदेश से डमताल की तरफ से जो के रेट, बजरी लेकर टिप्पर आ रहे थे जब वह माइनिंग नाका कोंटरपुर पहुंचे, तब उनके पास खनन सामग्री के कागजात न होने के चलते 8 टिप्परों के चालकों पर दो–दो लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।

उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर से पठानकोट की तरफ बिना खनन कागजात के आ रहे एक टिप्पर चालक पर दो लाख तथा एक ट्रैक्टर चालक पर एक लाख रुपए जुर्माना किया गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में माइनिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है, परंतु फिर भी कुछ लोग इस अवैध माइनिंग के धंधे को करने से बाज नहीं आ रहे जिस पर उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# पंचरुखी में मिला पांच दिन से लापता व्यक्ति का शव

**अजय पाल, पंचरुखी**



झाड़ियों से शव निकालते पुलिसकर्मी।

पंचरुखी बाजार के साथ लगते छत्र रोड में झाड़ियों में एक शव बरामद हुआ है। शव की पहचान करतार चंद के रूप में हुई है। शनिवार को एक व्यक्ति छत्र रोड में झाड़ियों के पास पेशाव करने गया तो उसने वहां पर एक शव देखा तो वह घबरा गया। उसने तुरंत इसकी जानकारी पंचायत प्रधान अनिता कुमारी को दी। प्रधान ने पुलिस को मौके पर बुलाया तथा पुलिस ने तहकीकात करते हुए शव की तलाशी ली तो उसके बैग से मिले कारजातों से उसकी पहचान की गई। मृतक का शव गल–सड़ गया था तथा बदबू मार रहा था। पुलिस ने मृतक की सास व पत्नी को बुलाकर शव की पहचान करवाई।

जानकारी के अनुसार करतार चंद मौलीचक्क (चुधरेहड़) का निवासी था। शादी के बाद अपने ससुराल अंद्रेटा में ही रह रहा था। मृतक का एक बेटा है, जो दसवीं क्लास में पढ़ता है। मृतक की सास सोमा देवी ने बताया कि करतार चंद मजदूरी करता था। काम के सिलसिले में वह कई–कई दिन घर नहीं आता था। इस बार भी वह 15 जुलाई को घर से यह कहकर गया कि वह काम पर जा रहा है। हमने सोचा कि पहले की तरह वापस आ जाएगा, लेकिन आज उसका शव मिला है।

उधर, मृतक की पत्नी रेखा देवी ने बताया कि हम पांच दिन से उनको फोन कर रहे थे। दो दिन तो मोबाइल में घंटी बाजती रही, लेकिन उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया। उसके बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। थाना प्रभारी पंचरुखी नंद लाल ने कहा कि मृतक के घरवालों से शव की शिनाख्त करवा कर मृतक की पत्नी के बयान दर्ज कर लिए हैं। घरवालों ने मृत्यु पर किसी भी तरह का शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा अस्पताल भेज दिया है। करतार चंद की मृत्यु कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। (अनंत ज्ञान)

# निर्माणाधीन मटौर–शिमला फोरलेन पर दौलतपुर सुरंग के दोनों छोर मिले

## परियोजना निदेशक व आरओ शिमला ने रिब्बन काटकर टनल को किया ब्रेक थ्रू



रिब्बन काटते एनएचएआई के परियोजना के निदेशक विक्रम सिंह मीणा व आरओ शिमला अब्दुल वासित।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के दौलतपुर से तरसूह को जोड़ने वाली सुरंगों के दोनों छोर मिल गए हैं। एनएचएआई के परियोजना के निदेशक विक्रम सिंह मीणा व आरओ शिमला अब्दुल वासित ने शनिवार को रिब्बन काटकर टनल को ब्रेक थ्रू किया। कांगड़ा टविन ट्यूब टनल के भीतर विधिवत हवन यज्ञ कर इसके दूसरे छोर को खोला गया। रिबन काटने के बाद परियोजना निदेशक विक्रम सिंह मीणा ने कहा कि दिंसबर तक सुरंग से यातायात बहाल करने का लक्ष्य है।

**दिसंबर तक सुरंग से यातायात बहाल करने का लक्ष्य**

सुरंग से यातायात बहाल होने के बाद लोगों को तीखे मोड़ों में सफर करने से निजात मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विभाग की यह कोशिश रहेगी कि अगले छह महीनों में टनल को खोल दें। इस टनल में एनएटीएम की तकनीक का प्रयोग किया गया है। हिमाचल में करीब 68 सुरंगों का प्रोजेक्ट है। इनमें से ग्यारह का काम पूरा है। 27 का काम चला है, जबकि तीस की डीपीआर बन गई हैं। इसके अलावा मंडी के छह मील के पास भी टनल बना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 225 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सुरंग का निर्माण पूरा होते ही इसके भीतर सीसीटीवी, वेंटीलेशन जैसी सभी सुविधाएं मिलेंगी। इसके बाद वाहन चालकों को तीखे मोड़ वाले सफर से निजात मिल जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# गदियाड़ा हत्याकांड मामले में अभी नहीं मिला कोई सुराग

**राकेश डोगरा, डरोह**

सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत 19 अप्रैल को गदियाड़ा पंचायत में हुए महिला हत्याकांड के मामले में तीन महीनों बाद भी भवारना पुलिस के हाथ खाली हैं। उधर, महिला के हत्यारों का कोई सुराग न लगने पर अब जनता में भवारना पुलिस के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

**परिजनों में बढ़ता जा रहा रोष**

वहीं, मृतका कुसुम (50) के परिजनों पति, बेटे व अन्य रिश्तेदारों ने पालमपुर में एक पत्रकार वार्ता कर पुलिस जांच में ढील समेत उन पर मारपीट के आरोप भी लगाए थे। साथ ही यह भी आरोप लगाया था कि पुलिस अधीक्षक के सामने ही उनपर कबूल करने का दबाव बनाया गया था, जिसके बाद पुलिस ने हरकत में आकर पनापर जोल के एक निर्दोष युवक को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड भी ले लिया था, लेकिन दूसरे दिन ही जांच में उसकी कोई संलिप्तता न होने पर छोड़ना पड़ा। इस दौरान एसएचओ भवारना केहर सिंह ने कहा कि पुलिस ने तीन माह पूर्व हुए महिला हत्याकांड मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया था, जिसे न्यायालय से पांच दिन का पुलिस रिमांड लिया था, मगर उसकी कोई संलिप्तता न होने पर दूसरे दिन उसे छोड़ दिया था, महिला मर्डर की इस गुत्थी को सुलझाने में छानबीन जारी है, अन्य लोगों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# स्पाइसजेट की सुबह की उड़ान 25 तक रद्द

**अनंत ज्ञान, गगल।** स्पाइसजेट के सूत्रों से पता चला के 21 जुलाई से 25 जुलाई तक स्पाइसजेट की प्रातःकालीन दिल्ली से गगल वाली उड़ान नहीं आया करेगी। कंपनी ने यह निर्णय मौसम विभाग द्वारा 22 जुलाई से जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट के चलते लिया है। एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वर सिस्टम डाउन होने से चल रही समस्या के कारण शनिवार को एयरपोर्ट पर इसका कोई असर नहीं रहा। सभी उड़ाने यथावत सामान्य रूप से आई हैं। इनमें से तीन स्पाइसजेट के विमान, दो इंडिगो के और एक एयरलाइंस एयर का विमान शामिल है। उन्होंने बताया कि शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम सर्वर ठीक ढंग से कम कर रहा है और यात्रियों को बोर्डिंग पास कंप्यूटर के माध्यम से ही दिए गए हैं।

**चुनाव** | हिमाचल आयुर्वेदिक मेडिकल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

# डॉ. संजय को अध्यक्ष, डॉ. हितेश को चुना महासचिव

**आशीष दमीर, कांगड़ा**




हिमाचल आयुर्वेदिक मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

हिमाचल आयुर्वेदिक मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। कांगड़ा के मटौर में हुई बैठक के दौरान ओएसडी डॉ. सुनित पठानिया की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के जिला कांगड़ा आयुष अधिकारी डॉ. हरीश, पूर्व अध्यक्ष डॉ. देव कुमार वर्मा व एमएस पपरोला डॉ. बृजनंदन विशेष रूप से मौजूद रहे।

नई कार्यकारिणी में डॉ. संजय गुलेरिया (मंडी) को हिमाचल आयुर्वेदिक मेडिकल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया, जबकि डॉ. हितेश कुमार शर्मा (मंडी) को महासचिव चुना गया। डॉ. नीलम गोमा (कांगड़ा) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. विक्रम कौंडल कोषाध्यक्ष, डॉ. सचिन शर्मा (सोलन) को कानूनी सलाहकार, डॉ. रवि भोगल (हमीरपुर) को मीडिया सचिव, डॉ. अतुल (ऊना), डॉ. नवदीप (कांगड़ा) और डॉ. मनोज (शिमला) को संयुक्त सचिव बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. रविंद्र कौंडल को आयोजन सचिव चुना गया। बैठक में राज्य प्रतिनिधि भी चुने गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# शहीद स्मारक में होगा कारगिल विजय दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिक लीग कार्यालय नजदीक सैनिक विश्राम गृह में स्थित शहीद स्मारक पर 26 जुलाई को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पूर्व सैनिक लीग कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष रमेश डढवाल की अध्यक्षता में हुई। लीग प्रवक्ता कुलदीप राणा ने बताया कि 26 जुलाई को सुबह 10 बजे कारगिल दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर देश के लिए प्राणों को न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। उन्होंने सैनिक लीग से जुड़े सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व सैनिक परिवारों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।



# जनसमस्याओं को उठाने के लिए मीडिया एक बहुत ही अच्छा मंच : मुनीश शर्मा

**कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में बतौर सेवाएं दे रहे एसडीएम मुनीश शर्मा की क्षेत्र के विकास और उनकी प्राथमिकताओं को लेकर अनंत ज्ञान मीडिया की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने उनके साथ खास बातचीत की। चाहे बात लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं की हो या फिर रोड सेफ्टी और डंपिंग साइट से संबंधित हो, उन्होंने इस विशेष बातचीत में हर मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रखी। पेश है इस विशेष बातचीत के कुछ अंश...**

***सवाल : आपको यहां 2 साल 2 महीने हो गए हैं। आपको यहां कितनी परेशानी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?***

**जवाब:** देखिए समस्या हर जगह होती है। समस्या का कोई स्थान नहीं होता है। हर जगह की अपनी-अपनी चुनौतियां होती हैं। मेरा मानना है कि हम चुनौतियों के लिए ही बने हैं। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में हमें नौकरी करने का मौका मिलता है। जब मेरी नगरोटा पोस्टिंग हुई तो यहां की मुझे सबसे अच्छी बात यह लगी कि यह नगरोटा विधानसभा का क्षेत्र ग्रामीण नहीं, बल्कि शहरी लगता है। इस विधानसभा में बहुत बड़ी-बड़ी सुविधाएं हैं। टांडा मेडिकल कॉलेज जिसका नाम पूरे देश के अच्छे हॉस्पिटल्स में आता है। साथ ही इंजीनियर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निकल और भी स्टेट ऑफ आर्ट यहां पर जो भी इंस्टीट्यूट जो हैं वे सब हैं, जो एक इलाके की तरक्की के लिए लोगों को आगे बढ़ने के लिए सुविधाएं चाहिए, वे सब मौजूद हैं। एसडीएम ऑफिस 2018 में यहां खुला है तहसील ऑफिस खुले हैं, बीडीओ ऑफिस खुला है। पीडब्ल्यूडी का ऑफिस टांडा से नगरोटा शिफ्ट हो गया है। एचआरटीसी का बस स्टैंड ( डिपो) भी यहां है। बड़ोह में भी बस स्टैंड है, ऐसी सुविधाएं बहुत कम जगहों में मिलती हैं। इस जगह की एक खासियत यह भी है कि यहां के लोग बहुत ही शांतिप्रिय हैं और बहुत उत्सुक रहते हैं कि हमारे एरिया का विकास हो।

***सवाल : हाल ही में नगरोटा में एक्सिडेंट होते देखे गए हैं, प्रशासन हादसों को रोकने के लिए किस तरह से प्रयासरत है?***

**जवाब:** कानून हर किसी के लिए बना हुआ है। समय-समय पर चालान भी काटे जाते हैं, लेकिन इस तरह से अगर जनता ने सुधरना होता तो कब की सुधर जाती। अपनी सुरक्षा लोगों को खुद करनी है। दोपहिया वाहन पर बैठे दोनों को ही हेलमेट लगाना है। स्पीड लिमिट में चलना है। नशा करके गाड़ी न चलाएं, क्योंकि दुर्घटना का जिम्मेदार किसी को नहीं बना सकते। एक्सिडेंट के आंकड़ों की अगर हम बात करें तो मलां से सुनेहड़ तक सीधा रोड होने के कारण यहां सबसे ज़्यादा एक्सिडेंट होते हैं। इंडियन रोड एक्सिडेंट साइट की अगर हम बात करें तो किसी भी साल का अगर आप डाटा चेक करें तो सबसे ज्यादा यहीं होते हैं। विभाग हर बार सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए कई



अभियान भी चला रहा है। तरह तरह के फैशन के हिसाब से हेलमेट आ रहे हैं, जो बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं। चालान की अगर बात की जाए तो चालान परिवार वालों को ही भरना पड़ता है। आवारा पशु भी दुर्घटना का कारण बनते हैं। जो लोग पशु पालते थे, वे भी अब उनको छोड़ रहे हैं। हजारों की संख्या में पशु रास्तों में उतर आया है। पूरे प्रदेश में इस तरह की स्थिति पैदा हो गई है।

***सवाल : नगरोटा की सब्जी मंडी के साथ ही डंपिंग साइट है, जिससे आने-जाने में दिक्कत आती है। यह समस्या कब तक सुधर जाएगी?***

**जवाब:** नगर परिषद ने घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा किया, जिसको सब्जी मंडी के पास वेट वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाई है। ड्राइ वेस्ट अंबुजा सीमेंट की कंपनी वाले ले जाते हैं । वेट वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगने से बहुत बदबू आती है। लोगों को काफी दिक्कत होती थीं, जिस कारण से इसको बंद कर दिया गया है। नई मशीन को लगाने के लिए अभी तक कोई जगह फाइनल नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

***सवाल: पंचायतों में किस तरह का काम चल रहा है। खासकर बरसात को लेकर क्या तैयारी है प्रशासन की?***

**जवाब:** इस बार पूरे चाहड़ी रोड की दोनों साइड की नालियों में जेसीबी से सफाई की गई है। पूरे नगरोटा बाजार में पानी आ जाता है। लोग नालों में जूते-प्लास्टिक भी फेंक देते हैं और बारिश के पानी के बहाव में वे फंस जाते हैं, जिससे सारा पानी सड़कों पर आ जाता है। इसके लिए हम पर्यासरत हैं। लोगों ने नालों में ही अपना घर बना लिया है। 10 से 12 पंचायतें इसकी चपेट में आती हैं। पुराने बुजुर्ग पानी की बावड़ी की पूजा करते थे, घरों के बाहर पानी की निकासी के लिए नाली बनाई जाती थी।

***सवाल : नगरोटा में जलबिमबी में प्राकृतिक जल स्त्रोत है। सुनने में ऐसा है कि वो गंदगी से भर गया है?***

**जवाब:** वह एक प्राकृतिक जल स्त्रोत है पहले वहां से लोग पानी भरते थे । अब घर-घर नल लग गए हैं गर्मियों में बच्चे उस जगह नहाने जाते थे। श्मशानघाट की देखभाल कर रहे व्यक्ति की गुजारिश पर जल शक्ति विभाग को इस जल स्त्रोत के बारे में अवगत करवाया गया है क्योंकि यह लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है तो इसको सुधारा जाए।

***सवाल : जनता को बढ़ते एक्सिडेंट, नशा और अन्य विषयों पर क्या संदेश देना चाहेंगे?***

**जवाब:** हमारी यह पहल रही कि स्पीड ब्रेकर्स लगाने से शायद स्पीड कम हो सकती है, लेकिन आज के लड़के उसको भी तेज स्पीड के साथ पार कर जाते हैं। इस पर जब चालान किए जाते हैं, तब उनके माता-पिता आ कर माफी मांगते हैं। आप किसी को दोष नहीं दे सकती हैं। घर में यदि कोई ऐसी हरकत होती है जैसे मीठा खाना या उसके कपड़ों से कुछ मिलता है तो घर पर माता-पिता को बैठक कर बात करनी चाहिए। नशे ने काफी हद तक नौजवान युवाओं पर अपनी पकड़ बना ली है। ट्रैफिक के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का दिया हुआ है। सुनेहड़ और मलां चौक पर रडार लग जाएगा। इससे अगर आपकी 60 से ऊपर स्पीड हुई आपका चालान कट जाएगा। मैं सिर्फ जनता से यही कहना चाहता हूं कि जनता ओवर स्पीड से न चले। आपकी जिंदगी अनमोल है। आप घर परिवार का भी ख्याल कर के घर से निकलें। नगरोटा में ऐसी चीजें हैं, जिनमें भारत की पहली मधुमक्खी जो इंग्लैंड से आई है, वह नगरोटा बी सेंटर आई है। समाज को भी इन सब मामलों में जागरूक रहना पड़ेगा। स्कूल में बच्चों को नशे के प्रति अवगत करवाया जाता है। हमारा यही प्रयास रहता है कि हम लोगों के काम को अपना समझ कर करें। जनता सब जानती है कि काम हो रहा है कि नहीं। लोगों के सहयोग से हम सब कर पाते हैं क्योंकि इसी जन सहयोग से उस क्षेत्र का नाम रोशन होता है।

## हैप्पी बर्थडे



जिला कांगड़ा के देहरा राकेश कुमार को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



सुंदरनगर के हेमराज और कमला जसवाल को शादी की 32वीं वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# पौंग झील में 6 साल में 2023-24 में सबसे कम पहुंचे प्रवासी मेहमान

## सर्दियों में पौंग में विश्वभर से पहुंचते हैं विभिन्न प्रजातियों के विदेशी पक्षी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

वाइल्ड लाइफ सेंक्कुअरी पौंग बांध के वार्षिक गणना आंकड़ों के अनुसार पिछले 6 सालों में 2023-24 में प्रवासी पक्षियों की संख्या में कमी दर्ज की गई। साल 2018-19 में प्रवासी पक्षियों की 102 प्रजातियों के 115226 पक्षी पौंग पहुंचे। साल 2019-20 में प्रवासी पक्षियों की 114 प्रजातियों के 116992 पक्षी पौंग पहुंचे, साल 2020-21 में प्रवासी पक्षियों की 96 प्रजातियों के 108578 पक्षी पौंग पहुंचे, साल 2021-22 में प्रवासी पक्षियों की 110 प्रजातियों के 110309 पक्षी पौंग पहुंचे थे। वहीं, साल 2022-23 में प्रवासी पक्षियों की 108 प्रजातियों के 117022 पक्षी पौंग पहुंचे। साल 2023-24 में प्रवासी पक्षियों की 85 प्रजातियों के 83555 पक्षी पौंग पहुंचे। वन्य प्राणी विभाग के धर्मशाला स्थित डीएफओ संजीव सिंह ने आंकड़ों की पुष्टि की है।



बताते चलें कि हर साल पौंग पहुंचने वाली प्रवासी पक्षियों में सबसे ज्यादा संख्या बार हेडेड गूज की होती है। इसके अलावा उत्तरी पिनटेल, यूरेशियन विजन, लिटिल रिंग्ड, पलावर, ब्राउन हेडेड गूल, ब्लैक हेडेड गूल, रिवर टर्न, व्हाइट बगटेल, क्रस्टेड लार्क, सैंड लार्क, रेड बॉटल्ड लैपविंग तथा बोर्न स्वैलो प्रजाति के पक्षी भी काफी संख्या में पौंग पहुंचते हैं। हर साल हजारों पक्षी दुनियाभर से आते हैं। दुनिया भर में लगभग 4,000 प्रजातियां नियमित रूप से प्रवास करती हैं। जहां पानी वाले पंछियों के लिए ताजे पानी की मछलियां जैसे महाशीर, कतला और सिंघारा, पानी के पौधे मुख्य खुराक बन जाती हैं तो वहीं छोटे पंछी अन्य छोटे कीड़े-मकोड़े और जानवर खाते हैं। कई बड़े पक्षी छोटे पंछियों को भी खा कर अपना पेट भरते हैं।सर्दियों के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षी उड़ान भर मीलों लंबा सफर तय कर पहुंचते हैं। अक्तूबर आते ही प्रवासी पक्षियों का आगमन भी हो जाता है और नवंबर तक सभी मुख्य प्रजातियां यहां पहुंच जाती हैं। जनवरी और फरवरी के महीने इनको देखने के लिए सबसे उपयुक्त हैं क्योंकि इस समय इन पंछियों की संख्या सबसे अधिक होती है। फरवरी के समाप्त होने के साथ साथ ये पंछी वापस रवाना होना शुरू कर देते हैं और मार्च तक काफी प्रजातियां अपने घर की और प्रस्थान कर लेती हैं। मगर कभी कभी कुछ पक्षी काफी देर तक भी यहां देखने को मिल जाते हैं। वन रक्षक या फारेस्ट गॉर्ड यहां हर वक्त तैनात रहते हैं, जिससे हानिकारक तत्वों से होने वाले नुकसान जैसे अवैध शिकार, खतरनाक कीटनाशक का इस्तेमाल, कूड़ा-करकट इत्यादि को रोका जा सके। इसके अलावा एक और अहम कार्य 'टैगिंग या बर्ड-टैगिंग' भी वन-विभाग द्वारा किया जाता है।

आपको बता दें कि बांध प्रवासी पक्षियों के लिए हमेशा ही प्रसिद्ध रहा है। इसकी भौगोलिक स्थिति, ब्यास के ताजे पानी और खाने के विभिन्न स्त्रोत होने से सभी पशु-पक्षियों के रहने के लिए इसे अनुकूल बनता है। (अनंत ज्ञान)

## अरनी यूनिवर्सिटी ने वर्चुअल लैब्स आईआईटी दिल्ली के साथ किया एमओयू

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा को आईआईटी दिल्ली के वर्चुअल लैब्स के लिए नोडल केंद्र के रूप में मंजूरी दी गई है, जो कि एक महत्वपूर्ण पहल है। अरनी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विवेक सिंह ने इस समझौता ज्ञापन को छात्रों की उन्नति और अन्य उभरती प्रयोगात्मक शिक्षा प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। यह महत्वपूर्ण साझेदारी हमारे छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। हमें विश्वास है कि आईआईटी दिल्ली के साथ ये सहयोग हमारे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए नवाचार, सीखने और पेशेवर विकास के नए क्षितिज खोलेंगे। अर्नी विश्वविद्यालय के नोडल केंद्र बनने से विभिन्न संस्थाओं के छात्रों और शिक्षकों के बीच संपर्क और सहयोग बढ़ेगा, शैक्षणिक और व्यावहारिक अनुभव में वृद्धि होगी जिससे ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान होगा। (अनंत ज्ञान)

# दो साल के बाद भी नहीं लग पाई शहीद कर्नल मेहर दास की प्रतिमा

## एनएचएआई ने चौक बनने के लिए यहां से हटाई थी प्रतिमा

**शिवम शर्मा, परागपुर**

मुबारिकपुर-रानीताल राष्ट्रीय राजमार्ग-503 पर स्थित नैहरनपुखर चौक के सड़क निर्माण के दौरान हटाई गई बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा लगभग 2 साल बाद भी नहीं लग पाई है। इसके चलते स्थानीय लोगों में रोष है। बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा करीब 2 साल से बढहूं पंचायत घर में रखी है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने करीब दो साल पहले यहां चौक बनाने का काम शुरू किया था।

सड़क चौड़ी हुई तो पिछले साल यहां नैहरनपुखर चौक पर लगी बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा को हटा दिया गया। क्योंकि प्रतिमा वाला स्थान बढहूं पंचायत के तहत था, इसलिए इसे पंचायत को सौंप दिया गया। उस समय इसे चौक के बीचों बीच स्थापित करने की योजना थी, लेकिन बीच में बनाए गए राउंड अबाउट पर सोलर लाइट और सीसीटीवी के लिए चार खंभे लगा दिए गए हैं। ऐसे में करीब एक साल का समय बीतने के बाद भी प्रतिमा वापस नहीं लग पाई है। (अनंत ज्ञान)



नैहरनपुखर चौक, जहां कर्नल मेहर चंद की प्रतिभा लगी हुई थी। (इनसेट) कर्नल मेहर चंद की प्रतिमा

### चौक पर 1970 में लगाई थी प्रतिमा

**कर्नल** मेहर दास का जन्म नौ फरवरी, 1921 में दयाल (नैहरनपुखर) पंचायत के सौंत में हुआ था। उनके पिता मोहन लाल अंग्रेजों की सेना में थे। कर्नल मेहर दास ने आजाद हिंद फौज के गठन के बाद अंग्रेजों के खिलाफ पहली बार युद्ध किया था। उनके साहस और रण कौशल को देखते हुए उन्हें सरदार-ए-जंग कर्नल मेहर दास कहा गया। 1962 के भारत-चीन युद्ध में उन्होंने वीरगति पाई थी। 1970 के करीब उनके सम्मान में नैहरनपुखर चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी।

**हमने** कर्नल मेहर दास की प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ पंचायत घर में रखा है। हम चाहते हैं कि इसे चौक के बीच में स्थापित किया जाए। इसे लेकर एनएचएआइ के अधिकारियों से लगातार बात हो रही है।

**- दलजीत सिंह, प्रधान, ग्राम पंचायत बढहूं।**

**कर्नल** मेहर दास ने देश की सरहदों की रक्षा करते बलिदान हुए। उनकी प्रतिमा पूरे इलाके के लिए सम्मान की प्रतीक है। हम पंचायत की तरफ से इसे तुरंत वापस लगाने की मांग उठाएंगे।

**- ममता देवी, प्रधान, ग्राम पंचायत दयाल।**

**यह** माना कि चौक के विस्तार के समय इसे हटाना जरूरी था, लेकिन समय रहते वापस लगाना भी संबंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यदि प्रतिमा को जल्द स्थापित न किया तो पूरे गांव की तरफ से हस्ताक्षरयुक्त पत्र केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजकर शिकायत करेंगे।

**-सतीष शर्मा व भारत भूषण शर्मा, दुकानदार**

# पठानकोट के ढाकी रोड पर मिले पाकिस्तान जिंदाबाद वाले पोस्टर

## सरकारी दफ्तर को उड़ाने की धमकी, एक कार के शीशे भी तोड़े

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

हिमाचल प्रदेश के साथ लगते पंजाब के पठानकोट जिले में आए दिन अलग-अलग जगह पर संदिग्ध देखे जाने को लेकर जहां लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं कुछ शरारती लोग इसका नाजायज फायदा उठाते हुए ओर ज्यादा दहशत का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला पठानकोट के ढाकी रोड पर देखने को मिला जहां पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद के पोस्टर फेंके गए, जिस पर सरकारी दफ्तर को उड़ाने के अलावा और भी कई जगहों को निशाना बनाने की बात लिखी गई है। यही नहीं एक कार के शीशे भी तोड़े गए हैं। इसका पता सुबह स्थानीय लोगों को उसे समय चला जब करीब चार लोग जिन्होंने कार के शीशे तोड़े और मौके से फरार होते समय एक शक्स ने उन्हें देख लिया, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस बारे में स्थानीय लोगों ने कहा कि कुछ लोगों की ओर से दहशत का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुबह उनके घर के बाहर खड़ी कार का शीशा टूटने की आबाज आई और जब छत से उन्होंने देखा तो चार लोग दौड़ते हुए नजर आए। इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

वहीं, इस बारे में जब पुलिस अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह किसी की शरारत लगती है, जिसको लेकर हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जिसने भी यह किया है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं पुलिस अपना काम सही तरीके से कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# आईटीआई नैहरनपुखर में 24 को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**सालबिया शर्मा, गरली**

आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 24 जुलाई को जीएमपी टेक्निकल मोहाली, एमटी ऑटोक्राफ्ट परवाणू व नयूरेका टेक्निकल प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के लिए अलायन्स जॉब्स द्वारा आईटीआई नैहरनपुखर में लिखित परीक्षा व कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से युवाओं का चयन किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि 24 जुलाई को होने वाली लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए एनसीवीटी और एससीवीटी से फिटर, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, ट्रैक्टर मैकेनिक और सभी व्यवसाय मे कोर्स पूरा कर चुके सभी अभ्यर्थी पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि अलायन्स जॉब्स की तरफ से यह निशुल्क जॉब फेयर है और किसी भी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को 12000 से 22000 रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। कैंपस इंटरव्यू में पात्र युवा 24 जुलाई को सुबह नौ बजे अपने मूल प्रशिक्षण प्रमाणपत्रों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपियों के साथ आईटीआई नैहरनपुखर कैंपस में पहुंच जाने चाहिए। इस विषय बारे संस्थान प्रधानाचार्य ई. ललित मोहन ने अधिक जानकारी के लिए संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी मुकेश कौशल से दूरभाष 01970-292604 व 9418162333 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बैजनाथ में जागरूकता शिविर 26 जुलाई को

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस बैजनाथ के हाल में डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम बैजनाथ दुनी चंद ठाकुर ने बताया की शिविर का आयोजन 26 जुलाई को 11बजे किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से जनता को बताया जाएगा कि किसी अननोन लिंक पर क्लिक करने से उन्हें नुकसान हो सकता है या वे अज्ञात व्हॉट्सऐप वीडियो कॉल प्राप्त कर साइबर बुलिंग का शिकार हो सकते हैं। लोगों को यह जानना होगा कि सोशल नेटवर्क पर कैसे व्यवहार करना है। (अनंत ज्ञान)

# करनी सेना ने घायल बैल का उपचार कर गोशाला पहुंचाया

**पिंकी, डाडासीबा**

जसवां-परागपुर की करनी सेना ने शनिवार को एक घायल बैल का दो दिन लगातार उपचार करने के बाद गोशाला मूल में भेजा।

इस मौके पर करनी सेना के अध्यक्ष राज कपूर, सचिव अरुण डोगरा, कोषाध्यक्ष विपन कुमार, मंत्री भूपेंद्र ठाकुर व अन्य करनी सेना सदस्यों सहित सभी युवा पीढ़ी के सदस्यों ने सहयोग किया। इस मौके पर हिस्सा लेने वाले युवाओं ने करनी सेना में अपनी सेवाएं देने की इच्छा जताई। करनी सेना के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष ने



संदीप गौतम को जसवां-परागपुर का उपाधयक्ष व सैंटी राणा को मंत्री नियुक्त किया गया। करनी सेना के सभी सदस्यों का तह दिल से शुक्रिया अदा किया। सनातन धर्म में गोशाला के संरक्षण के लिए लोगों को एकजुट होकर काम करने के लिए संदेश दिया। (अनंत ज्ञान)

**दिशा-निर्देश** नगर निकायों में पार्किंग, फुटपाथ तथा शौचालय बनाने पर फोकस करें अधिकारी : उपायुक्त

# स्वच्छता के लिए ठोस कूड़ा कचरा प्रबंधन को दें प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला के स्थानीय नगर निकायों में पार्किंग, बाजारों में लोगों के चलने के लिए फुटपाथ तथा शौचालय बनाने पर विशेष फोक्स करना अत्यंत जरूरी है ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। शनिवार को डीसी कार्यालय के सभागार में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने नगर निकायों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध निर्माण को लेकर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा नगर निकायों को आमदनी के स्त्रोत बढ़ाने के लिए भी आवश्यक प्लान तैयार करना होगा, ताकि नगर निकायों को सुचारू तौर पर विकसित किया जा सके। इसके साथ ही बकाया हाउस टैक्स को प्राप्त करने के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि नगर निकायों को सुंदर तथा स्वच्छ बनाने के लिए भी कार्य योजना तैयार करना अत्यंत जरूरी है इस के लिए नगर निकायों के अधिकारियों को नियमित तौर पर नागरिकों की भविष्य की सुविधाओं को देखते हुए प्लान तैयार करना चाहिए। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि शहरी निकायों में ठोस कूड़ा कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाना अनिवार्य है तथा इस के लिए आवश्यक फंड सभी नगर निकायों को उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन नगर निकायों ने ठोस कूड़ा कचरा संयंत्र के लिए साइट चिन्हित नहीं की है, उन नगर निकाय के अधिकारी तत्काल प्रभाव से ठोस कूड़ा कचरा संयंत्र के लिए साइट फाइनल करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरा के निष्पादन के लिए आवश्यक कदम उठाएं इस के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नगर निकायों का समन्वय स्थापित किया जाएगा।

### लंबित कार्यों की भी रिपोर्ट तैयार करें

**उपायुक्त** ने कहा कि नगर निकायों को विभिन्न मद्दों के तहत विकास कार्यों के लिए फंड उपलब्ध करवाए गए हैं जिन विकास कार्यों को अभी तक आरंभ नहीं किया गया है, उसकी रिपोर्ट तैयार करके शीघ्र भेजी जाए इसके साथ ही लंबित विकास कार्यों की अपडेट स्थिति से अवगत करवाया जाए।

### आवास योजना, स्वनीधि योजना पर भी हुई चर्चा

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने शहरी आवास योजना, स्वनिधि योजना तथा शहरी स्वयं सहायता समूह योजना पर भी विस्तार से चर्चा की तथा इन योजनाओं के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश नगर निकाय के अधिकारियों को दिए गए।

# पाबंदी के बावजूद बनेर खड्ड में नहाने से बाज नहीं आ रहे हैं लोग

**आशीष दमीर,कांगड़ा**

कांगड़ा शहर के साथ लगती बनेर खड्ड में लोगों के नहाने का सिलसिला नहीं थम रहा है। शनिवार को ऐसा ही कुछ दृश्य देखने को मिला जहां एक छोटे बच्चे को अपनी जान की परवाह किए बिना खड्ड के बीच डुबकियां लगाए हुए देखा गया है। कांगड़ा बायपास से लेकर कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन पुराना कांगड़ा तक इस खड्ड की खूबसूरती को देख कर यहां दूर दराज से आने वाले सैलानी इस खड्ड में सेल्फी लेने के लिए व नहाने के लिए खड्ड में उतर जाते हैं। किंतु वा इस खड्ड की गहराई से



बनेर खड्ड में नहाता एक छोटा बच्चा।

अनजान बेखौफ नहाने के लिए उतर जाते है। बताते चलें की पिछले माह इसी खड्ड में नहाने से एक युवक की मौत हो गई थी।

उसके बाद इसी खड्ड में कई बाहरी राज्यों के पर्यटकों को स्थानीय प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया है। हालांकि प्रशासन ने इसके लिए बकायदा जगह जगह चेतावनी बोर्ड लगा रखे हैं, जिस पर यह साफ लिखा है कि यह मौत का कुआं है, यहां न नहाए और यहां मरने वालों की संख्या का ब्यौरा भी दिया गया है। इन सबको अनदेखा कर बावजूद सैलानी इन क्षेत्रों में नहाते हुए देखे जा रहे है। बरसात के इन दिनों इन खड्डों में पानी काफी ज्यादा मात्रा में होता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को सुझाव देते हुए मांग की है की इन क्षेत्रों में उतरने वाले स्थलों को जाली लगाकर बंद किया जाए। और उक्त स्थलों पर परमानेंट पुलिस कर्मी को तैनात किया जाए। (अंनत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू


बैडमिंटन प्रतियोगिता में मैच खेलते खिलाड़ी।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** बैडमिंटन की तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता हमीरपुर में साई इनडोर हॉल में शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग अंडर-19 अंडर-17 अंडर-15 अंडर-13 अंडर-11 के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता एकल युगल और मिश्रित वर्ग में होगी। इस बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंडर-15 और अंडर-17 की हमीरपुर जिले को मिली है। यह प्रतियोगिता 25 से 27 जुलाई को अनु के साई हाल में होगी। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान सुशील सोनी करेंगे। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन के सेक्रेटरी शम्मी सोनी, जेएन अग्निहोत्री, हरीश नंदा, गौतम और पंकज सकलानी सदस्य भी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता के रेफरी प्रदीप ठाकुर मैच कंट्रोलर सुशील ठाकुर होंगे। प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले के लगभग 145 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में विजेता रहेंगे, वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### गांव-गांव जाकर सुनूंगा लोगों की समस्याएं : रणजीत


खानोली पंचायत में लोगों की समस्याएं सुनते कै. रणजीत सिंह।

**ए कुमार, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत खानोली पंचायत के महेशकवाल, खनोली, सेनुआं दी थाती, फंगू दा ग्रां में लोगों की समस्याएं सुनीं और अपनी जीत पर जनता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्यायों का मौके पर भी निपटारा किया। उन्होंने कहा की मैं लोगो को अपने पीछे दौड़ाने वाला नहीं, बल्कि खुद गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को हल करूंगा। कैप्टन रंजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनने के लिए प्रत्येक पंचायत के लिए एक रजिस्टर लगाया हैख जिसमें वह खुद जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उन्हें रजिस्टर में लिखेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए वह हर समय लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे। रजिस्टर में लिखी समस्याओं का हाल उनके द्वारा मौके पर ही किए जाने का हमेशा प्रयास रहेगा, जिन समस्याओं का हल उस समय नहीं हो पाएगा वह उन समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेज कर हल करवाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के 25 से 30 प्रतिशत स्कूलों में नहीं हैं खेल मैदान

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

बिना शारीरिक शिक्षकों के स्कूलों में बच्चों का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास कैसे होगा। बताते चलें कि बच्चों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है।

इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने हर शनिवार को स्कूलों में अंतर-स्कूल खेल प्रतियोगिता आयोजित करने का आदेश जारी किया है। बच्चों को फिट रखने व समग्र विकास के लिए यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने स्कूलों को आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन वास्तविकता क्या है इस पर नजर ही नहीं दौड़ाई। हकीकत में हिमाचल के सरकारी स्कूलों में खेल के साथ ही खेल हो रहा है।

प्रदेश के 35 फीसद सरकारी स्कूलों में खेल के मैदान तक नहीं हैं, जहां पर खेल मैदान है वहां पर नाममात्र की सुविधाएं हैं। यही नहीं 9 वर्षों से प्रदेश में शारीरिक शिक्षक का पद की भर्ती ही नहीं हुई है। शारीरिक शिक्षा को विषय के तौर पर पढ़ाया जाता है, कई स्कूलों में शारीरिक शिक्षा विषय शुरू ही नहीं किया गया।




**9 साल में नहीं हुई भर्ती, शारीरिक शिक्षकों के हजारों पद खाली**

सरकार ने स्कूल अपग्रेड तो कर दिए, लेकिन इसमें शारीरिक शिक्षक का पद भरने के लिए 30 फीसदी छात्र संख्या की शर्त लगा दी। ऐसे में यह पद भरे ही नहीं गए। जिसके चलते यहां पर स्टूडेंट्स को इस विषय को चुनने की भी ऑप्शन नहीं बची। ऐसे में बच्चों में खेलों के प्रति कैसे रुझान बढ़ेगा, यह बड़ा सवाल है। स्कूलों में डीपीई व शारिरिक शिक्षक के पद न भरे जाने से न तो बच्चे खेलों में सक्षम हो पा रहे हैं और न ही मानसिक विकास हो रहा है।

मिडल व हाई स्कूलों में पीईटी के 4 हजार के करीब पद रिक्त चल रहे हैं। वैसे तो प्राथमिक स्कूलों में भी एक शारीरिक शिक्षक होना चाहिए। वहां भी बच्चों को खेल करवाउ जाते हैं, लेकिन प्राथमिक शिक्षक ही बच्चों को खेल प्रतियोगिताएं करवाते हैं। बताते चलें कि भारत सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट को शुरू हुए 4 साल हो चुके हैं। हिमाचल के स्कूलों में डीपीई समेत शारीरिक शिक्षक के खाली पड़े पदों के चलते फिट इंडिया मूवमेंट का मकसद भी पूरा नहीं हो रहा है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय कोच विद्यासागर शर्मा, पूर्व डीपी जगदेव ठाकुर आदि ने कहा कि सरकार व विभाग के समक्ष कई बार यह मामला उठाया गया है, लेकिन इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू भी हुई। उन्होंने सरकार से मांग उठाई है कि जल्द सभी पदों को भरा जाए, ताकि हर स्कूल में शारीरिक शिक्षक हो। (अनंत ज्ञान)

# आत्महत्या मामला : आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 16 घंटे बाद उठाया शव

## पुलिस के खिलाफ नारेबाजी, आरोपी ने मृतक पर अवैध बंदूक रखने का लगाया था आरोप

**शशि सोनल, नादौन**

थाना क्षेत्र नादौन की सनाही पंचायत के गांव तेलकड़ में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या के मामले को लेकर काफी हंगामा हो गया। खबर मिलते ही काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन परिजनों व लोगों ने पुलिस को व्यक्ति का शव 16 घंटे तक यानी शनिवार दोपहर तक उठाने नहीं दिया। लोग आरोपी को सामने लाने की मांग कर रहे थे स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई लोग अक्रोशित थे।

आरोपी बाबू राम ने पुलिस को झूठी शिकायत की थी कि मृतक ने अपने घर में अवैध बंदूक रखी है जिस पर पुलिस ने शुक्रवार को ही मृतक के घर की तलाशी ली थी। जिससे परिवार के मुखिया 49 वर्षीय मृतक रघुवीर सिंह ने इतना कठोर कदम उठाया।

घटना को लेकर लोगों में काफी अक्रोश व रोष था कि उन्होंने पंचायत तथा पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी भी की। मृतक के भाई जसवीर सिंह और सुखदेव सिंह ने बताया कि उनके गांव के ही एक बाबूराम नामक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत की थी कि उनके भाई के पास अवैध बंदूक है। इसके बाद शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे पुलिस की एक टीम ने रघुवीर के घर में तलाशी ली परंतु तलाशी में उन्हें कोई हथियार नहीं मिला।


लोगों से बातचीत करती एसडीएम अपराजिता चंदेल।

इसी बात से आहत होकर रघुबीर ने घर के कमरे में फंदा लगा लिया, लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। परिजनों का आरोप है कि बाबूराम इससे पूर्व भी लगातार उनके भाई के विरुद्ध झूठी शिकायतें करके उसे मानसिक तौर पर परेशान करता आ रहा था, जिससे वह पहले ही काफी आहत था।

परिजनों व गांव वासियों का कहना है कि मृतक काफी सीधा-साधा व्यक्ति था और गांव में किसी के साथ भी उसका कोई झगड़ा नहीं है, जबकि बाबूराम झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है।

डीएसपी नितिन चौहान का कहना है कि आरोपी बाबूराम को हिरासत में ले लिया है तथा उसके विरुद्ध झूठी शिकायत दर्ज करवाने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बाबूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बार-बार अवैध हथियार होने और गोली चलाने की आशंका भी व्यक्त की है जिसके चलते पुलिस ने पंचायत प्रधान सरिता देवी की उपस्थिति में घर में निरीक्षण अभियान चलाया गया। (अनंत ज्ञान)

**क्या बोलीं एसडीएम**

**एसडीएम** अपराजिता चंदेल का कहना है कि परिवार वालों में रोष था वे मामले की निष्पक्ष जांच चाह रहे थे। इसलिए वे डेड बॉडी को पुलिस को नहीं सौंप रहे थे। एसडीएम ने वहां पहुंचकर मृतक के परिजनों का पक्ष सुना तथा आश्वासन दिया कि उनके घर में पुलिस की तलाशी व आरोपी व्यक्ति की भूमिका सहित पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस बारे डीएसपी को भी जांच करके रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# शगुन के लिफाफे के साथ पौधा किया भेंट


डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा शगुन लिफाफे के साथ बरगद का पौधा भेंट करते हुए।

**अतुल, सुजानपुर**

प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी के इंचार्ज डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने पर्यावरण को बचाने के लिए एक नई पहल की है।

इसी पहल के तहत डॉक्टर डोगरा ने एक शादी समारोह में शगुन के लिफाफे के साथ एक बरगद का पौधा भेंट किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्राकृति को बचाने के लिए हमें इस तरह के उपाय करते रहना चाहिए। साथ ही कहा कि हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए पानी, खाने के लिए फल-अनाज सब प्रकृति से ही तो मिले हैं। ये सब तो प्रकृति ने हमें दिया है तो हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी प्रकृति को कुछ दे सकें। इसलिए सभी को अपने जीवन काल में एक बार जरूर पौधा लगाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## नशा मुक्ति केंद्र का संचालक रिमांड पर

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** बड़सर उपमंडल के नशा निवारण केंद्र बणी में हुई एक युवक की हत्या के आरोपी नशा निवारण केंद्र संचालक तुषार जसवाल जिसने गत दिन बड़सर थाना में आत्मसमर्पण कर दिया था को शुक्रवार को माननीय न्यायलय में पेश किया गया जहां से आरोपी तुषार जसवाल को 6 दिन के पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

दूसरा अभियुक्त अमित कुमार जिसने शुक्रवार को पुलिस थाना बड़सर में आत्म समर्पण किया था। शनिवार को माननीय न्यायालय बड़सर में पेश किया गया वहां पर उसे 5 दिन का पुलिस रिमांड मिला है। बड़सर डीएसपी सचिन हिरेमठ ने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड मिला है। उनसे पूछताछ की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क संवारा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और नगर परिषद के कर्मचारियों ने उपायुक्त अमरजीत सिंह के आह्वान पर शनिवार सुबह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क एवं निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर की सफाई की।

इस दौरान उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, एसडीएम मनीष कुमार सोनी, सहायक आयुक्त पवन शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनोद गर्ग, जिला सैनिक कल्याण उपनिदेशक स्क्काड्रन लीडर मनोज राणा, तहसीलदार सुभाष चंद, नायब तहसीलदार जगदीश चंद, नगर परिषद के एसडीओ व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने स्वयं परिसर में उगी झाड़ियों एवं कूड़े-कचरे को हटाया।


पार्क की सफाई करते उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह व अन्य अधिकारी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि युद्ध स्मारक के निर्माण के साथ-साथ इस पूरे परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और इसे एक आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें शहीदों के सम्मान एवं उनकी यादों को संजोने के साथ-साथ प्रतिदिन सुबह-शाम सैर करने वाले वरिष्ठ नागरिकों और अन्य लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे यहां अच्छा समय व्यतीत कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# नादौन में हिमाचल पथ परिवहन का बस डिपो खुलने की नोटिफिकेशन जारी

## लोगों में खुशी का माहौल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जताया अभार

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन की पंचायत कलूर के मौवालघाट में हिमाचल पथ परिवहन का बस डिपो खुलेगा खुलने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है, जिसे लेकर लोगों में खुशी का महौल है। इसके खुलने से न केवल नादौन अपितु आस पास के विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को भी काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुछ समय पहले नादौन में बस डिपो खोलने की घोषणा की थी जिसके चलते विभाग हरकत में आया और कलूर पंचायत के मौकालघाट में करीब 130 कनाल भूमि का चयन करके सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। उसके बाद सरकार ने आज इसकी




अधिसूचना भी जारी कर दी है। जिससे लोगों में खुशी का महौल है। नादौन के लोग जो सब डिपो के लिए तरस रहे थे उन्हें मुख्यमंत्री ने बड़ा बस डिपो स्वीकृत करके लोगों की चिरकाल से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। इस डिपो के खुलने से नादौन के अलावा आस पास के ज्वालामुखी, जसवां परागपुर, कुटलैहड़ आदि क्षेत्र के लोगों को भी सहूलियत होगी।

ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेकटर मोती जोशी, नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, भरत भूषण कपिल,कमल कम्मी,संतोष संधू,राजेंद्र चौधरी, विवेक कटोच, ठाकुर प्रकाश चंद,राविन्द्र गद्दी,नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रीना देवी, एचआरटीसी के मोंटी संधू, एसटीए मैंम्बर सुनील बिट्टू, रत्न चंद, कलूर पंचायत के प्रधान राजेंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, रेशम सिंह आदि का कहना है कि नादौन के मौवालघाट में एचआरटीसी का बस डिपो की नोटिफिकेशन जारी होने से लोगों की चिरकाल से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। जिसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का अभार जताते हुए कहा कि उन्होंने नादौन व आस पास के क्षेत्रों के लोगों को काफी सहूलियत होगी। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं डीडीएम पाठक**

**एचआरटीसी** के डीडीएम राज कुमार पाठक ने नादौन में बस डिपो खोलने की नोटिफिकेशन की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है । इस बारे उच्च अधिकारियों के जो दिशा निर्देश होंगे उनके अनुसार कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# क्या सुक्खू सरकार में शुरू होगा नादौन का पहाड़ी संस्कृति संगम उत्सव मेला

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

जब से प्रदेश की सत्ता की कमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने हाथ में ली है एवं नादौन विधानसभा क्षेत्र में जिस तरह से विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, उससे नादौन की जनता को नादौन में सभी धर्मों के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले 'सर्व धर्म सम्मेलन पहाड़ी संस्कृति संगम उत्सव' मेले को फिर से शुरू करने की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

लोगों का कहना है नादौन में तीन दिन तक मनाए जाने वाले इस मेले से हिमाचल के स्थानीय कलाकारों को न केवल रोजगार प्राप्त होता था, बल्कि स्थानीय लोगों को भी इस मेले से स्वरोजगार के साधन सृजित होते थे। इस मेले को पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय नारायण चंद पराशर ने अपने कार्यकाल में शुरू किया था। नादौन में पातशाही गुरुद्वारा साहिब, भरमोटी में पीर बाबा फजल शाह की मजार एवं

**पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. पराशर ने इस मेले को मनाने की रखी थी नींव**

नादौन के पतन बाजार में लमलेश्वर महादेव मंदिर के कारण एवम नादौन पर्यटन की दृष्टि से विकसित हो सके इसके चलते स्वर्गीय नारायण चंद पराशर ने इस मेले का नाम सर्व धर्म सम्मेलन पहाड़ी संस्कृति संगम उत्सव मेला रखा था। जैसे ही 1998 में सत्ता परिवर्तित होकर धूमल सरकार के पास गई और नादौन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबू राम मंडियाल को नादौन की जनता ने सौंपा तो इस मेले पर राजनीति के ऐसे काले बादल छाए कि उनसे आज दिन तक यह उत्सव बाहर नहीं निकल पाया।

मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रदेश के सत्ता पर काबिज होने से नादौन के लोगों को लगभग दो दशक बाद इस उत्सब को एक बार फिर शुरू होने की आस जगी है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू वैसे भी नादौन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने नादौन में पहल भी कर दी है इस उत्सब को शुरू करके न केवल इस उत्सव से जुड़े लोगों को रोजगार होगा, बल्कि इससे नादौन में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अब सुक्खू सरकार नादौन वासियों को कब यह तोहफा प्रदान करती है सब की निगाहें इस पर टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय डाक विभाग में निकली बंपर भर्ती

**एसके शर्मा, जाहू**

भारतीय डाक विभाग की ओर से ग्रामीण डाक सेवक के बंपर पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इंडिया पोस्ट ग्रामीण डाक सेवक के 44 हजार पदों पर भर्ती की जानी है। 10वीं पास उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये भर्तियां मेरिट के आधार पर की जानी है।

ऐसे अभ्यर्थी जो 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हैं और सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए यह सुनहरा मौका है। इच्छुक अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। फॉर्म भरने से पहले पात्रता की जांच अवश्य कर लें।

ग्रामीण डाक सेवक पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का भारत सरकार राज्य सरकार भारत में केंद्र शासित प्रदेश से मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण किया हो। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 100 रुपए आवेदन फीस देनी होगी, जबकि अन्य वर्गों के लिए कोई भी नहीं देनी होगी। (अनंत ज्ञान)

# भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान



प्रतियोगिता के विजेता स्टूडेंट्स जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री व अन्य के साथ।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर द्वारा आईटीआई हमीरपुर में विश्व जनसंख्या दिवस जागरूकता शृंखला के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने-अपने संदेश प्रस्तुत किए।

भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान प्रथम, शिवानी द्वितीय व दीक्षा को तृतीय स्थान मिला तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अभिषेक ठाकुर प्रथम, रुचि ठाकुर द्वितीय व श्वेता को तृतीय स्थान मिला। सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री कहा कि यह दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान बढ़ती हुई आबादी की तरफ लाना है, क्योंकि भारत की आबादी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिस पर नियंत्रण पाने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इस अवसर पर बीसीसी समन्यक सलोचना ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर यह अभियान 24 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर संस्थान के प्रिंसिपल सुभाष चंद शर्मा, गीतू, मधुबाला, ज्ञानवती आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**घोटाला** बेरोजगारी भत्ता योजना में युवाओं को दी जानी वाली राशि पर मारा डाका

# उपरोजगार कार्यालय बड़सर में 5,36,000 रुपए का गबन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, इसलिए प्रदेश सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता शुरू किया था ताकि उन्हें रोजगार ढूंढने में सहायता मिल सके, लेकिन उपरोजगार कार्यालय बड़सर में युवाओं के हक को छीन कर डाटा एंट्री ऑपरेटर जो आउटसोर्स कर्मचारी था उसने सैकड़ों युवाओं के साथ धोखा किया है। बताया जा रहा है कि उप रोजगार कार्यालय बड़सर में बेरोजगारी भत्ता योजना पर एक आउटसोर्स कर्मचारी वर्ष 2017 से कार्य कर रहा था। इस योजना पर काम करते हुए आउटसोर्स कर्मचारी ने वर्ष




2021-22 में लगभग 5,36,000 वितीय गड़बड़ी गबन किया है। इस पता विभाग को उस समय चला जब अगस्त 2023 से आउटसोर्स कर्मचारी ने कार्यालय आना बंद कर दिया। उसके बाद विभाग ने बेरोजगारी भत्ते के बारे में पता लगाया तो वितीय गड़बड़ी पाई गई। इस मामले को रोजगार निदेशालय भेजा गया उसके बाद शुक्रवार को ही आउटसोर्स कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए। हैरानी की बात है कि लगभग एक साल से विभाग गबन करने वाले कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करवा पाया। हालांकि, यह मामला एक साल पुराना है और इसकी छानबीन के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ेगी। फिलहाल उप रोजगार प्रभारी बड़सर के शिकायत पर बड़सर पुलिस थाना में आउटसोर्स कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया है। अब आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी। जिसके लिए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं जिला रोजगार अधिकारी**

**जिला** रोजगार अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मेरे आने से पहले ही आउटसोर्स कर्मचारी कार्यालय नहीं आ रहा था। उन्होंने बताया कि अगस्त 2023 के बाद ही इस गड़बड़ी का पता लगा, जिसे पहले शिमला निदेशालय भेजा गया था। निदेशालय से निर्देश आने के बाद ही बड़सर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

**गबन का मामला दर्ज**

**बड़सर** थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि गबन का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सारा रिकॉर्ड कब्जा में लिया जाएगा और छानबीन की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मानसून सत्र अगस्त के आखिर तक हो सकता है शुरू : पठानिया

**मुकेश कुमार, डल्हौजी।** अपने डलहौजी प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र अगस्त के आखिर तक बुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा का आखिरी सत्र 28 फरवरी को हुआ था और संविधान के मुताबिक 6 महीने के अंतराल पर फिर से सत्र बुलाना आवश्यक होता है। इसलिए अब अगस्त के आखिर तक इस सत्र को बुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसकी तारीख सरकार ने तय करनी है जैसे ही सरकार इस बारे में विधानसभा को सूचित करेगी तो वैसे ही मानसून सत्र की तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने डलहौजी में करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा भी लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### मक्की के बचाव के लिए करें कौराजेन का स्प्रे

**राजेश शर्मा, ऊना।** मक्की को बचाने के लिए कृषि विभाग के पास कौराजेन कीटनाशक सभी विकास खंडों में उपलब्ध है। कौराजेन का पहला स्प्रे बुआई के दस दिन बाद मक्की के पत्तों के भंवर में करें। स्प्रे को सुबह के शुरुआती घंटों में या शाम के समय में करना चाहिए और स्प्रे नोजल को पत्ती भंवर की ओर रखा जाना चाहिए, जिसमें लार्वा आमतौर पर फीड करते हैं। बुआई के 18-22 दिन के बाद स्प्रे को दोहराएं। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान ने कहा कि खरीफ मक्का की फसल में फॉल आर्मी वर्म का अधिक प्रकोप दिखाई दे रहा है। इसका अधिक प्रकोप होने पर फसल को एक ही रात में भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इस कीट की व्यस्क मादा मोथ पौधों की पत्तियों और तनों पर अण्डे देती है। एक बार में मादा 50-200 अण्डे देती है। यह अण्डे 3-4 दिन में फूट जाते हैं तथा इनसे निकलने वाले लार्वा 14-22 दिन तक इस अवस्था में रहते हैं। कीट के लार्वा के जीवन चक्र की तीसरी अवस्था तक इसकी पहचान करना मुश्किल है, लेकिन चैथी अवस्था में इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है।

डॉ. धीमान ने कहा कि चैथी अवस्था में लार्वा के सिर पर अंग्रेजी के उल्टे 'वाई' आकार का सफेद निशान दिखाई देता है। इसके लार्वा पौधों की पत्तियों को खुरचकर खाता है जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां दिखाई देती हैं। जैसे-जैसे लार्वा बड़ा होता है, पौधों की ऊपरी पत्तियों को खाता है और बाद में पौधों के भुट्टे में घुसकर अपना भोजन प्राप्त करता है। उपनिदेशक ने कहा कि यह कीट बहु फसल भक्षी है, जो 80 से अधिक फसलों को नुकसान पहुंचाता है। अगर समय रहते फॉल आर्मी वर्म कीट की पहचान कर इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में मक्का एवं अन्य फसलों में भारी तबाही हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

#### मिंजर मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

# सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना सबका दायित्व

**एमएम डैनियल, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि जिला चंबा का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मिंजर मेला देश-विदेश में जिला चंबा की पहचान व शान का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त मिंजर मेला स्थानीय धार्मिक संस्कृति तथा समाज के विभिन्न वर्गों के आपसी मेल मिलाप व भाईचारे का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले के मूल स्वरूप सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना हम सब का दायित्व है उन्होंने आशा व्यक्त की कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रशासन व जन सहयोग से मेले का आयोजन पूर्णतया सुखद एवं शांतिपूर्ण संपन्न होगा। उन्होंने मिंजर मेला 2024 की सभी को अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी।


बैठक दौरान कुलदीप सिंह व उपायुक्त साथ अन्य और (नीचे) मौजूद अधिकारी।

इससे पूर्व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने मिंजर मेला 2024 के संबंध में जिला प्रशासन व मेला आयोजन के लिए गठित विभिन्न उप समीतियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति बारे विधानसभा अध्यक्ष को विस्तृत जानकारी दी।

अमित मेहरा ने बताया कि तह बाजारी उप समिति के द्वारा चंबा चौगान की नीलामी की प्रक्रिया पूरी गई की जा चुकी है जिसके तहत चौहान नंबर 1,2 व 3 से कुल 3 करोड़ 8 लाख 12650 की आय प्राप्त हुई है। बैठक में विशेष रूप से सांस्कृतिक उप समिति, लेखा एवं आय उप समिति, निमंत्रण कार्ड /स्मारिका एवं पुरस्कार वितरण उप समिति, परिवहन उप समिति, चौगान रखरखाव उप समिति, आवास उप समिति तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा उप समिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का बैठक में उपस्थित होने तथा जिला प्रशासन व विभिन्न उप समीतियों के संयोजकों व सदस्यों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन अधिकारियों व कर्मचारियों तथा जन सहयोग से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मिंजर मेला 2024 के आयोजन को बेहतर बनाने का भरसक प्रयास करेगा।

बैठक में विधानसभा क्षेत्र चंबा के विधायक नीरज नैयर, चुराह विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार यशवंत खन्ना, नगर परिषद चंबा की अध्यक्षा नीलम नैयर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक चंद्र भूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल मोंगरा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह तथा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान चंद के अतिरिक्त मिंजर मेला 2024 के लिए गठित विभिन्न समितियों के संयोजक व सदस्यों सहित जिला के विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।( अनंत ज्ञान)

# खाई में गिरी अल्टो कार, दो लोगों की मौत, चार घायल


हादसे के दौरान मौजूद लोग व (दाएं) खाई में गिरी हुई गाड़ी।

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पतोगान नामक स्थान पर शनिवार दोपहर को एक अल्टो कार एचपी 44-3314 दुर्घटना का शिकार हो गई अल्टो कार में छ लोग सवार थे ये लोग थानेइकोठी से बैरागढ़ की तरफ जा रहे थे तो पतोगान नामक स्थान पर अचानक से पहाड़ी से पत्थर दरकने से चालक के सर पर जा लगा जिस वजह से चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण को दिया जिस वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में समा गई।

गाड़ी गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू और इसकी सूचना पुलिस थाना भजराडू में दी लोगों ने घायलों को उठाकर तीसा अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसे में मृतक चालक कयूम खान सुपुत्र शेर खान गांव थानेइकोठी तहसील चुराह जिला चंबा उम्र 32 वर्ष मान देई पत्नी चैन लाल गांव थानेइकोठी उम्र 38 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की पहचान केहर सिंह पुत्र मोतीराम गांव थानेइकोठी तहसील चुराह उम्र 39 वर्ष, कमाल दिन पुत्र किरम 23 वर्ष, पूजा पुत्री मानसिंह 19 वर्ष, मनीषा पत्नी केसु 32 वर्ष गांव थानेइकोठी के रूप में हुई है।

वहीं हादसे की पुष्टि डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा ने की है। हादसे में पुलिस थाना तीसा की टीम ने एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया है। मशीन से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था जिस वजह से पत्थर गाड़ी पर आ गिरा। वहीं चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीण रूटों पर खटारा बसें भेजने से ग्रामीणों में रोष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्रामीण रूटों पर खराब व खटारा बसें भेजने पर ग्रामीणों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। चंबा से राडी रूट पर चलने वाली बस शनिवार को बीच रास्ते में ही खराब हो गई। जिसके कारण एक बार फिर सवारियों को निजी गाड़ी और टैक्सी करके एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचना पड़ा।

ग्रामीणों में अमित शर्मा संजय कुमार अशोक कुमार ने कहा है कि यह बस 5:50 पर चंबा से चलती है और शुक्रवार को यह बस खराब हुआ पुरानी होने के कारण 9:00 बजे गाड़ी बस स्टैंड में पहुंची।

वहीं पर पुरानी व खटारा बस होने के कारण यह बस सुबह राड़ी से चंबा रूट पर नहीं जा सकी, जिसके कारण सवारीयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां के ग्रामीणों का कहना है की निगम द्वारा हेतु यहां पर कभी कबार बस भेजी जाती है ऊपर से जब भी यहां पर बस भेजी जाती है वह खराब खटारा व पुरानी बस भेजी जाती है जो बीच रास्ते में ही खराब हो जाती है। जिसके कारण सवारीयों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा है कि ग्रामीण रूटों पर नई बस चलाई जाए ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना का अंदेशा न रहे।


खड़ी की हुई खराब बस।

इस बारे में आरएम चंबा शुलग कुमार ने कहा है कि शीघ्र ही सरकार द्वारा यहां पर नई बसें भेजी जा रही है। जिसके बाद तमाम रूटों पर नई बसें भेजी जाएगी। फिलहाल अभी बसों की कमी चल रही है।

## अभद्र टिप्पणी को लेकर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आजाद टैक्सी यूनियन के प्रधान सतपाल सिंह समेत अन्य टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने धर्मशाला में कहा कि पंजाब तथा हिमाचल के टैक्सी ऑपरेटरों के विवाद सोशल मीडिया में आए कुछ विडियो के कारण बढ़ गए हैं।

उन्होंने कहा कि लेह में जाने वाली हमारी गाड़ियों को वहां से सवारियों को वापस नहीं लाने नहीं दिया जा रहा था उसका मुख्य कारण ये था कि ऑल हिमाचल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रधान मदन भारद्वाज मनाली की टैक्सी यूनियन के साथ खड़े थे। मनाली तथा लेह टैक्सी यूनियन वालों के बीच ये लिखित तय हुआ था कि लेह वाले मनाली से तथा मनाली से लेह वाले सवारी नहीं उठाएंगे।

# पांगी-चंबा बस सेवा शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

**अजाम डार, तीसा**

जनजातीय क्षेत्र पांगी के लोगों को अब जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए दिक्कतें पेश नहीं आएंगी। एचआरटीसी द्वारा पांगी चम्बा बाया साच पास बस सेवा शुरू कर दी है

जुलाई से पांगी से जिला मुख्यालय के लिए वाया साच पास बस सेवा शुरू की गई। हालांकि इससे पहले निगम की ओर से ट्रायल के रूप में बस को रुट पर भेजा था।

उसके बाद 20 जुलाई को रेगूलर रूट पर चलाया गया। लोक निर्माण विभाग की ओर से निगम को दो दिन पहले सड़क का फिटनेस रिपोर्ट दिया गया है। अब 19 जुलाई को निगम की बस को भी ट्रायल के तौर पर भेजा गया था। पांगी घाटी से जिला मुख्यालय के लिए बस सेवा शुरू होने के बाद सवारियों को टैक्सियों में अत्याधिक किराया खर्च करने की जरूरत नहीं रहेगी।



सवारियां करीब 305 रुपए खर्च कर पांगी मुख्यालय किलाड़ से चंबा व पहुंच पाएंगी। इससे इससे पहले सवारियों को टैक्सियों में करीब एक हज़ार रुपए किराया खर्च कर चंबा व किलाड़ पहुंचना पड़ता था। किलाड़ से चंबा के लिए एचआरटीसी की बस चलने से लोगों को अधिक सफर करने से भी निजात मिलेगी। चंबा से वाया साच पास किलाड़ की दूरी करीब 175 किलोमीटर है। इस दूरी को तय करने में आठ से दस घंटे का समय लगेगा।यह बस किलाड़ से सुबह 9 बजे चंबा के लिए रवाना होगी। वहीं चंबा से सुबह 5:15 को किलाड़ पांगी रूट पर चलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरएम चंबा शुगल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की चंबा किलाड़ बस सेवा बहाल हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## महिला के गले से दो तोले की चैन लेकर आरोपी फरार

**अनंत ज्ञान, गगल।** एक चैन सनेचर महिलाओं का गिरोह एक महिला के गले से चैन को काटकर फरार हो गया।

प्रभावित महिला सकीना बीवी जो ज्वाली की रहने वाली बताई जाती है और वह अपनी बेटी कारिनी के घर बड़ी में जा रही थी और बनोई चौक पर बस का इंतजार कर रही थी। सकीना बीवी ने बताया कि इस मामले में गग्गल पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है।

उधर गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरो की फुटेज भी खंगाल रही है।

# मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर : ललित


जातर मेले के दौरान अतिथि को सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत गैहरा के गांव जौवा में नाग मंदिर युवक मंडल जौवा द्वारा जातर मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। इस जातर मेले में हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस जातर मेले के दौरान पहाड़ी कलाकार वह स्थानीय लोगों द्वारा कई रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि ललित ठाकुर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा है कि इस मेले में मिंजर मेले की तरह भीड़ नजर आ रही है जो बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा है की मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसे बचाए रखना हम सब का कर्तव्य है।

उन्होंने कमेटी का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा है की मेला कमेटी ने यहां पर शानदार काम किया है जिसके बदौलत मेला शानदार हुआ है।

# 28 अगस्त से 11 सितंबर तक होगी मणिमहेश यात्रा

**एमएम डैनियल, चंबा**

▶ **श्री मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर की बैठक**

उत्तरी भारत की प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा की अग्रिम तैयारियों के संबंध में बचत भवन चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की। बैठक में मणिमहेश यात्रा के दौरान प्रशासनिक दायित्वों तथा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुख सुविधाओं वारे गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत कानून व्यवस्था, सड़कों के मुरम्मत संबंधी कार्यों, परिवहन सुविधा, यातायात व पार्किंग प्रबंधन, साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के पंजीकरण, भोजन तथा रहने संबंधी व्यवस्थाओं, जलापूर्ति, चिकित्सा सुविधा, विद्युत एवं ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं, दूरसंचार व सूचना प्रणाली,संभावित आपदा की स्थिति में बचाव कार्यों के अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी गतिविधियों वारे विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि श्री मणिमहेश यात्रा 28 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित होगी तथा इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों व व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा किया जाए। सरकार इस बार श्री मणिमहेश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को हेली टैक्सी सुविधा चंबा से उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।

इससे पूर्व श्री मणिमहेश यात्रा के संबंध में प्रशासनिक तैयारियों वारे एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने पावरप्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों बारे जानकारी दी । बैठक में विधानसभा क्षेत्र चंबा के विधायक नीरज नैयर, चुराह विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार यशवंत खन्ना, नगर परिषद चंबा की अध्यक्षा नीलम नैयर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश मोंगरा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक चंद्र भूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल मोंगरा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह तथा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान चंद के अतिरिक्त मिंजर मेला 2024 के लिए गठित विभिन्न समितियों के संयोजक व सदस्यों सहित जिला के विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।( अनंत ज्ञान)

# मानसून के चलते विभागीय अधिकारियों को जरूरी आदेश जारी

**एमएम डैनियल, चंबा**

मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदा व खतरे से संबंधित तैयारियों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की।

बैठक में मानसून सीजन के दौरान संभावित खतरे व आपदाओं से बचाव बारे विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विधुत विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला के जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों द्वारा वर्षा के दौरान संभावित खतरे तथा आपदाओं से बचाव रोकथाम के लिए उठाए गए आवश्यक कदमों वारे विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वर्षा के दौरान शहरों कस्बों तथा अन्य स्थानों पर उचित जल निकासी के लिए नालियों इत्यादि की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक दवाइयों का भंडारण किया जाए।( अनंत ज्ञान)

| सूडोकु | 0002 | | | | | | ***** कठिनतम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुण 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सुडोकु 0001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## गुरु पूर्णिमा पर होंगे कार्यक्रम आयोजित : निहालचंद

**अनंत ज्ञान, मंडी ।** भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि 21 जुलाई को श्री गुरु पूर्णिमा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी और निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक, आध्यात्मिक, कथावाचक, संस्कृत, पारंपरिक पाठशालाओं, कला एवं संस्कृति, संगीत एवं नृत्य, मार्शल आर्ट सीखा रहे गुरुओं के सम्मान में अभिनंदन और सम्मान समारोह जिला व मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कार्यक्रमों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

## गैहरा पियूहरा ढैलपा सड़क पर पलटी मारुति कार

**अनंत ज्ञान, गैहरा**

सरकार प्रशासन व विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण गैहरा पियूहरा ढैलपा सड़क पर तंग सड़क व कैंची मोड तंग होने के कारण एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई।

हालांकि गनीमत यह रही कि इस हादसे में सभी कार सवार सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम इस सड़क पर ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क के नीचे पलट गई। दुर्घटना के कारण तंग मोड व तंग सड़क बताया जा रहा है। स्थानीय लोग इस सडक को लेकर सैकड़ों बार सरकार प्रशासन व विभाग को अवगत करा चुके हैं।

सड़क तंग व कैची मोड़ बहुत ही तंग होने के कारण यहां पर हर समय हादसों का डर लगा रहता है। सरकार व विभाग ने यहां पर आनंद-खनन में सड़क तो बना दी है लेकिन उसके बाद उसकी मुरम्मत न करने के कारण यहां पर हर रोज हादसों का डर लोगों को लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने सरकार प्रशासन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क की सुध ली जाए ताकि आने वाले समय में लोग किसी भी दुर्घटना का शिकार न हो।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

21 जुलाई, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** पूर्णिमाः (3:48) **: नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा (00:14), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** विश्कुम्भ (09:10) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54), **राहुकाल** (5:35 -7:18 ।

**विशेष दिन**

» 21 जुलाई 2024 : सत्य व्रत व्यास पूजा आज।

» 21 जुलाई 2024 : गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा ।

**वृषभ:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बहकाने से सपने संबंध तोडने से बचें।

**मिथुन:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

**कर्क:** स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद लेनी पड़ सकती है। क्रोध से परिजन ना खुश होंगे।

**सिंह:** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दुसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा।

**कन्या:** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास होगा।

**तुला:** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आए परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सोहार्द बना रहेगा।

**वृश्चिक:** हिसाब से जिंदगी जीना पसंद करेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भूमि-भवन संबंधी विवादों का अंत होगा।

**धनु :** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मकर:** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें।

**कुंभ:** सेहत को नजरअंदाज न करें। आनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। अपने संपर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे।

**मीन:** जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

### स्वास्थ्य सेवाओं की असलियत बयां करती नागरिक अस्पताल सरकाघाट की कहानी

# गायनी स्पेशलिस्ट की जगह ड्यूटी दे रहा एमबीबीएस पति

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आई सुक्खू सरकार में स्वास्थ्य विभाग ने भी व्यवस्था परिवर्तन में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है जिसका जीता जागता उदाहरण है। नागरिक अस्पताल सरकाघाट में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ की जगह उसके पति द्वारा महिला रोगियों को ट्रीटमेंट देना हालांकि गायनी स्पेशलिस्ट का पति एमबीबीएस है और इस अस्पताल से पंद्रह किलोमीटर दूर डरवाड़ स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है।

हैरान करने वाली बात यह है कि पति संधोल मेडिकल ब्लॉक में तैनात है जबकि उसकी पत्नी ब्लॉक बल्दवाड़ा के अधीन। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक ड्यूटी रोस्टर में डॉक्टर पत्नी की ही ड्यूटी अंकित है लेकिन उसके


ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर।

बावजूद पति ने न केवल महिला रोगियों को चैक किया बल्कि उन्हें ओपीडी के बाद एडमिट भी किया। नागरिक अस्पताल सरकाघाट में महिला रोग विशेषज्ञ की जगह उसके पति द्वारा सेवाएं देने से मरीजों के परिजनों में भारी रोष है महिला रोगी जहां विशेषज्ञ की सेवाएं न मिलने से परेशान है।

वहीं 15 किलोमीटर तैनात पति द्वारा नागरिक अस्पताल सरकाघाट में गायनी स्पेशलिस्ट पत्नी की जगह महिला मरीजों को चेक किया जा रहा है। हैरानी इस बात की है कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के तमाम कायदे कानून को दरकिनार करते हुए पत्नी बीएमओ बल्दवाड़ा के अधीन नौकरी कर रही है जबकि पति बीएमओ संधोल के अधीन धर्मपुर क्षेत्र के डरवाड़ पीएचसी में कार्यरत है किसी भी हालत में एक दूसरे की जगह नौकरी नहीं कर सकते हैं। दरसल नागरिक अस्पताल सरकाघाट में गायनी स्पेशलिस्ट डॉक्टर आकांक्षा शर्मा की जगह बीती शाम उसके पति डॉक्टर केशव शर्मा ड्यूटी दे रहे थे जबकि डॉक्टर शर्मा न तो इस अस्पताल में डॉक्टर है और न ही उनकी कोई भी ड्यूटी थी जबकि ड्यूटी रोस्टर में भी डॉक्टर आकांक्षा शर्मा की ड्यूटी लगी हुई थी।डॉ. केशव ने नाइट ड्यूटी के तहत न सिर्फ मरीजों को चेक किया बल्कि उन्हें अस्पताल में एडमिट भी किया इससे पहले करीब शाम 5:00 बजे महिला डॉक्टर अपने घर चली गई थी। ड्यूटी दौरान जिन मरीजों के डॉक्टर ने टेस्ट लिखे थे वह देर शाम तक डॉक्टर को ढूंढ रहे थे।

लोगों ने इस सारे मामले की स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से जांच की मांग की है। वहीं डॉ. केशव का कहना है कि उनकी पत्नी बच्चे को दूध पिलाने गई थी इसलिए वह खुद मरीजों को चेक करने लगे, लेकिन मरीजों के गले यह बात नहीं उतर रही कि पत्नी कितनी देर के लिए दूध पिलाने चली गई कि पति को पंद्रह किलोमीटर दूर अपनी ड्यूटी छोड़ कर सरकाघाट अस्पताल आना पड़ा।( अनंत ज्ञान)

### डॉक्टर को नोटिस जारी

**नागरिक** अस्पताल सरकाघाट के प्रभारी एवं बीएमओ का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे डॉक्टर देशराज शर्मा ने कहा कि वह कल बल्दवाडा अस्पताल की इंस्पेक्शन में गए थे । उन्हें शिकायत मिली है। नियमों के मुताबिक किसी भी हाल में पति ड्यूटी नहीं कर सकता था । महिला डॉक्टर को नोटिस जारी कर लिखित जवाब मांगा है।

### मामले की होगी पूरी जांच : सीएमओ

**सीएमओ** मंडी डॉक्टर नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि उन्हें मौखिक शिकायत मिली थी अभी तक लिखित नहीं मिली है लिखित शिकायत मिलते ही इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

> **खुश** लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

# बांग्लादेश में हिंसा की आग

बांग्लादेश बीते कई दिनों से हिंसा की आग में झुलस रहा है। कई जगह आगजनी हो रही है तो कई जगह छात्र सरकारी दफ्तरों को निशाना बना रहे हैं। मामला आरक्षण से जुड़ा हुआ है। बांग्लादेश में अब तक 105 लोगों की जान जा चुकी है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शन और हिंसा के बीच देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। हिंसा पर काबू पाने के लिए सेना को उतारा गया है। स्कूल-कॉलेजों और मदरसों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। मोबाइल और इंटरनेट सेवा को भी बैन कर दिया है। गनीमत है कि बांग्लादेश में रह रहे 8,500 छात्रों समेत 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं। मोदी सरकार ने 125 छात्रों समेत 245 भारतीयों की वापसी का प्रबंध किया है। वे सभी स्वेदश लौट आए हैं। छात्र आखिर हिंसा क्यों कर रहे हैं? इसका 1971 के 'मुक्ति युद्ध' से क्या ताल्लुक है? इन सवालों के जवाब जानने जरूरी हैं। दरअसल, बांग्लादेश में मौजूदा आरक्षण प्रणाली के तहत 56 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित हैं, जिसमें 30 प्रतिशत 1971 के मुक्ति संग्राम स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए हैं। 10 प्रतिशत पिछड़े जिलों के अल्पसंख्यक समूहों के लिए, 10 प्रतिशत महिलाओं के लिए और पांच प्रतिशत जातीय लोगों के लिए हैं तो वहीं, एक प्रतिशत विकलांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए जो 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, इसी को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं।

यूनिवर्सिटी के छात्र 1971 के मुक्ति युद्ध में लड़ने वाले सेनानियों के बच्चों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। छात्रों की मांग है कि इस व्यवस्था को खत्म किया जाना चाहिए और मैरिट के आधार पर नौकरी दी जानी चाहिए। 1971 में पाकिस्तान से आजादी की जंग लड़ने वालों को बांग्लादेश में 'मुक्ति योद्धा' कहा जाता है। भारी बवाल और विरोध-प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकारी टेलीविजन पर आकर देश को संबोधित कर चुकी हैं। उन्होंने लोगों से शांति की अपील की, लेकिन उनके संबोधन के बाद प्रदर्शन और उग्र हो गए। आलम यह हो गया है कि आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सरकारी टेलीविजन के दफ्तर पर अटैक कर दिया और उसे आग लगा दी। जिस दौरान यह आगजनी हुई, उस वक्त कई समाचार पत्रों के पत्रकारों समेत करीब 1200 कर्मचारी वहां मौजूद थे। हालांकि पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें जैसे-तैसे बचा लिया। साल 2018 में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद सरकार ने आरक्षण का कोटा खत्म कर दिया था, लेकिन बीते पांच जून को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फिर से आरक्षण लागू करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 2018 से पहले जैसे आरक्षण मिलता था, उसे फिर से उसी तरह बहाल किया जाए।

बांग्लादेश में हर साल तीन हजार के आसपास सरकारी नौकरियां निकलती हैं और उनके लिए चार लाख से ज्यादा अभ्यर्थी आवेदन करते हैं, लेकिन इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 1971 के मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए है, जिससे लोगों में खासी नाराजगी है। ये दंगे सरकारी नौकरियों में आरक्षण खत्म करने के लिए हो रहे हैं। हमारे देश भारत में दंगे होते हैं आरक्षण प्राप्त करने के लिए, लेकिन बांग्लादेश में दंगे हो रहे हैं, आरक्षण समाप्त करने के लिए। बांग्लादेश में स्थिति बेकाबू हो गई है। वहां पर न कोई जाति के नाम पर आरक्षण है और न ही धर्म के नाम पर। सरकार को चाहिए कि इस आरक्षण के खिलाफ बकायदा एक कानून बनाए। सरकार को इस संकट के हल के लिए एक बिल लाना चाहिए और संविधान के तहत कानून बनाकर हमेशा के लिए संवैधानिक रूप से इस आरक्षण को समाप्त कर देना चाहिए। अगर सरकार संवैधानिक रूप से कानून बना देती है तो यह दंगे स्वत: ही खत्म हो जाएंगे, लेकिन सरकार यह करना नहीं चाहती। इसके पीछे राजनीतिक मंशा वोट बटोरने तथा अपनों को लाभ पहुंचाने की हो सकती है, तभी तो प्रदर्शनकारी छात्र बांग्लादेश सरकार से पाकिस्तान के साथ 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले लोगों के परिवारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये कोटा प्रणाली शेख हसीना की अवामी लीग के समर्थकों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो राजनीतिक विश्लेषक की अच्छे से समझा सकते हैं। बहरहाल, शेख हसीना सरकार को इस मसले को जल्द से जल्द सुलझा लेना चाहिए वरना देश में अराजकता फैल जाएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### लोकप्रिय भारतीय कवि और गीतकार



आनंद बख्शी
जन्म : 21 जुलाई, 1930
मृत्यु : 30 मार्च, 2002

**आनंद** बख्शी लोकप्रिय भारतीय कवि और गीतकार थे। उनका जन्म पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में हुआ था। बख्शी उनके परिवार का उपनाम था, जबकि उनके परिजनों ने उनका नाम 'आनंद प्रकाश' रखा था, लेकिन फिल्मी दुनिया में आने के बाद 'आनंद बख्शी' के नाम से उनकी पहचान बनी। उनके पिता मोहन लाल वैद बख्शी रावलपिंडी में एक बैंक मैनेजर थे और जिन्होंने देश विभाजन के बाद भारतीय सेना को सेवा प्रदान की। आनंद बख्शी ने केवल 10 वर्ष की आयु में अपनी मां सुमित्रा को खो दिया और अपनी पूरी जिंदगी मातृ प्रेम के पिपासु रह गए। उनकी सौतेली मां ने उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। इस तरह से आनंद अपनी दादी मां के और करीब हो गए। आनंद बख्शी साहब ने अपनी मां के प्यार को सलाम करते हुए कई गाने भी लिखे, जैसे कि 'मां तुझे सलाम' (खलनायक), 'मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले' (छोटा भाई), 'तू कितनी भोली है' (राजा और रंक) और 'मैंने मां को देखा है' (मस्ताना)। 'मोम की गुड़िया' सन 1972 की फिल्म थी। यह कम बजट की फिल्म थी। यही वह फिल्म थी, जिसमें पहली बार आनंद बख्शी को गीत गाने का मौका मिला था। 'मैं ढूंढ रहा था सपनों में' यह गीत सब को इतनी पसंद आया कि मोहन कुमार ने सब को आश्चर्य चकित करते हुए घोषणा कर दी कि आनंद बख्शी एक डुएट लता मंगेशकर के साथ भी गाएंगे। आनंद बख्शी 40 बार 'फिल्मफेयर पुरस्कार' के लिए नामित किए गए और चार बार यह पुरस्कार उनके खाते में आया। अंतिम बार 1999 में सुभाष घई की 'ताल' के गीत 'इश्क बिना क्या जीना' के लिए उन्हें फिल्मफेयर से नवाजा गया था। इसके अलावा भी उन्होंने कई पुरस्कार प्राप्त किए थे। ■

## अपनी बात

**प्रदूषण** नियंत्रण के लिए हमें व्यक्तिगत संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग के साथ तकनीकी उपायों का अध्ययन करना होगा, ताकि हम एक प्रदूषण मुक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। प्रदूषण एक जटिल समस्या है जिसका समाधान विज्ञानिक दृष्टि से होना चाहिए, क्योंकि यह पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। इससे प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा हो रहे हैं। इससे वायुमंडल, जल और खाद्य में दूषित हो रहे हैं। प्रदूषण का सीधा संबंध प्रकृति से मानते हैं, लेकिन यह सिर्फ किसी भी एक चीज को होने वाली हानि या नुकसान से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि उन सभी प्राकृतिक संसाधनों को खराब करने या व्यर्थ करने से है, जो हमें प्रकृति ने बड़े ही सौंदर्य के साथ सौंपे हैं। अब समय आ गया है कि हमें पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रयास करने ही होंगे।
-आंचल शर्मा, नूरपुर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# गुरु के सम्मान में मनाया जाता है गुरु पूर्णिमा का पर्व



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

गुरु शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरु में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है। संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है।

गुरु पूर्णिमा गुरु व शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है। महान संत कबीरदास जी ने गुरु के महत्व को इस तरह बताया है 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय।' अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हो तो गुरु के चरण पहले छूना चाहिए क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राज सिंहासन पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरूर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर होता है। प्राचीन भारत में आज की तरह स्कूल, कॉलेज नहीं होते थे। उस समय गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जाती थी। समाज के सभी वर्गों के बालक गुरुकुल जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

वो गुरुकुल (आश्रम) में ही रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे। गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गए। आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है।

उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था, वे कबीरदास के शिष्य थे। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्योहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है। जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरु अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा का महत्व है। गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी व ज्ञानवर्धक होता है। आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमें गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु ही कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरुजनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिए।

उन्होंने जो ज्ञान हमें दिया उनका मूल्य कभी भी नहीं चुकाया जा सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रति वर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव अपनी सभी शाखाओं पर मनाता है। संघ के छह उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा भी है। गुरु पूर्णिमा के दिन देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाएंगे। संघ के स्वयंसेवक किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। उस दिन भगवा ध्वज की पूजा करने के साथ-साथ गुरु के प्रति जो भी बनता है समर्पण भी करते हैं। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने स्वयंसेवकों के लिए गुरु पूजा प्रारंभ की। यह गुरु कोई व्यक्ति नहीं बल्कि भगवा ध्वज है। संघ तत्व पूजा करता है व्यक्ति पूजा नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गुरु के स्थान पर भगवा ध्वज को स्थापित किया है। भगवा ध्वज त्याग, समर्पण का प्रतीक है। स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है। इसलिए भगवा, केसरिया त्याग का प्रतीक है। नेपाल में इसे गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। छात्र अपने गुरु को व्यंजन, फूल मालाएं, विशेष रूप से बनाई गई टोपी पहनाकर गुरु का स्वागत करते हैं।

स्कूल में गुरु की मेहनत को प्रदर्शित करने के लिए मेलों का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाकर गुरु-शिष्य का रिश्ता और भी मजबूत हो जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु यंत्र की स्थापना करने से जीवनभर सौभाग्य में कमी नहीं होती है। हर कार्य पूरे होते हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है। जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास को प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार हों। गुरु पूर्णिमा को भारत, नेपाल और भूटान में हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायी उत्सव के रूप में मनाते हैं। महात्मा बुद्ध ने इस दिन उत्तर प्रदेश के सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# ड्रोन की तकनीक से होगा कृषि कार्य बहुत आसान



लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में कृषि के विकास के लिए कई योजनाओं को लेकर आते रहते हैं। इसी के चलते ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2024-25 से 2025-26 के दौरान 1261 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है।

अनुमान है कि कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन किराए पर लेकर महिला किसान सालाना एक लाख रुपए तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर सकती हैं। सरकार की ओर से किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अलावा सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी काम कर रही है। ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को 15 हजार ड्रोन बांटे जाएंगे, जिस पर कुल 1261 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वर्तमान समय में भारत में कुल 6,28,221 गांव हैं। ड्रोन को सभी के लिए उपलब्ध कराना होगा ताकि खेती का तरीका बदला जा सके। लेकिन एक ड्रोन की कीमत 6 से 10 लाख रुपए तक होती है और यह पांच से सात साल तक ही प्रभावी रहता है, इसीलिए रासायनिक उर्वरक बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी कंपनी इफको खुद 2,500 एग्री ड्रोन खरीद रही हैं, ताकि इसे किराये पर देकर नैनो यूरिया व डीएपी का छिड़काव कराया जा सके। केंद्र सरकार भी इस कमी को पूरा करने की कोशिश कर रही है।

ड्रोन सब्सिडी के लिए देशभर से 15 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों का चयन किया जाएगा। ड्रोन खरीदने के लिए महिला समूहों को ड्रोन एवं एसेसरीज/एक्सेसरीज शुल्क का 80 प्रतिशत (अधिकतम आठ लाख रुपए) केंद्रीय सहायता के रूप में दिया जाएगा। शेष राशि राष्ट्रीय कृषि इंफ्रा फाइनेंसिंग सुविधा (एआईएफ) के तहत ऋण के रूप में जुटाई जा सकती है। इस ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। ऐसे महिला स्वयं सहायता समूहों की पहचान की जाएगी जहां ड्रोन का उपयोग आर्थिक रूप से संभव है और विभिन्न राज्यों में पहचाने गए समूहों में 15,000 प्रगतिशील महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने के लिए चुना जाएगा।

ड्रोन खरीदने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन और सहायक उपकरण शुल्क का 80 प्रतिशत या अधिकतम 8 लाख रुपए केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में दिए जाएंगे। इसके लिए एआईएफ लोन पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज छूट प्रदान की जाएगी। महिला स्वयं सहायता समूहों का एक सदस्य, जो पूरी तरह से योग्य है, जिसकी आयु 18 वर्ष और उससे अधिक है, को 15 दिनों के ड्रोन प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा। पांच दिनों की अनिवार्य ड्रोन पायलट ट्रेनिंग होगी। जबकि कृषि कार्य में पोषक तत्वों एवं कीटनाशकों के प्रयोग पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### गुरु वंदना



हरिराम धीमान
नालागढ़

*प्रथम नमन निज जननी को,*
*जिसने यह संसार दिखाया।*
*उंगली पकड़ जिसने मेरी,*
*मुझे संभल कर चलना सिखाया।*
*पिता और मामा, चाचा जी जैसे,*
*रिश्तों का सहज बोध कराया।*
*द्वितीय नमन उन शिक्षकों को*
*जिन्होंने अक्षर ज्ञान दिलाया।*
*मेरे जीवन को सफल बनाया॥*
*तृतीय नमन उन महापुरुषों को*
*जिन से जीवन को दिशा मिली।*
*नर सेवा ही नारायण सेवा है,*
*राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिली॥*
*शत-शत नमन उस जगत पिता को,*
*सांसों की डोरी को जो थाम रहा है।*
*करता मेरे सारे काम वह ही,*
*दुनिया में हो मेरा नाम रहा है॥*

# आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं, धैर्य बरतना जरूरी



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

इंसानों में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं के चलते अब एक रोबोर्ट ने आत्महत्या करके सभी को हैरान कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट अनुसार साउथ कोरिया में एक रोबोर्ट की ड्यूटी रात्रि शिफ्ट में एक नगर पालिका में थी। रोबोर्ट पर काम का बोझ अत्यधिक था, इसलिए उसने तनाव में आकर स्वयं अपनी इहलीला समाप्त कर ली। आजकल ज्यादातर लोगों में सहनशीलता, आत्मविश्वास की बहुत अधिक कमी आंकी जा सकती है। नतीजतन लोग मामूली सा तनाव झेलने के बजाए अपनी इहलीला समाप्त किए जा रह हैं, जो कि चिंताजनक है। हिमाचल प्रदेश में आत्महत्या किए जाने वाले मामलों में वृद्धि होना शोध का विषय है? युवाओं से लेकर सरकारी कर्मचारी तक तनाव में आकर आत्महत्याएं किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस जवान ने अपने आला अधिकारियों पर उसे परेशान किए जाने के संगीन आरोप लगाकर इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके सनसनी फैला दी।

ताजा घटनाक्रम में जिला चंबा में एक पुलिस जवान ने स्वयं को अपनी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या की। ठीक ऐसा ही मामला डमटाल क्षेत्र की एक पुलिस चौकी में घटित हो चुका है। जनता के जान, माल की रक्षा करने वाले पुलिस कर्मचारी ही तनाव झेलने के लिए सक्षम नहीं तो आम जनमानस के बारे क्या कहा जा सकता है। इंदौरा पंचायत मंड मियाणी के चौकीदार, जिला हमीरपुर से ताल्लुक रखने वाले अग्निवीर,जिला कांगड़ा में एक महिला और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीबीए छात्र द्वारा पानी के टैंक से कूदकर आत्महत्या किए जाने का दु:खद मामला प्रकाश में आया है। कुछेक सरकारी विभागों में राजनीतिक हस्तक्षेप कहीं अधिक और स्टॉफ उतना ही कम है। आलाधिकारी नेताओं के हाथों की कठपुतलियां बनकर रह जाते, जिसका खामियाजा निचले कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। जिंदगी में तनाव झेलने वाला व्यक्ति ही सफलता की सीढ़ियां चढ़ता यह स्मरण रखने की जरूरत है। आत्महत्या करने की बजाए, उस समस्या का सामना करने वाला व्यक्ति ही महान कहा जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों पर काम का बोझ इस कदर अत्यधिक होता, कि वह उसे निपटाने की बजाए अपनी जिंदगी ही खत्म किए जाने का फैसला अब क्यों ले रहे हैं?

पुलिस कर्मचारियों की ट्रेनिंग ऐसी मुहैया करवानी होगी, जिससे उनमें आत्मविश्वास की वृद्धि होकर वह तनाव झेलने में सक्षम बन सकें। आत्महत्या किए जाना कोई मानसिक रोग नहीं है। अपनी जिंदगी समाप्त किए जाने का विचाार लोगों में अचानक घर नहीं करता है। ऐसे पीड़ित व्यक्ति की बातों को ध्यान से सुनना, उसके प्रति सहानुभूति दर्शाना उसमें आशा की किरण जगा सकता है। जिंदगी में कुछेक रिश्ते ऐसे होने जरूरी जिनसे एक आम व्यक्ति अपनी तमाम बातें सांझी कर सके। बदलते सामाजिक दौर के चलते संयुक्त परिवार निरंतर बिखर रहे हैं।

आजकल घरों की चार दीवारी अंदर भी इंसान अकेला बनकर रहना चाहता है। अकेलापन लोगों को अंधर से खोखला कर रहा जिसके चलते उनमें निराशा बड़ी है। खून पानी बनता जा रहा, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आपसी मेल मिलाप, भाईचारा, प्यार, सहानुभूति, लगाव सब खत्म हो रहा है। आसपास पड़ोस, रिश्तेदारों के घर जाना,उत्सव मनाना तक केवल मात्र दिखावा बनकर रह गया है। आत्मीयता से कोई काम नहीं हो रहा फिर लोगों में आत्मविश्वास, सहनशीलता की कमी आना स्वाभिक है। सोशल मीडिया के कारण लोगों की नकारात्मक सोच में वृद्धि हो रही है। 24 घंटे लोग सोशल मीडिया में अपनी मित्र सूची बढ़ाने, वीडियों रियल बनाने में मशगुल हैं। सच बात तो यह कि सोशल मीडिया जब से अस्तित्व में आया लोग खान-पान सही नहीं कर रहे और आंखों से मानों नींद ही गायब हो चुकी है। सोशल मीडिया जरिये बढ़ रहे प्रेम प्रसंग चलते भी आत्महत्या मामलों में वृद्धि हो रही हैं। युवाओं के शरीर का बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास होता है।

ठीक वैसे ही उनमें प्रत्येक चीज को जानने की उत्सुकता भी कहीं अधिक बढ़ जाती है। अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ मित्रतापूर्ण स्वेया अपनाना चाहिए। युवक, युवतियां इस आकर्षण को प्यार समझने की गलती करते हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर युवा पीढ़ी ऐसी हरकतें करके अपने दिल को बहलाने की कोशिश करते हैं। एक रिश्ते को हासिल करने के लिए अपने परिवारजनों, रिश्तेदारों और समाज की भावनाओं को कुचलना पड़े, तो युवा पीढ़ी को ऐसा कदम कतई नहीं उठाना चाहिए। युवा पीढ़ी लक्ष्यहीन बनकर प्रेम प्रसंगों के चककर में पढ़कर अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। समाज में नशीले पदार्थों के प्रचलन से युवा पीढ़ी उसकी गिरफ्त में आ चुकी, जिसके गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रेम में नाकाम रहने वाले आशिक लड़कियों पर कातिलाना हमला करके अपनी क्रूरता का प्रमाण दे रहे हैं। मगर बावजूद इसके युवा पीढ़ी फिर भी कोई सीख लेने की कोशिश नहीं कर रही है। अभिभावक, अध्यापक बच्चों में संस्कार, नैतिक मूल्य भरने में नाकाम हैं। अभिभावक बच्चों पर मनचाही डिग्रियों में पर्सेंटेज अंक लेने का हमेशा दबाव बनाकर रखते हैं। छात्र कई बार अभिभावकों के इस तनाव को झेल नहीं पाते और आत्महत्या करके अपनी जिंदगी समाप्त कर लेते हैं। छात्रों का जीवन आजकल के दौर में बहुत आरामदायक मगर वे सबसे अधिक तनाव में नजर आ रहे हैं। आजकल इंसान अपने काम से इतना तनावग्रस्त नहीं जितना लगातार स्मार्ट मोबाइल चलाने से गुसेल और चिड़चिड़ापन वाला बन गया है। स्मार्ट मोबाइल, लेपटाप पर अधिकतर समय बिताने वालों में तनाव कहीं अधिक बढ़ जाता, इसकी पुष्टि एक रिपोर्ट में हो चुकी है।

स्कूलों में शारीरिक अध्यापकों के पद रिक्त चल रहे, ऐसे में छात्रों को खेलकूद से जोड़ना चुनौती है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन बसता, इसलिए छात्रों में मानसिक तनाव खेलकूद से कम किया जा सकता है। अध्यापक सिर्फ किताबें पढ़ाने तक सीमित होकर रह गए हैं। छात्रों को होमवर्क दिए जाने की परंपरा अब खत्म हो रही है। नतीजतन छात्र घरों में सिर्फ स्मार्ट मोबाइल फोन पर व्यस्त रहना कहीं अधिक पसंद करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# समाज बाबाओं से नहीं, भगवान श्रीराम से ले प्रेरणा



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यूपी के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में लगभग 144 लोगों की मौत हो चुकी है। यह सत्संग जिस नारायण हरि बाबा का चल रहा था, यूपी पुलिस की शुरुआती जांच में उनका असली नाम सामने आया है। इस बाबा का असली नाम सूरजपाल सिंह है। टीवी में देखा कि वो चक्र चला रहे हैं और सक्योरिटी गार्ड का कवच है, कई तो रोग ठीक होने का दावा कर रहें, टीवी पर उसका वकील भी सामने आया और कहा बाबा ने संवेदना दी है, आखिर पकड़ से बाहर क्यों है। लोगों को सोचना चाहिए जब भगवान श्री राम एक मात्र ईश्वर स्वरूप हैं, तो आप शांति से उसका ध्यान करें।

150 लोगों से अधिक मौत का कारण बनने वाले बाबा आखिर कहां छिप गए हैं, कहां गया चमत्कार यदि भगवान श्री राम की तरह पत्थर की अहिल्या को जिंदा किया, आप भगवान श्री राम का स्मरण करें, वहीं जन्म देता और अंत में राम नाम सत्य होता है। परमात्मा भगवान श्री राम ही है, आप इधर उधर मत भटकिए सब अपने-अपने स्वार्थ में लगे हैं, आप कर्म करें फल भगवान श्री राम जरूर देंगे। हमें लगता है बाबा को जानबूझकर छिपा दिया गया और मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा करना अन्याय होगा, भगदड़ में आखिर ऐसा कहना, कि हादसे के समय मैं नहीं था, यह बचने का तरीका है। आप समझ गए होंगे कि आपसे पल्ला छुड़ा लिया, यह दरअसल आपके मन को टटोल कर ब्रेनवाश कर दिया जाता है, यदि चमत्कार मानते हैं, तो मारे गए लोगों को जिंदगी दे दें, लेकिन यह कोई नहीं कर सकता है।

भगवान राम की कृपा से ही सभी संत महात्मा हुए और कोई चमत्कार नहीं करते बल्कि विचार को शुद्ध करते हैं। नारायण साकार हरि खुद को भगवान बनाने से कुछ नहीं मिलेगा, वस एक नाम भगवान श्री राम का लें लें सभी कष्टों से मुक्ति मिलेगी। सत्संग में ढाई लाख जुटने का दावा तो करते हैं, लेकिन भगदड़ की जिम्मेदारी तो लेनी ही होगी, क्योंकि प्रोग्राम का आयोजन उनके द्वारा हो रहा था, आखिर क्यों इतनी भीड़ जब भगवान श्री राम हैं भगवान राम भारत देश के एक लोकप्रिय देवता हैं। पूरे भारत देश में भगवान राम का एक महान और आदर्श व्यक्ति के रूप में सम्मान में सत्कार किया जाता है। भगवान श्री राम ने 14 वर्ष का वनवास अपने भाई लक्ष्मण व अपनी पत्नी सीता के साथ पूरा किया।

वनवास के समय लंका पति रावण ने सीता जी का अपहरण कर लिया था, तब भगवान श्री राम ने लंका जाकर रावण का वध किया और सीता माता को मुक्त कराया। राम ने कभी अपने जान की परवाह नहीं की अपने भक्तों, यहां तक कि एक गिलहरी को भी आशीर्वाद दिया, ऐसा भगवान कहां मिलेगा। अत: भगवान श्री राम को ही माने आपके कष्ट दूर होंगे, मौत का भय खत्म हो जाएगा। क्या होता कि आपकी बॉडी कुछ इस तरह बनी होती, कि रोग अपने आप ठीक होते हैं, बॉडी में एंटीबायोटिक होता है और आप उसे किसी चमत्कारी बाबा से जोड़ देते हैं, लेकिन मौत को कोई काबू नहीं कर सकता है। अत: भगवान राम ही एक मात्र ऐसे हैं, जो सबको आशीर्वाद देते हैं। ध्यान इधर-उधर मत भटकाए, कबीर दास कहते हैं, कस्तूरी कुंडलि बसै मृग ढूंढे बन माहि। ऐसे घटी घटी राम हैं दुनिया देखै नाहि॥

कबीर दास कहना चाहते हैं कि जिस प्रकार कस्तूरी, जो कि एक तरह का सुगंधित पदार्थ है, हिरण की नाभि में ही रहता है। लेकिन फिर भी वह उसकी खुशबू को तलाशते हुए जंगल में भागता रहता है। कुछ इसी तरह मनुष्य भी है, जो भगवान को बाहर की दुनिया में ढूंढता है, जबकि ईश्वर उसके ही भीतर मौजूद है। यह हादसा एक प्रशासनिक लापरवाही भी है, जिसमें दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ईश्वर हमेशा शांति में वास करता है, तभी तो भगवान बुद्ध व तीर्थकर महावीर ने 12 वर्षों से अधिक जंगल में ध्यान किया, तब ज्ञान की प्राप्ति हुई। अत: भगवान राम आपको शांति में ही मिलेंगे, कर्म करें उसके सिवा कोई भी शॉर्टकट विधि नहीं है, नहीं तो लोग डॉक्टर इंजीनियर बनने में इतनी मेहनत क्यों करते?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पोषक अनाज पर कृषि प्रसार अधिकारियों को किया प्रशिक्षित



**उमेश, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में पोषक अनाज पर उद्यमिता विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, समस्त प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. नरेश ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि विभाग के 19 कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. प्राची ने प्रतिभागियों को पोषक अनाजों की महत्ता तथा स्वास्थ्य लाभों व खाद्य सुरक्षा में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जहां कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के प्रभारी डॉ. पंकज सूद ने पोषक अनाजों की पहचान तथा उनका वैज्ञानिक विधि द्वारा उत्पादन पर चर्चा की, वहीं डॉ. सतीश गुलेरिया ने पोषक अनाजों पर उद्यमिता का दायरा व प्राथमिक एवं द्वितीयक प्रसंस्करण बारे प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)

### गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ का फेडरल हाउस 28 को



**रितेश, सरकाघाट।** गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला मंडी का फेडरल हाउस का आयोजन 28 जुलाई को सुंदरनगर में किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ व गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक व हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के महामंत्री राजीव मुख्यातिथि के रूप में करेंगे। यह जानकारी गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला मंडी के अध्यक्ष राजेश राव ने दी। इनके साथ गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र मेहता व राज्य महामंत्री मुनीश गुलेरिया विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### आईटीआई सुंदरनगर में प्लेसमेंट शिविर 22 को

**उमेश, सुंदरनगर।** राजकीय आईटीआई पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर के प्रधानाचार्य आदित्य रैना ने बताया कि राजकीय आईटीआई पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में सोमवार 22 जुलाई 2024 प्रातः 10 बजे श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, भिवाड़ी द्वारा प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18 से 30 वर्ष आयु के लड़के एवं लड़कियां जिन्होंने फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, फाउंड्री मैन, इलेक्ट्रीशियन, एमएमवी ट्रेड में आईटीआई पास किया है या जो इस वर्ष आईटीआई पास करेंगे एवं दसवीं पास और बारहवीं पास बच्चे भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकाघाट अस्पताल में लगाया दिव्यांगता शिविर



**रितेश, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के नागरिक अस्पताल सरकाघाट में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में संवेदना कार्यक्रम के तहत दिव्यांगता अवलोकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त व अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी मंडी अपूर्व देवगन ने किया। इस दौरान 103 दिव्यांगजनों की जांच की गई तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पंजीकृत किया गया। उपायुक्त ने धर्मपुर के गांव झड़यार, कांगू का गहरा के शत-प्रतिशत दिव्यांग शशी ठाकुर को व्हीलचेयर भी भेंट की। (अनंत ज्ञान)

### 22 से 25 जुलाई तक चलेगा सफाई अभियान

**उमेश, सुंदरनगर।** खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने बताया कि विकासखंड सुंदरनगर में 22 से 25 जुलाई तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। विकासखंड सुंदरनगर की विभिन्न पंचायतों के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल, युवक मंडल, पंचायत प्रतिनिधि तथा आम जनता के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा। सफाई अभियान के दौरान एकत्रित कूड़े को 31 जुलाई को सलापड़ में बने हुए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में डिस्पोज किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 22 जुलाई को डैहर, सलापड़, सलापड़ कॉलोनी, खिलडा, वीणा, टिहरी, समौण, नालग, सेरीकोठी, भनवाड़, सलवाणा व 23 को पौड़ाकोठी, मलोह, चमुखा, बायला, जरल, जांबला, बरतो, अरठी, कपाही, कलौहड व 24 को जड़ोल, कांगू, बटवाड़ा, ध्वाल और 25 जुलाई को बरोटी, चनोल, चूरड, कंदार, बोबर में सफाई अभियान चलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जायका के तहत जुकेन गांव में शिविर का आयोजन



**रितेश, सरकाघाट।** जायका परियोजना के तहत सरकाघाट उपमंडल के जुकेन गांव में ऑब्जेक्टिव एंड नॉर्म्स कैंप का आयोजन किया गया। परियोजना के अधिकारी निशांत पराशर, के द्वारा सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्य जैसे की कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम, के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस कुहल के तहत 20.15 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मैकेनाइजेशन के अंतर्गत पावर टिलर बारे में लोगों को संपूर्ण जानकारी दी।(अनंत ज्ञान)

# छात्रा का पर्स छीनने के आरोपी न्यायिक हिरासत मंडी भेजे

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के एहजू में छात्रा का पर्स छीन कर उसे करीब 50 मीटर तक घसीटने के मामले में गिरफ्तार पंजाब के गांव दूहेवाला, मुक्तसर के रहने वाले तीन युवकों अर्पित सिंह उम्र 20 वर्ष, सनमप्रीत सिंह 22 वर्ष तथा कुलविन्द्र सिंह को जोगिंद्रनगर पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां अदालत द्वारा तीनों को न्यायिक हिरासत मंडी में भेज दिया गया है, जहां पर पुलिस द्वारा शिनाख्त करवाकर रिमांड हासिल किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार तीनों युवक कुल्लू-मनाली में घूमने के लिए जा रहे थे। जब यह लोग बैजनाथ से जोगिंद्रनगर की और आ रहे थे तब उन्होंने वारदात को अंजाम देने की दृष्टि से अपने वाहन की नम्बर प्लेट को उतार दिया था तथा अकेले खड़ी छात्रा को देख कर उसका पर्स छीन कर उसे करीब 50 मीटर घसीटते हुए ले गए। एहजू से यह तीनों कार को भगा कर जोगिंद्रनगर की तरफ भागे जहां पर उन्होंने करीब तीन से चार वाहनों को भी टक्कर मारी। बाद में यह तीनों गुॅम्मा के नजदीक पुलिस द्वारा लगाए गए नाके में पकड़े गए। (अनंत ज्ञान)



आरोपियों को ले जाती हुई पुलिस।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### आरोपियों का खंगाला जाएगा आपराधिक रिकॉर्ड

**गिरफ्तार** किए गए तीनों युवकों के पुलिस इनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के लिए पंजाब पुलिस के संपर्क में है। पुलिस द्वारा यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है यह लोग पहले तो नहीं किसी वारदात में शामिल रहे है।

### आरोपियों ने पूर्व सैनिक से भी की मारपीट



**वहीं** पालमपुर के लाहला निवासी पूर्व सैनिक ओंकार चंद उम्र 60 वर्ष द्वारा पालमपुर पुलिस के साथ जोगिंद्रनगर थाना पहुंच कर आरोप लगाया कि इन युवकों ने उससे पालमपुर-नगरी रोड के बीच लटवाला के पास उसकी स्कूटी रोकी तथा सारा पैसा उनके हवाले करने को कहा। उससे मारपीट की तथा उसका मोबाइल तथा उसकी जेब से 600 रुपए छीनकर भाग गए। इसकी शिकायत उन्होंने पालमपुर थाना में की है। ओंकार चंद से छीने गए मोबाइल को जोगिंद्रनगर पुलिस ने इनसे बरामद किया है।

**लोगों ने सख्त कार्रवाई की उठाई मांग**

**उधर** पीड़िता नेहा के दादा प्रकाश चंद पूर्व प्रधान मटरू पंचायत, चौतंड़ा बीडीसी के पूर्व चेयरमैन स्वर्ण सिंह, उपप्रधान प्रभात सिंह तथा महिला मंडल मटरू का एक शिष्टमंडल शनिवार को थाना प्रभारी अश्विनी शर्मा से मिला तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की तथा प्रदेश ऐसे शांत माहौल को बिगाड़ने के जो प्रयास किए जा रहे है उन पर सख्ती से निपटा जाए।

### पानी, कीचड़ व पाइप बने परेशानी का सबब, लोनिवि और नगर निगम नहीं दे रहे ध्यान

# पुल के फुटपाथों पर चलना दूभर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शहर में सुकेती खड्ड पर कई पुल बन गए, लेकिन पैदल राहगीरों के लिए इनके फुटपाथों पर चलना मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि ऐसा कुछ समय की बात नहीं अपितु कई सालों से यही चल रहा है। समस्या केवल बरसात के मौसम में ही होती है अलबत्ता साफ मौसम में तो आवाजाही भी बिलकुल साफ-सुथरी ही रहती है। बता दें कि इस वक्त शहर में सुकेती खड्ड पर तीन यातायात और एक पैदल पुल बनाया गया है। इनमें से रियासत काल का सबसे पुराना व पहला सिंगल लेन पुल मंगवाईं विश्वकर्मा मंदिर के पास है। इसके दोनों ओर पैदल राहगीरों के लिए फुटपाथ बनाए गए हैं। दूसरा डबल लेन पुल घराटपुल के पास ब्यास-सतलुज लिंक परियोजना निर्माण के दौरान बड़ी मशीनरी की आवाजाही के लिए बनाया गया था जो कि अब राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा है। इस पुल पर पैदल आवाजाही कम है। तीसरा पैदल पुल ब्यास सुकेती संगम पर पंचवक्त्र मंदिर के पास से बना हुआ है जो कि गत बरसात में बह जाने के पश्चात अब दोबारा बना दिया गया है।

हालांकि यह पुल पैदल राहगीरों के लिए बनाया गया है लेकिन कार पार्किंग के कारण इस पर हल्के चौपहिया वाहन भी चल रहे हैं जो कि किसी दुर्घटना को खुला न्योता है। चौथा डबल लेन पुल आईटीआई गेट और महामृत्युंजय मंदिर के दरमियान है। अब मंगवाईं कैहनवाल रोड से सीधा बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए पांचवें यातायात पुल की दरकार है। इन सभी पुलों में विश्वकर्मा मंदिर के पास सिंगल लेन पुल और आईटीआई गेट से बने डबल लेन पुल के दोनों ओर के फुटपाथों पर पैदल राहगीरों को चलने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।

आईटीआई गेट के पुल पर पैदल लोगों के लिए बने फुटपाथ पर पानी खड़ा हो जाता है। दूसरा इसी पुल पर विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक सड़क पर सब्जी की रेहड़ी फड़ी के पास भी पानी खड़ा हो जाता है। ऐसे में तेजी से चलती गाड़ियां गंदे पानी से राहगीरों का स्नान करवा देती है। इस पुल को डबल लेन होते हुए भी एक तरफा यातायात हेतु ही प्रयोग किया जा रहा है। सवारी बसों, पुलिस और बड़े अधिकारियों की गाड़ियां डबल लेन आ जा सकती हैं। ऐसे में सवाल यह है की डबल लेन पुल को एक तरफा ही क्यों उपयोग किया जा रहा है? यही समस्या विश्वकर्मा मंदिर के पास वाले सिंगल लेन पुरातन पुल के फुटपाथों पर भी है। इस तरफ लोक निर्माण विभाग और नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट शर्मा ने कहा कि समस्या की निराकरण बारे उचित कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



पुल पर पैदल आवाजाही में आ रही मुश्किलों की मुंह बोलती तस्वीर।

# हिमाचल प्रदेश में चरमराई कानून व्यवस्था : राकेश

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर जोगिंद्रनगर के ऐहजू के समीप दिनदहाड़े कॉलेज छात्रा से कार सवार पंजाब के तीन युवकों द्वारा चेन, मोबाइल और पर्स छीनने का प्रयास करने के मामले में राकेश जंवाल ने प्रदेश सरकार पर शनिवार को कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा की जोगिंद्रनगर में कॉलेज छात्रा के साथ बाहरी राज्यों के युवकों द्वारा छीना झपटी का प्रयास करना और कार के साथ करीब 20 मीटर टल घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। बिलासपुर में कोर्ट परिसर में गोली कांड होना, चंबा जिला में युवक के टुकड़े-टुकड़े कर शव बोरी में डालकर नाले में फेंक देना इससे प्रतीत होता है कि हिमाचल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

राकेश जंवाल ने कहा की प्रदेश में गुंडाराज, माफिया राज, चिट्टा राज सरेआम चल रहा है। आम जनता सहित छात्रों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो चुका है। हिमाचल प्रदेश एक शांतिप्रिय राज्य है प्रदेश में इस तरह की घटनाएं देखने को नहीं मिलती थी लेकिन पिछले डेढ़ वर्षों में लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ी है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। राकेश जंवाल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

### संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर का सत्र 23 से होगा आरंभ

**उमेश, सुंदरनगर**

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में सत्र 2024, 2025 के लिए सभी कक्षाओं का शैक्षणिक सत्र नियमित रूप से 23 जुलाई से शुरू होने जा रहा है।

शास्त्री प्रथम वर्ष में 65 व प्राक शास्त्री द्वितीय वर्ष में 83 शास्त्री प्रथम वर्ष में 178 शास्त्री द्वितीय वर्ष में 301 शास्त्री अंतिम वर्ष में लगभग 183 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर खुशवंत ने दी।(अनंत ज्ञान)

### युवती के अश्लील फोटो खींचने और धमकियां देने पर केस दर्ज

**उमेश, सुंदरनगर**

जिले में एक 21 वर्षीय युवती के अश्लील फोटो खींचने और धमकियां देने पर थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी ने उसके नहाते हुए फोटो खिंचे जिसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। इसके उपरांत बीते 8 जुलाई को आरोपी ने पीड़िता के व्हाट्सएप नंबर पर फोटो भेजे और उसे इसके बारे में किसी को बताने पर फोटो वायरल करने की धमकियां देने लग गया। युवती के अनुसार जब उसने अपने भाई को इसकी जानकारी दी तो पीड़िता के भाई ने आरोपी के मोबाइल फोन से सभी फोटो डिलीट कर फोन को रिसेट कर दिया गया। लेकिन आरोपी उसे धमकियां देकर घर से भागने के लिए कहता है।

पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना में केस दर्ज कराया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।(अनंत ज्ञान)

### ग्रामीण स्तर पर हो रही एलपीजी कनेक्शन की जांच

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

बेसिक सेफ्टी चेक योजना के तहत ग्रामीण व पंचायत स्तर पर सुरक्षा की दृष्टि से एलपीजी गैस कनेक्शन की जांच की जा रही है। इसी योजना के तहत लोगों को गैस के उपयोग के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

सिविल सप्लाई कारपोरेशन लिमिटेड के इंडेन एलपीजी जोगिंद्रनगर के प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही बेसिक सेफ्टी चेक योजना के तहत लोगों के गैस कनेक्शन को चेक तथा जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी टीम सक्रिय रूप से इस अभियान में कार्य कर रही है तथा पांच साल पुरानी सेफ्टी पाइप को भी बदला जा रहा है, जिसमें सरकार द्वारा सेफ्टी पाइप छूट पर 190 की जगह 150 रुपये में उपभोक्ता को उपलब्ध कराई जा रही है।

यदि किसी उपभोक्ता का रेगुलेटर खराब हों तो उसे एजेंसी में जाकर मुफ्त में बदला जा सकता है, तथा जब भी कोई उपभोक्ता गैस सिलेंडर भरता है तो उन्हें एक मैसेज प्राप्त होता है जिसके अंत में फीडबैक भरने का लिंक प्राप्त होता है जिसमें अपनी राय या फीडबैक भी भर सकते हैं।(अनंत ज्ञान)

### सैनिक स्कूल सुजानपुर से छठी कक्षा की पढ़ाई करेगा ओजस आर्य

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



प्रधानाचार्य संजय ओजस को मिठाई भेंट करते हुए।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के छात्र व गांव सरमान, डाकघर दीयोट,तहसील मूल्थान जिला कांगड़ा के निवासी ओजस आर्य का चयन सैनिक स्कूल सुजानपुर के लिए हो गया है। ओजस आर्य का चयन छठी कक्षा के लिए हुआ है।

ओजस के सैनिक स्कूल के लिए हुए चयन से विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, उसके माता-पिता व परिवार तथा रिश्तेदारों समेत क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य ने बताया कि ओजस ने हाल ही में ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जिसका चयन सैनिक स्कूल सुजानपुर के लिए हुआ है।

उन्होंने बताया कि ओजस के बड़े भाई ऋषान आर्य भी जो डीएवी पब्लिक विद्यालय जोगिंद्रनगर के छात्र थे वो भी सैनिक स्कूल सुजानपुर में पढ़ाई कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### कामगारों के पंजीकरण की प्रक्रिया होनी चाहिए सरल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

विकास खंड सुंदरनगर कार्यालय के सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायतों के सचिवों और प्रधानों की एक संयुक्त बैठक हुई।

इस बैठक में रोजमर्रा के कार्यों के अलावा सर्वजन संरक्षण समिति और हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के राज्य सलाहकार ने उपस्थित प्रतिनिधियों को भवन एवं सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से कामगारों को मिलने वाली सुविधाओं बारे जानकारी दी और सचिवों व प्रधानों से कामगारों की सहायता करने की अपील की। अमर सिंह राघवा ने बताया कि संगठन की ओर से कामगार कल्याण बोर्ड से कामगारों का पंजीकरण, नवीनीकरण व सहायता योजना आवेदन पंचायतों के स्तर पर करने, लंबित सहायता योजना आवेदन बहाल करने, नवीनीकरण और सहायता योजना आवेदन में समय की छूट देने इत्यादि मांगें की गई है।



संगठन की मांग पर मनरेगा में कार्यरत निर्माण कामगारों का पंजीकरण बोर्ड द्वारा बहाल कर दिया गया है। बैठक में खंड विकास अधिकारी, सुंदरनगर ने भी माना कि कामगारों के पंजीकरण और सहायता योजना आवेदन की प्रक्रिया सरल होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी विवेक चौहान ने कहा कि सभी पंचायतों में सचिव पंचायत द्वारा करवाए गए मनरेगा व अन्य कार्य को सत्यापित करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति के खाते से शातिरों ने उड़ाए 7 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, मंडी**

गांव बनाणू के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ 7 लाख 44 हजार रूपयों की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस थाना सदर मंडी ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता बालम राम जसवाल पुत्र हरी सिंह गांव बनाणू डाकघर बाड़ी-गुमाणु तहसील सदर जिला मंडी ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता अनुसार उसके पीएनबी सेविंग अकाउंट से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 7 लाख 44 हजार रुपए निकाल लिए हैं।

पुलिस थाना सदर मंडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना सदर मंडी में शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले में शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट डिटेल की जांच की जा रही है।

### ट्रेड यूनियनों ने उठाई मांगें पूरी करने की मांग

**रितेश, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश के सभी श्रमिक संगठनों सीटू, इंटक, बीएमएस, एटक और टीयूसीसी के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों ने गत दिवस भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन नरदेव सिंह कवंर और सचिव राजीव कुमार से शिमला बोर्ड ऑफिस में मुलाकात की और उन्हें मजदूरों की मांगों बारे मांगपत्र सौंपा, जिसका नेतृत्व सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर बीएमएस के पूर्व राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर और इंटक के रूपसिंह ठाकुर एटक के जगदीश भारद्वाज और टीयूसीसी के श्रवण कुमार ने किया।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए सामूहिक चित्र में।

बोर्ड के सदस्य एवं ट्रेड यूनियन समन्वयन समिति के सयोंजक भूपेंद्र सिंह द्वारा प्रेषित 15 सूत्रीय मांगपत्र पर बैठक में बिंदु बार लंबी चर्चा हुई जिसमें बोर्ड सदस्य प्रदीप कुमार, जगदीश भारद्वाज इंटक के प्रेमपाल भाटिया और कामगार संघ को सरोज ठाकुर ने भी भाग लिया।

ये भी चर्चा की गई कि बड़ी निर्माण कंपनियां, ठेकेदार और बिल्डर्ज जो सेस नहीं देते हैं उनसे इसे लेने के लिए कदम उठाए जाएंगे।(अनंत ज्ञान)

**लापरवाही** पुरातन स्वरूप में गोल पौड़ियों पर नगर निगम ने खर्चे लाखों रुपए, पर बना मटेरियल उतारने व चढ़ाने का स्थल

# गोल पौड़ियों की सुंदरता को लगा ग्रहण

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

समखेतर मोहल्ले में माता खुआ रानी मंदिर के पास पुरातन स्वरूप में गोल पौड़ियों पर नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर पुनरोद्धार किया गया। साथ ही आसपास के स्थान को भी सजावटी व धार्मिकता के संदर्भ को जोड़ कर विकसित किया गया।

दीवार पर गुरु पदम संभव व राजकुमारी मंदरवा की सुंदर प्रतिमाएं उकेरी गई हैं। इतना खर्च करने के बावजूद यह स्थान कंस्ट्रक्शन मटेरियल को उतारने व चढ़ाने का स्थल बना हुआ है। इस पर शहर के बुद्धिजीवियों ने सुधार की मांग की है। पुरानी मंडी की दिशा से इस मोहल्ले के लिए यही प्रमुख रास्ता है। ऐसे में मटीरियल तो यहीं से आना व जाना है लेकिन गाड़ियों को अनलोड करने का स्थान सड़क की दूसरी ओर बनाया जा सकता है ताकि यहां की सुंदरता कायम रहे।

चूंकि खुआरानी मंदिर का संबंध बौद्ध धर्म से है इसलिए बौद्ध धर्म के अनुयायी जो रिवालसर तीर्थ स्थल पर आते हैं। वहां से अवश्य ही खुआ रानी मंदिर में भी आते हैं। यही नहीं भारत में बौद्धों की राजधानी धर्मशाला व बौद्धों के प्रमुख स्थल चौंतड़ा से भी बहुत से बौद्ध अनुयायी इन्हीं गोलपौड़ियों से माता खुआ रानी मंदिर में पहुंचते हैं। ऐसे में इसकी स्वच्छता अति आवश्यक है।



गोल पोड़ियों के पास उतारा गया सैट्रींग का सामान।

यही नहीं गोल पौड़ियों की बिल्कुल सामने से ही मोक्ष धाम के लिए भी रास्ता है। ऐसे में शहर के बुद्धिजीवी चाहते हैं कि उस स्थान पर कुछ ऐसी व्यवस्था करके कि यह सुंदर स्थल भी साफ सुथरा रहे और सड़क के दूसरी ओर से मोक्ष धाम को जाने वाला रास्ता भी खुला रहे। नगर पार्षद निर्मला वर्मा ने बताया कि उन्होंने नगर निगम व प्रशासन से यह मुद्दा उठाया है। शीघ्र ही इस स्थान की सुंदरता के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### 25 को भाजयुमो निकालेगा मशाल यात्रा

**रितेश, सरकाघाट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश की 68 विधानसभा क्षेत्रों में मशाल यात्रा निकलेगा।

युवा मोर्चा के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता तथा कारगिल विजय दिवस के प्रदेश संयोजक अजय चौहान ने बताया कि इस दिवस को भाजपा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संकल्प के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं और यह दिवस पूरे देश के लिए बहुत गर्व का दिन है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ है और भारतीय जनता युवा मोर्चा इसको राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश और मंडल स्तर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है।(अनंत ज्ञान)

### आशा वर्कर घर-घर जाकर क्षय रोग के लक्षणों की करेंगी जांच

**पुष्पराज, मंडी**

क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार को सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी में डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया, इसमें डॉ. आत्मिका नायर परामर्शदाता विश्व स्वास्थ्य संगठन, लक्की शर्मा राज्य शिक्षा एवं सम्प्रेषण अधिकारी, सुनील कुमार परामर्शदाता सोशल मीडिया, जिला के 11 खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व उनके सहयोगी स्टाफ ने भाग लिया।

बैठक का संचालन करते हुए डॉ. अरिंदम राय जिला क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी जिला मंडी ने बताया कि जिला में टीबी के रोगी की पहचान उपरांत ट्रीटमेंट सफलता की दर लगभग 90 प्रतिशत है व व्यस्क टीबी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 16 जुलाई तक लगभग 92 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है व निर्धारित लक्ष्य को जल्द हासिल करने के लिए कहा गया।

संडे एसीएफ अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता प्रत्येक रविवार को, तीन माह लगातार अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों मे क्षय रोग लक्षणों की जांच करेगी तथा संभावित मरीज के बलगम का नमूना लेकर अपने नजदीकी टेस्टिंग केन्द्र में भेजेगी तथा टी बी मुक्त हिमाचल का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभियान के प्रचार व प्रसार के लिए पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा व प्रत्येक स्वास्थ्य खंड मे हर माह की 24 तारीख को निक्ष्य दिवस मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### समाधि वाली कुटिया में स्वामी जी के 25वें महानिर्वाण दिवस पर आयोजित समापन कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री

# आध्यात्मिक ऊर्जा व्यक्ति को ईश्वर से जोड़ती है : मुकेश

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राजनीति में जनसेवा और जन कल्याण ही उनका ध्येय है। लोगों के साथ उनके स्नेह के बूते पर ही वह पूरी तन्मयता से इसके लिए काम पर लगे हैं। अग्निहोत्री ने शनिवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की बीटन पंचायत में स्वामी श्री अभेदानंद महाराज (ब्रह्मलीन) समाधि वाली कुटिया में स्वामी जी के 25वें महानिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में रखे 5 दिवसीय आयोजन के समापन कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए।

16 से 20 जुलाई तक हुए इस धार्मिक-सामाजिक आयोजन में उत्तर भारत के विभिन्न स्थलों से पधारे साधु-संतों तथा स्थानीय लोगों के साथ-साथ विभिन्न जगहों से आए श्रद्धालुओं ने श्री अखंड पाठ तथा श्री गरीबदासी महायज्ञ जैसे दिव्य आयोजनों में भाग लिया।

मुकेश अग्निहोत्री ने समापन कार्यक्रम में कहा कि हिमाचल देवी-देवताओं की भूमि है। यहां लोगों में साधु-संतों का बहुत सम्मान है। ऊना जिले भी महान संतों की पवित्र स्थली है। उन्होंने कहा कि बीटन में सम्मानित संत समाज और श्रद्धालुओं के इस महा समागम का हिस्सा बनकर वह धन्य हुए हैं। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा व्यक्ति को ईश्वर से जोड़ती है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पावन स्थल जिस प्रकार सबके लिए धर्म-आस्था का प्रतीक और सद मार्गदर्शन का स्थान है, आगे इसकी ख्याति और फैलेगी, जिससे और भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे।



अभेदानंद महाराज समाधि वाली कुटिया में बैठे मुकेश अग्निहोत्री और अन्य गणमान्य।

- **कुटिया के कार्यों के लिए दिए 25 लाख रुपए**
- **25 हजार लीटर का बनेगा पानी का टैंक, 58 लाख से निखरेगा बीटन खेल मैदान**

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने श्री अभेदानंद महाराज (ब्रह्मलीन) समाधि वाली कुटिया में विविध निर्माण कार्यों के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने वहां 25 हजार लीटर क्षमता का पानी का टैंक बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने अपनी पत्नी स्वर्गीय डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री की याद में समाधि वाली कुटिया को अपनी ओर से 1.51 लाख रुपऐ भी भेंट किए। इस मौके उन्होंने बीटन में 63 केवी क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा भी की। बता दें, इससे पूर्व में भी अग्निहोत्री ने समाधि वाली कुटिया में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए प्रदान किए थे।

इससे पहले अग्निहोत्री ने समाधि वाली कुटिया में शीश नवाया और सभी प्रदेश वासियों के सुखद जीवन और खुशहाली की कामना की। इस मौके समाधि वाली कुटिया के स्वामी नित्यानंद रमताराम महाराज ने उपमुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में समाधि वाली कुटिया के स्वामी अतुल कृष्ण सहित तमाम संत समाज, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एसडीएम हारोली राजीव ठाकुर, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, कांग्रेस पार्टी के जिला ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हरोली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद बिट्टू, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, एचआरटीसी के डीएम अवतार सिंह, लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## सौंदर्यीकारणों के कार्यों का किया निरीक्षण

**उपमुख्यमंत्री** ने बीटन में खेल मैदान के सुधार कार्य का जायजा लिया। इस कार्य के लिए उन्होंने पहले ही 58 लाख रुप, उपलब्ध कराए हैं। यह धनराशि मैदान के सुधार, चारदीवारी के निर्माण तथा वहां अन्य सुविधाएं विकसित करने पर खर्ची जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य आरंभ करने के लिए एनओसी समेत सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोंदपुर जयचंद में हरिजन बस्ती बस स्टॉपेज पर रेन शल्टर बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने पूबोवाल में तालाब के सौंदर्यकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा इसे लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पांवड़ा में सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**सन्नी पुरी, गगरेट।** पांवड़ा गांव में टिप्पर की चपेट में आ जाने से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक पांवड़ा गांव का ही निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गगरेट के बड़ोह गांव से पांवड़ा होकर खनन सामग्री लेकर जा रहे एक टिप्पर की चपेट में विपरीत दिशा से आ रहा एक मोटरसाइकिल सवार आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल चालक तेज गति में था और मोटरसाइकिल पर नियंत्रण नहीं रख सका। अहम बात यह थी कि मोटरसाइकिल चालक ने हेलमेट का प्रयोग भी नहीं किया था। टक्कर होते ही सीधे चोट उसके सिर पर लगी। इसके चलते उसकी मौत हो गई।

पुलिस को दिए बयान में एक प्रत्यक्षदर्शी ने इस दुर्घटना में टिप्पर चालक को क्लीन चिट दी है। घटना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## विवेक कुमार बने मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन के प्रधान

**सन्नी पुरी, गगरेट**

लोक निर्माण विभाग के मंडल दौलतपुर चौक के अंतर्गत कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स अपनी मांगों के समर्थन में एक बैनर तले एकत्रित हुए हैं। मल्टी टास्क वर्कर यूनियन का गठन कर विवेक कुमार को यूनियन का प्रधान चुना गया है।

गौर हो कि दो साल से लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स को राजकीय अवकाश भी नहीं मिल रहे हैं। इसके साथ ही कई बार उन्हें प्रतिमाह तय किया गया मानदेय भी समय पर नहीं मिल रहा है। ऐसी कई समस्याएं हैं जिनके चलते मल्टी टास्क वर्कर्स भी एक बैनर तले एकत्रित हुए हैं। नवनिर्वाचित प्रधान विवेक कुमार ने बताया कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन का गठन किया गया है। यूनियन में उपप्रधान पद पर गुरभजन सिंह, नरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, अतुल कुमार को सह कोषाध्यक्ष, महेश कुमार सचिव, रवि कुमार सहसचिव, चंदन शर्मा मीडिया प्रभारी, विशाल कुमार सह मीडिया प्रभारी, रोहित कुमार सलाहकार और अनिल कुमार को सह सलाहकार चुना गया है।

विवेक कुमार ने कहा कि मल्टी टास्क वर्कर के लिए मुख्यमंत्री ने बजट में मानदेय में वृद्धि का ऐलान किया था, लेकिन अभी तक मल्टी टास्क वर्कर्स को यह लाभ भी नहीं मिल पाया है। शीघ्र ही मल्टी टास्क वर्कर्स इस बढ़े हुए मानदेय को पाने के लिए विधायक राकेश कालिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र भेजेंगे। (अनंत ज्ञान)



मल्टी टास्क वर्कर यूनियन की नवनिर्वाचित इकाई के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ग्राम पंचायत खड्ड में मनरेगा के तहत पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस स्थान पर ग्राम पंचायत खड्ड के प्रधान वीरेंद्र हीर ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ मोहित, स्टाफ सदस्य और मनरेगा लेबर मौजूद रही। ग्राम पंचायत खड्ड प्रधान ने पार्क बैंच भी लगाए गए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत खड्ड में 1000 पौधरोपण किया जाएगा। हमारा लक्ष्य ग्राम पंचायत खड्ड को एक मॉडल बनाना है।

### मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत कैंप आयोजित



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** बाल विकास परियोजना वृत्त गगरेट में सुपरवाइजर रमा कुमारी द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत 100 दिन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं की रक्षा सुरक्षा और सशक्तिकरण अंब्रेला योजना व कई प्रकार की योजनाओं की जानकारी रमा कुमारी ने महिलाओं को दी। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं के अल्प दीर्घ कालिन सेवा के द्वारा देखभाल व सुरक्षा व विकास करना है। इस कैंप में गांव के पंचायत प्रधान ईशु मेहता व उपप्रधान आशीष, जिला कार्यक्रम कार्यालय से रोहित कुमार भी उपस्थित थे।

### बुलेट पटाखा गैंग छीन रही लोगों की मानसिक शांति

**सन्नी पुरी, गगरेट।** बुलेट की सवारी का क्रेज जितना युवा पीढ़ी में देखने को मिलता है, उससे कहीं ज्यादा क्रेज युवाओं में इसके साइलेंसर के साथ छेड़छाड़ करके भीड़भाड़ वाले स्थानों पर साइलेंसर से पटाखे बजाने को लेकर है। इन सब बातों से इतर कि आम जनमानस का इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है। गगरेट कस्बे में बुलेट पटाखा गैंग ने इस कदर आम जनमानस की नाक में दम किया है कि अब लोग त्राहि-त्राहि कर उठे हैं। बेशक मोटर व्हीकल एक्ट की धज्जियां उड़ाने वालों को सबक सिखाने के लिए गगरेट कस्बे में भी यातायात पुलिस तैनात है, लेकिन फिर भी तक यातायात पुलिस की नजर बुलेट पटाखा गैंग पर नहीं पड़ी है। यही वजह है कि कई लोगों की मानसिक शांति बुलेट के साइलेंसर से निकलने वाली जोरदार आवाज छीन रही है। गगरेट कस्बे में अगर आपको जोर से पटाखे की आवाज सुनें तो यह न समझ बैठें कि कहीं गोली चली है। अक्सर ऐसी आवाजें बुलेट पटाखा गैंग की देन हैं। बाजार में खरीददारी करने आए लोग जब सड़क पर चल रहे होते हैं तो अचानक उनकी ठीक पास आकर तेज आवाज में बजने वाला पटाखा उन्हें इस कदर विचलित कर रहा है कि किसी भयंकर दुर्घटना के अंदेशे को भी नकारा नहीं जा सकता। युवाओं के लिए बुलेट से भरे बाजार में पटाखा बजाना इस कद्र स्टेटस सिंबल बन गया है कि इसे वे अपनी शान समझने लगे हैं। जाहिर है कि जब पूछने वाला कोई नहीं तो भले ये क्यों डरें। इससे कुछ अरसा पहले जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिले में बुलेट पटाखा गैंग के विरुद्ध पुलिस ने विशेष अभियान चलाया था, लेकिन धीरे-धीरे यह अभियान भी अन्य अभियानों की तरह अतीत की बात हो गया। स्थानीय दुकानदारों विकास शर्मा, सतीश कुमार, अमरजीत सहित कई दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से इस बुलेट पटाखा गैंग के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उधर, एएसपी संजीव भाटिया का कहना है कि बाइक के साइलेंसर मोडीफाई कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। (अनंत ज्ञान)

## आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**राजेश शर्मा, ऊना**

बाल विकास परियोजना धुंदला के तहत आंगनबाड़ी केंद्र तनोह, नेरी, अघलौर, तही, सरोह, पिपलू, भलौण, बलदोह, पंजोडा, बडूही-1 और नलवाडी में आंगनबाड़ी वर्करों का एक-एक पद भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र डोलू, अलसाहन, रछोह, चपलाह, टकोली-1, टकोली-2, जोल, छपरोह, टीहरा-1, सकौण, सन्हाल, त्यार-1, धरैत डैम, तनोह, तुरेटा, त्यासर, चैकी-1, बड़ूहा-1, दनोह, हटली केसरू, बग्गी, कोटला, भलेती, कुसाणा रणौता और चैगाठ में सहायिकाओं का एक-एक पद भरा जाएगा।

बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला रूपेश कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी वर्करों के 11 और सहायिकाओं के 25 पदों के लिए इच्छुक अभ्यार्थी 9 अगस्त सायं 5 बजे तक सादे कागज पर अपना आवेदन बाल विकास अधिकारी धुंदला स्थित मिनी सचिवालय बंगाणा में जमा करवा सकते हैं। रूपेश ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। आवदेन करने की अंतिम तिथि तक प्रार्थी की आयु 9 अगस्त, 2024 तक 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभान्वित परिक्षेत्र (फीडर एरिया) का सामान्य निवासी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसका प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार/ तहसीलदार/ कार्यकारी मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा प्रमाणित/ प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायीनिवासी होना चाहिए जिसका प्रमाण पत्र समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। इसके बाद किसी भी आवेदक/ अभ्यर्थी से आवेदन/ दस्तावेज प्राप्त नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### इन्नर व्हील क्लब ऊना की वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम का पदस्थापना समारोह आयोजित

## क्लब का उद्देश्य जनजागरूकता फैलाना : रमा

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना इन्नर व्हील क्लब ऊना की वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम का पदस्थापना समारोह स्थानीय माया होटल में संपन्न हुआ। इन्नर व्हील क्लब की नवर्निवाचित अध्यक्ष रमा कंवर व सचिव शोभा सोनी की टीम ने पद्भार ग्रहण किया। ज्योति प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्लब सदस्यों ने इन्नर व्हील प्राथना पढ़ी। इसके उपरांत निर्वतमान क्लब प्रधान सीमा वशिष्ठ ने नवनिर्वाचित प्रधान रमा कंवर को क्लब कालर पहनाया तथा प्रधान का बैच लगाया। इस दौरान टीम के सभी सदस्यों का परिचय करवाया गया।

क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर ने कहा कि क्लब का उद्देश्य जनसेवा व सामाजिक विषयों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है, जिसको लेकर लगातार काम किया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में मदद करके उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन स्तर में परिवर्तन लाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

वहीं जरूरतमंद को राशन देने के साथ-साथ अन्य मदद भी इन्नरव्हील टीम आगे बढ़ कर के प्रदान कर रही है। पर्यावरण जागरूता के लिए भी क्लब लगातार कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी क्लब मेडिकल कैंपस के आयोजन व स्वास्थ्य के प्रति चेतना पैदा करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन्नरव्हील क्लब की सारी टीम बेहतर समाज के निर्माण के लिए भी प्रयासरत है। महिलाओं का सशक्तिकरण हो इस दिशा में भी काम किया जा रहा है। क्लब की सचिव शोभा सोनी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को दूर करते हुए सही मायनों में जरूरतमंद तक पहुंचकर मदद करना है और इन्नरव्हील क्लब पिछले लंबे समय से बेहतरीन काम कर रहा है।

क्लब की नई टीम ने पिछले वर्ष की प्रधान सीमा वशिष्ठ व टीम को शानदार कार्य करने के लिए सराहना की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रमा कंवर,सचिव शोभा सोनी,कैशियर रेखा शर्मा,क्लब एडिटर डा.जागृति दत्ता,पूर्व प्रधान सीमा वशिष्ठ,पूर्व प्रधान जतिंद्र कौर,पूजा कपिला,अमरजीत बबली,पूर्व सचिव रंजना जसवाल, कमला कंवर, रमा कालिया, सुनीता शर्मा, हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान की इंस्ट्रक्टर निशा व छात्राएं उपस्थित रही। (अनंत ज्ञान)



इन्नरव्हील क्लब ऊना के पदस्थापना समारोह में शामिल प्रतिभागी।

### छात्राओं का सम्मान

कार्यक्रम में वर्ल्ड यूथ स्किल डे के उपलक्ष्य में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान ऊना की छात्राओं ने डाल्स मेकिंग स्पर्धा में भाग लिया। नवनीत, संगीता, शालू, आमिता, मनप्रीत, प्रिया, निशा, नेहा, गगनदीप, परीक्षा, अंजलि, पूजा, निशा, चाहत, रेणू, जसप्रीत, नीता कुमारी, प्रिया इत्यादि छात्राओं ने आकर्षक डॉल्स बनाईं तथा उनकी प्रदर्शनी लगाई। इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में माहौल भक्तिमय





डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ तथा (इनसेट) बाबा जी से आशीर्वाद लेते भक्त।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल में चौथे रोज भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु डेरे में पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुबह ही कतारें लग गई थीं और देर शाम को भी महाराज के दीदार करने के लिए कतारों में इंतजार करते रहे। शनिवार को विभिन्न रागी जत्थों द्वारा भजन कीर्तन किया गया और शाम तक संध्या आरती पूजन तक यह सिलसिला चलता रहा। सैकड़ों श्रद्धालु कतारों में लगे थे और सैकड़ों पावन धुणे पर माथा टेकने के बाद आगे बढ़ रहे थे। डेरे में चार दिनों से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन का बराबर इंतजाम किया गया है। अंतिम रोज रविवार को भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिसे देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डेरे के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के सान्निध्य में उनके शिष्य हेमानंद महाराज भी व्यवस्थाएं देख रहे हैं।

## कुत्ते की हत्या करने पर मामला दर्ज

**जैरथ, पांवटा।** पांवटा ब्लॉक के गांव कुंजा मतरालियों में एक व्यक्ति द्वारा यहां एक कुत्ते की डंडा मारकर निर्मम हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पांवटा की डीएसपी अदिति सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले के संज्ञान में आने के बाद आरोपी आस मौहम्मद पुत्र ईमरान डॉ. रिडि तहसील बेहट जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी आस मोहम्मद को पुलिस ने डिटेन कर लिया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले में जांच जारी है।






**मुश्किल** — बेकारी की मार झेल रहे मछुआरों को अपने परिवार के पालन-पोषण में हो रही दिक्कत

# झील में मछली पकड़ने पर लगे बैन के दौरान नहीं मिल रही मदद

**विनोद शर्मा, लठियानी**

गोविंदसागर झील में 15 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने का प्रतिबंध लगा है, लेकिन इस दौरान मछली पकड़ने के लिए जाने पर जुर्माना व सजा का प्रावधान है। विभाग के साफ आदेश हैं कि गोविंदसागर झील में कोई भी मछली का अवैध शिकार न करे। इस कारण मछुआरों को दो महीनों में बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के दौर में परिवार का पालन-पोषण करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। अधिकांश मछुआरे इसी व्यवसाय से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन इस समय परिवार का पालन पोषण करने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मछुआरों को महंगाई के दौर ने प्रभावित किया है, जो कमाई थी, वह राशन और बच्चों पर खर्च हो गई। अब सब्जी खरीदने के पैसे नहीं बचे हैं। इन दिनों सब्जियों के भाव आलू 30 रुपए किलो, टमाटर 90 रुपए, प्याज 50 रुपए, शिमला मिर्च 90 रुपए, भिंडी 50 रुपए, करेला 70 रुपए, मटर 150 रुपए, कद्दू 40 रुपए के हिसाब से मिल रहे हैं।

उनका कहना है कि इतनी महंगी सब्जियां कैसे खरीदें व परिवार का पालन-पोषण कैसे करें। इस महंगाई के कारण मानसिक रूप से बहुत ही परेशान हैं। ऊना जिले की मंदली मत्स्य सोसायटी के प्रधान नंद लाल, सरवन कुमार, शमशेर सिंह, सागर कुमार, कृष्णा देवी का कहना है कि मत्स्य विभाग द्वारा कुछ राहत राशि प्रतिबंध के समय कई वर्ष पहले मिलती थी व अब बहुत ही देरी यानी प्रतिबंध के कई दिनों एवं महीनों बाद मिलती है।

मंदली मत्स्य सोसायटी के प्रधान का कहना है कि जो राहत राशि बहुत ही देरी से मिलती है, यह राशि प्रतिबंध के दौरान ही मिले ताकि मछुआरों को कुछ राहत मिल सके। कई मछुआरे तो इसी व्यवसाय पर निर्भर हैं।

कुछ मछुआरे तो मजदूरी कर लेते हैं तो कुछ तो मजदूरी भी नहीं कर सकते हैं, जिन्हें बहुत ही मुश्किल हो गया है। प्रधान नंद लाल व अन्य मछुआरों का सरकार व मत्स्य विभाग से आग्रह किया है कि जो राहत राशि प्रतिबंध के बाद मिलती है व राशि प्रतिबंध के दौरान ही मिले व कुछ राहत राशी भी बढ़ाई जाए क्योंकि सहायता राशि कम व बहुत ही देरी से मिलती है। इस महंगाई के दौर में सहायता राशि बढ़ने से दो महीनों के प्रतिबंध के दौरान मछुआरों को कुछ राहत मिल सके।

प्रतिबंध के दौरान झील में सुबह शाम की रौनक भी बहुत ही कम है क्योंकि मछुआरों की नावें झील के किनारे पर बंधी हुई हैं। मत्स्य सोसायटी के सचिव बलदेव का कहना है कि कुछ वर्ष पहले सहायता राशि प्रतिबंध के दौरान ही मिलती थी, जिस से परिवार का पालन-पोषण करना कुछ आसान हो जाता था। उनका कहना है कि यह जो सहायता राशि प्रतिबंध के दौरान ही मिलनी चाहिए और सरकार व मत्स्य विभाग से आग्रह किया है कि सहायता राशि को बढ़ाया भी जाए। (अनंत ज्ञान)



गोविंदसागर झील। (फाइल फोटो)

## न्यूज ब्रीफ

### कनौन स्कूल में छात्राओं को करवाया जागरूक

**शीला कौल, बंजार।** द हंस फाउंडेशन एमएमयू टीम बंजार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनौन में एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में टीम बंजार ने 10 से 19 वर्ष की किशोरियों तथा समस्त कर्मचारियों को निःशुल्क जांच-परीक्षण और लैब टेस्ट की सेवाएं प्रदान की। साथ ही, मुफ्त औषधियां भी उपलब्ध करवाईं। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैशाली द्वारा अच्छे स्वास्थ्य शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु मासिक धर्म स्वच्छता व बुनियादी स्वच्छता के विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस शिविर 40 से अधिक विद्यार्थियों और अध्यापकों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस अवसर पर डॉ. वैशाली, अमरदीप, नीलमा व जगदीश चंद चालक राकेश कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### लगघाटी में 22 को बाधित रहेगी बिजली

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** लगघाटी के कुछ क्षेत्रों में सोमवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने जानकारी दी कि 11 केवी भढ़ई फीडर के अंतर्गत जरूरी मरम्मत व रखरखाव हेतु 22 जुलाई को प्रातः 10 से लेकर शाम छह बजे तक गांव डारका, सुमा, छुरला, भडई बागन, भुमतीर, नथान, बस्तोरी, आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति वाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो के लिए आंचल चयनित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर की 11वीं आर्ट्स की छात्रा आंचल भंगालिया का चयन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता के लिए हो गया है। अभी हाल ही में आंचल ने 'खेलो इंडिया' नॉर्थ जोन वुशु प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाया था। वह



वुशु राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग ले चुकी है। अब जापानी खेल ताइक्वांडो 55 किलोग्राम प्रतियोगिता जो भुंतर में आयोजित हुई थी उसमें जीत कर गोल्ड मैडल हासिल किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आंचल का चयन होना यह कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल तथा अभिभावक के लिए बड़े गर्व की बात है। स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने आंचल भंगालिया की इस उपलब्धि के लिए व परिवार वालों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### सितु रिंपोछे बौद्ध अनुयायियों को देंगे प्रवचन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कुल्लू जिला के डोभी में स्थित पालरब्लिंग तिब्बती सेटलमेंट, डोभी यानी तिब्बती कॉलोनी में बौद्ध धर्मगुरु के प्रवचन का



आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजित होने जा रहे इस धार्मिक कार्यक्रम में बौद्ध धर्मगुरु ताइ सितु रिंपोछे उपस्थित बौद्ध अनुयायियों को शिक्षाप्रद प्रवचन देंगे और इस दौरान पहले ( छेवांग छेडुप) दीर्घ जीवन सशक्तिकरण ओर संगे मेनला का प्राधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी सांझा की जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन काग्यूर तेंग्यूर समिति और पालरब्लिंग तिब्बती सेटलमेंट, डोभी के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सुबह के 9.30 बजे शुरू किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नैक पीयर 23 व 24 को कुल्लू कॉलेज का करेगी निरीक्षण

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम 23 और 24 जुलाई राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू का निरीक्षण करेगी। इस संदर्भ में कालेज प्रशासन अपनी तरफ से स्वयं अध्ययन रिपोर्ट पहले ही नैक मुख्यालय को उपलब्ध कराया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान पीयर टीम महाविद्यालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, अभिनव नवाचारों, विभिन्न क्लबों, लैबों व पुस्कालय आदि का निरीक्षण करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य, आईक्यूएसी, प्राध्यापकों, छात्रों, ओएसए व पीटीए के पदाधिकारियों से चर्चा-परिचर्चा कर शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सामाजिक जुड़ाव के बारे में जानकारी एकत्र करेंगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर नैक मुख्यालय को उपलब्ध करायेगी। इसके आधार पर कुल्लू कालेज की नैक ग्रेडिंग निर्धारित होगी। प्राचार्या डॉ. ब्रिजबाला ने बताया कि पीयर टीम के निरीक्षण के संदर्भ में नैक मुख्यालय से पत्र प्राप्त हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### देवसदन में आज मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा इस बार गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर देव सदन कुल्लू के सभागार में 21 जुलाई रविवार को '19वें सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा जोकि ऋषि वेद ब्यास जी को समर्पित गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। इसी कड़ी में सूत्रधार संगीत अकादमी के प्रशिक्षु भी अपने गुरु पं. विद्यासागर के सम्मान में समर्पित इस '19वें सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव' में गीत-संगीत व नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां देंगें। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से मनाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग पैरावैट के प्रदेश अध्यक्ष व अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ कुल्लू के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगें। सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी द्वारा इन्हें पशुपालन विभाग पैरावैट के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई प्रेषित की है। यह संगीतमयी कार्यक्रम सभी संगीत प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निशुल्क रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश सरकार और निगम के खिलाफ पेंशनरों ने निकाली रोष रैली

## पेंशनरों ने उपायुक्त कुल्लू को सौंपा ज्ञापन, हर जिले में रैलियां करने और ज्ञापन देने की बनाई योजना

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कुल्लू ओर केलांग द्वारा एक रोष रैली का आयोजन कर प्रदेश सरकार और निगम के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। शनिवार को हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के सभी पेंशनरों ने सरवरी बस स्टैंड से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक रैली की ओर इसी दौरान उपायुक्त कुल्लू को इस संदर्भ में एक ज्ञापन भी सौंपा।



उपायुक्त कार्यालय के प्रांगण में प्रदेश सरकार और निगम के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पेंशनर्स।

गौर रहे की मंच द्वारा 25 फरवरी 2023 को परिवहन पेंशनरों की मांगों के बारे में एक मांग पत्र सरकार, निगम प्रबंधन, मुख्यमंत्री ओर उपमुख्यमंत्री को दिया गया था। पेंशनरों के अनुसार इसके उपरांत दो बार स्मरण पत्र और तीन बार मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत करवाते हुए मांग पत्र दिए जा चुके हैं, परंतु इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

पेंशनरों के अनुसार सरकार ने इन वरिष्ठ नागरिकों को जो कि जीवन के अंतिम पड़ाव में बैठे हैं को संघर्ष करने के लिए मजबूर कर दिया है। पेंशनरों की मानें तो परिवहन के पेंशनरों में निगम प्रबंधन तथा सरकार से लगभग 300 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि अपने वित्तीय लाभों को लेना है, परंतु सरकार तथा निगम प्रबंधन इस बारे में कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसलिए संघर्ष के पहले चरण में हर एक जिले में रैलियों और ज्ञापन देने की योजना बनाई है।

पेंशनरों के अनुसार वर्ष 2016 के वेतनमानों के एरियर की राशि जो कि सब विभागों के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पहली किस्त 50000 तथा दूसरी किस्त भी मिल चुकी है, मगर निगम के कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। हिमाचल परिवहन निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी मंच के पास अब आंदोलन के अतिरिक्त कोई भी सहारा शेष नहीं है इसी कड़ी में शनिवार 20 जुलाई से संघर्ष कुल्लू जिला मुख्यालय से शुरू हो चुका है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बलराम पुरी, महामंत्री रूपचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पाराशर, जिला अध्यक्ष सुरिंदर सूद, सचिव बेली राम कुल्लवी, प्रदेश उपाध्यक्ष जोगिंद्र कुमार, जीतराम कौशल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### मंच की मुख्य मांगें

**महंगाई** भत्ता की बकाया धनराशि जो की 2015 से लंबित है। नए वेतनमान 2016 का एरियर इसके बाद 5, 10, 15 प्रतिशत 65 वर्ष, 70 वर्ष और 75 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत प्रदान नहीं किए गए हैं। इसके बाद 20 वर्ष सेवा पूरी करने की दो वेतन वृद्धियों का एरियर। 32 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत वेतन वृद्धि का एरियर। मेडिकल बिलों का 2022 के उपरांत कोई भुगतान नहीं किया गया है जिसका शीघ्र भुगतान किया जाए। अप्रैल 2023 के उपरांत सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की ग्रेविटी ग्रेच्युटी ओर लीव इन केशमेंट का भुगतान नहीं किया। प्रत्येक पेंशनर को अब तक मिलने वाले एरिया की राशि की जानकारी दी जाए। आखिर में न्यायाधीश द्वारा हुए नियमों को लागू करके उसकी राशि का भुगतान किया जाए।

# डीएवी स्कूल मनाली में एनएसएस शिविर शुरू



**कमलेश वर्मा, मनाली**

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली ने अपने परिसर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रधानाचार्य आरएस राणा ने इस महत्वपूर्ण अवसर की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन, दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई और उसके बाद एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12वीं कक्षा के एनएसएस छात्र अब 20 से 26 जुलाई तक इस शिविर में भाग लेंगे। मुख्यातिथि ने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने देश से अत्यधिक प्रेम करें। बुरी आदतों से दूर रहें, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने इस शिविर को सभी एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा का एक अद्भुत मंच बनाने के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

### सांफिया फाउंडेशन आज लोगों को करेगी जागरूक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सांफिया फाउंडेशन की समावेशी टीम रविवार को विकास खंड कुल्लू की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रही ग्राम सभा के दौरान आमजनों को दिव्यांगता के विषय में जानकारी देगी। दिव्यांगता को कम करने में थैरेपी सुविधाएं किस तरह से लाभकारी हैं, इस विषय में भी जागरूक करेगी। सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज ने बताया कि ग्राम पंचायत जरड भुट्टी कॉलोनी एवं ग्राम पंचायत मौहल में ग्राम सभा के दौरान फाउंडेशन की ओर से लोगों को दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों में जो भी विकासात्मक देरी की बजह से दिव्यांगता होती है, उसे सही समय पर थैरेपी मिलने से कम किया जा सकता है, लेकिन हमारे समुदायों में आज भी आमजन इस विषय से ज्यादा परिचित नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारी समावेशी टीम इसी उद्देश्य से हर पंचायत में पहुंचकर कर लोगों को जागरूक करना चाहती है ताकि हम बढ़ती दिव्यान्गता को कम कर सके।

# पौधरोपण के बाद जंगल में की पौधों की सिंचाई

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भुंतर सुधार समिति पर्यावरण संरक्षण की अहमियत को समझते हुए पर्यावरण के क्षेत्र बेहतरीन कार्य कर रही है। भुंतर सुधार समिति के सदस्य और ग्लोबल विलेज स्कूल के बच्चों सहित प्रेस क्लब कुल्लू व प्रेस क्लब भुंतर ने भूईंन ठेला बीट के जंगल में हाल ही में पौधारोपण किया है।

वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए भूईंन ठेला के जंगलों में हरियाली रोपी गई थी, लेकिन बारिश न होने के कारण समिति ने फैसला लिया कि पौधों को किसी भी तरह बचाना होगा, तो समिति के सदस्यों ने शनिवार सुबह तड़के ही 5 बजे प्लास्टिक की कैनियों में पानी भरकर जंगल में पहुंचाया और उन पौधों को पानी दिया गया।



पौधों की सिंचाई के लिए कैन में भरकर पानी ले जाते भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी।

पर्यावरण बचाने को लेकर भुंतर सुधार समिति का यह छोटा-सा प्रयास बहुत ही सराहनीय है। वन विभाग का भी इन्हें पुरा सहयोग मिल रहा है। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा वनस्पतियों के बिना मानव की नहीं, बल्कि किसी भी जीव का जीना असंभव है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे, नदियां, जंगल, जमीन, पहाड़ आदि जीवन के लिए बहुत ही जरूरी हैं। प्रकृति से हम कितना कुछ लेते हैं। हमें भी प्रकृति को बचाने के लिए आगे आना होगा उसके उसके लिए उचित कदम उठाने चाहिए। प्रधान मेघ सिंह कश्यप व उपप्रधान रोशन लाल हार्डवेयर वाले, मनीष कौंडल, सुनील चौहान आदि ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने पौधारोपण में अपना सहयोग दिया है। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करती जेसीबी मशीन को ग्रामीणों ने रोका





ब्यास नदी में अवैध खनन करती जेसीबी तथा (दाएं) ग्रामीणों से बात करती पुलिस।

**मोहन कपूर,पतलीकूहल**

शुक्रवार को सरसेई पंचायत के लोगों ने 14 मील के पास ब्यास नदी पर निजी कार्य करती जेसीबी को अवैध खनन कार्य करने से रोका।

राज्य खनन विभाग ने नदियों, नालों और अन्य जल निकायों में सभी खनन गतिविधियों पर 15 सितंबर तक रोक लगाई है, वहीं सरसेई पंचायत के अंतर्गत रागड़ी विहाल में लगभग 20 घर व लोगों की जमीनें हैं, अगर खनन किया जाता है तो ब्यास नदी का रुख घरों और स्थानीय लोगों की जमीनों को ओर होगा, जिस कारण इन घरों और जमीनों को खतरा रहेगा।

**राज्य खनन विभाग ने खनन गतिविधियों पर 15 सितंबर तक लगाई है रोक**

वहीं, सरसेई पंचायत के उपप्रधान किशोर ने बताया कि ब्यास पर खनन की जानकारी मिलते ही वह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस थाना पतलीकूहल और खनन विभाग को दी गई। पुलिस के पहुंचने के उपरांत कार्य बंद करवा दिया गया।

ग्रामीणों में कहर सिंह, जोगिंद्र पाल, सुभाष चंद, होतम राम व कर्म चंद का कहना है कि ब्यास नदी का रुख उनकी जमीनों और घरों की ओर किया जा रहा है। ग्रामीण पहले ही साल 1995 और 2023 की बाढ़ से त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी हालत में ब्यास नदी में जेसीबी द्वारा खनन नहीं करने दिया जाएगा।

> **मामला** मेरे ध्यान में है, अवैध खनन की शिकायत सरसेई पंचायत के लोगों द्वारा दी गई। मौके पर पहुंचकर अवैध खनन कर रहे जेसीबी मशीन को रोका गया और ऑपरेटर को हिदायत दी गई की मशीन को ब्यास से बाहर निकाला जाए। अगर भविष्य में खनन किया तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **-नवनीत, खनन रक्षक, खनन विभाग**

उपमंडलाधिकारी रमन शर्मा ने बताया कि मामला मेरे ध्यान में नही है। मौके पर जा कर जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# हाईवे किनारे खड़ी गाड़ी के टायर चुरा ले गए चोर

**मोहन कपूर,पतलीकूहल**

कुछ शरारती तत्वों द्वारा गत देर रात डोभी नेशनल हाईवे पर पार्क की गई ऑल्टो कार नंबर एचपी 06बी 5284 से चोरों ने आगे के दोनो टायर चुरा लिए।

गोकल राम निवासी गांव तयाबडन डाकघर ज्योरी जिला शिमला ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ फोजल में एक हाईड्रो प्रॉजेक्ट में पिछले 2 साल से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने रात को लगभग 12 बजे अपनी ऑल्टो कार हाईवे के किनारे पार्क कर दी और घर चले गए। सुबह जब देखा तो गाड़ी के आगे के दोनों टायर गायब थे।

एक अन्य कर्मचारी अमन बुप्पल निवासी कलहेली डाकघर बजौरा जिला कुल्लू ने बताया कि मेरी ऑल्टो कार संख्या एचपी06ए 2166 से भी कुछ दिनों पहले इसी जगह से कार से ईसीएम व अन्य सामान कार से चोरी हुआ। दोनों ने इस चोरी की शिकायत पतलीकूहल थाना में कर दी है। पुलिस मौके पर पंहुच कर सीसी टीवी को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने पुष्टि की है। इलाका में चोरी की वारदात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कुछ



दिनों पहले साथ लगते शिम गांव में भी चोरों ने मंदिर से कुछ नकदी चोरी की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाका में पुलिस द्वारा रात को गश्त लगाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# जुलाई में भी पर्यटकों से लगी है रौनक, रोजाना पहुंच रहे 400 वाहन

**कमलेश वर्मा, मनाली/केलांग**

पर्यटन नगरी मनाली में जुलाई में भी पर्यटकों से रौनक लगी हुई है। बाहरी राज्यों से हर रोज 400 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं, जबकि प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों से भी प्रतिदिन 100 से अधिक पर्यटक वाहन दस्तक दे रहे हैं।



इन दिनों हालांकि, मनाली के बजाय लाहौल-स्पीति व लेह-लद्दाख में रौनक अधिक है, लेकिन पर्यटक लेह आते-जाते एक रात मनाली में ठहर रहे हैं। स्पेशल मनाली घूमने आने वाला पर्यटक तीन दिन रुकता है, जबकि लेह आने-जाने वाला पर्यटक मात्र एक रात ही मनाली ठहरता है। मनाली में पर्यटकों की संख्या हालांकि कम है, लेकिन रौनक जारी है।

गौर हो कि गत वर्ष ब्यास में आई भयंकर बाढ़ के कारण पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में वीरानगी छाई थी। होटल कारोबारी रवि, संदीप व शंभू मन्ना ने बताया कि बरसात में काम कम रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले साल आई बाढ़ का खौफ आज भी सभी के मन में है। बाबजूद इसके बाहरी राज्यों से छुटपुट पर्यटकों का आना लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि अब उन्हें दशहरा सीजन में ही बेहतर कारोबार की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि इन दिनों लेह आने-जाने पर्यटकों की संख्या अधिक है। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में भी हल्की रौनक लगी हुई है। लेह आते जाते पर्यटक मनाली में रुक रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब दशहरा सीजन में पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा।

**गत वर्ष ब्यास में आई भयंकर बाढ़ के कारण घाटी में छाई थी वीरानगी**

**आस्था** | पंजीकरण और मेडिकल के बिना किसी को भी यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं

# श्रीखंड यात्रा के लिए अब तक 6023 यात्री रवाना

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू जिला के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल में 14 जुलाई से जारी श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा में शुक्रवार को 567 यात्री पंजीकरण के बाद यात्रा पर रवाना हुए हैं, जिनमें 554 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं।

जानकारी देते हुए एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि 14 जुलाई रविवार को यात्रा शुरू होने के बाद 19 जुलाई शुक्रवार तक कुल 6023 यात्री पंजीकरण के बाद श्रीखंड रवाना हुए हैं। इन 6 दिनों में अब तक कुल 5781 पुरुष और 242 महिलाएं पंजीकृत हुई हैं। 6023 यात्रियों में से 2596 पुरुषों और 111 महिलाओं ने ऑनलाइन और 3174 पुरुषों और 131 महिलाओं ने बेसकैंप सिंहगाड पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट द्वारा आधिकारिक तौर पर यात्रा शुरू किए जाने के पहले दिन सबसे ज्यादा 2193 यात्री पंजीकृत होने के बाद यात्रा पर निकले हैं। 15 जुलाई को 694,16 जुलाई को 721, 17 जुलाई को 685, 18 जुलाई को 572 और 19 जुलाई को सबसे कम 386, 20 जुलाई को 567 यात्री पंजीकरण के बाद यात्रा पर निकले थे। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि इस वर्ष आधिकारिक तौर पर यात्रा शुरू होने से पहले ही 4 लोगों की श्रीखंड के रास्ते मे मौत हो चुकी है, जबकि बिना पंजीकरण और मेडिकल चेकअप किए बिना किसी को भी यात्रा पर जाने नहीं दिया जा रहा है।





श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए जाते हुए श्रद्धालु तथा (दाएं) दस्तावेज की जांच करती पुलिस।

ट्रस्ट द्वारा स्थापित पांचों पड़ावों पर पुलिस, होमगार्ड के जवान, रेसक्यू टीमें और मेडिकल स्टाफ तैनात किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी भी परेशानी में तुरंत राहत पहुँच सके। वहीं रास्तों में जगह जगह मुफ्त लंगर लगे हैं, टैंट में ठहरने , खाने आदि की व्यवस्था है, जहां तय दामों पर हर चीज उपलब्ध है। श्रीखंड यात्रा के दौरान बेसकैंप सिंहगाड में कई तरह के स्टॉल, दुकानें सजी हैं। जिनमें प्रसाद, श्रीखंड महादेव की तस्वीरे, लॉकेट, पूजा पाठ की सामग्री, छाते, डंडे, टोरचें और स्थानीय अर्ली वेरायटी का सेब भी बिक रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टिप्पर के खाई में गिरने से चालक घायल

**सोलन ब्यूरो।** केथलीघाट से शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी का सरिये से लदा टिप्पर कंडाघाट उपमंडल के झुंगल के पास करीब सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आईजीएमसी शिमला ले जाया गया और वहां से उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया है। डीएसपी हेडक्वार्टर सोलन अनिल धौल्टा ने बताया कि कंडाघाट पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### मारपीट मामले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन



**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में मुहर्रम पर मुस्लिम समुदाय के दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं। इस सिलसिले में पीड़ित पक्ष ने एसएसपी सिरमौर को शिकायत सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित पक्ष के जावेद ने बताया कि दो दिन पहले मुहर्रम के मौके पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष व उनके कुछ युवा साथियों ने ताजिया निकालने के दौरान हमला कर दिया था, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एसएसपी सिरमौर को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की गई है।

### योजना के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** हिमाचल प्रदेश में तहसील कल्याण अधिकारी महासंघ की कार्यकारिणी ने वर्चुअल बैठक आयोजित की। बैठक में हाल ही में शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। सदस्यों ने डाटा एंट्री ऑपरेटर और फील्ड सुपरवाइजर की नियुक्ति के लिए पूर्व में की गई मांगों पर अभी तक कार्रवाई न होने पर चिंता व्यक्त की। योजना के तहत हर कार्यालय में आवेदन पत्रों की अधिकता है, जिन्हें व्यवस्थित रखने के लिए न तो पर्याप्त जगह है और न ही पर्याप्त स्टाफ। इसके कारण तहसील कल्याण अधिकारियों पर आवेदन पत्रों की छंटनी का दबाव बढ़ गया है। महासंघ ने निर्णय लिया है कि यदि एक महीने के भीतर डाटा एंट्री ऑपरेटर और फील्ड सहायकों की नियुक्ति के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, तो महासंघ योजना की अगली किश्त जारी करने से पहले योजना के सभी कार्यों का विरोध करने का निर्णय लेगा।

### सत्संग की महिमा का फल प्रत्यक्ष है : स्वामी

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** अलख आश्रम की तरफ से 'गुरु पूजा व्यास पूर्णिमा' के अवसर पर गढ़शंकर के गांव समुंद्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर महेशियाना में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माहिलपुर स्थित अलख अमर विवेचन प्रत्यक्षालय से स्वामी श्री विशेषानंद जी ने अपने आत्म अनुभवमयी वचनों से आई हुई संगत को निहाल किया। दो दिवसीय गुरु पूजन व्यास पूर्णिमा का आगाज बच्चों द्वारा किए गए हवन यज्ञ से हुआ। इसके उपरांत छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों ने मधुर भजन-गायन से आई हुई संगत को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायन उपरांत स्वामी जी ने कहा कि सत्संग की महिमा केवल बातों तक सीमित नहीं इसका फल प्रत्यक्ष है। यज्ञ, तप, दान तथा कीर्तन का फल शायद कब मिले परंतु सत्संग का फल अवश्य मिलता है। स्वामी जी ने कहा कि प्रभु का नाम एक है, जो भी हम जिह्वा से बोलते हैं, कानों से सुनते हैं, आंखों से देखते हैं, वह परमात्मा के सिफाती (गुणवाचक) नाम तो हो सकते हैं परंतु परमात्मा का यथार्थ नाम नहीं। स्वामी जी ने आगे कहा कि सत्त स्वरूप यानि अपने आप को जानना ही सतसंग है और जिसे सिर्फ समय के पूर्ण सदगुरु से ही जाना जा सकता है। इस मौके पर शहरवासियों व दूरों दराज से आई संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### भाजपा को चिंतन करने की जरूरत : कौशल



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि हिमाचल में भाजपा को चिंतन करना चाहिए। उप चुनावों में कई दिग्गज बुरी तरह पिटे हैं। ढींगे मारने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपने ही क्षेत्र में जनाधार खो चुके हैं। लोक सभा की जीत पर अपनी पीठ थपथपाने वाले जयराम अपने चुनाव क्षेत्र में पुरानी बढ़त से तीस हज़ार मत पीछे हुए हैं। उनको अब अपने राजनीतिक भविष्य का चिंतन करना चाहिए। भाजपा का आम कार्यकर्ता प्रदेश में जयराम ठाकुर और ऐसे कई नेताओं से दुखी हो चुके हैं। प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा प्रदेश में आउटसोर्स पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी हर्ष महाजन प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्स कंपनी बनकर रह गई है। क्या प्रदेश में हर्ष महाजन ने भाजपा नेताओं का इस्तेमाल कराया है या वे इस्तेमाल हुए हैं, इसपर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को मंथन करना चाहिए। उप चुनाव थोंपकर क्या हासिल किया। एक तरह से भाजपा की नैतिक हार हुई है और बड़े नेता भी उससे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिमाचल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का राजनीतिक ग्राफ गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही चार सीटें पर भाजपा ने प्रदेश में जीत ली हैं। लेकिन जयराम ठाकुर के ही गृह विधानसभा क्षेत्र में 48,000 की लीड 14,000 तक सीमित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति का चिंतन-मंथन बैठक के दौरान हिमाचल के हितों को लेकर कोई भी चर्चा नहीं हुई। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विजय डोगरा और सुरेंद्र बंधु समेत अन्य मौजूद रहे।

# सोलन नगर निगम में विलय हुए नए क्षेत्रों के भवनों पर लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स

## भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य पूरा, वार्डों में अभी से उठने लगे विरोध के स्वर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में विलय किए गए नए क्षेत्रों के भवन मालिकों पर यूनिट एरिया मेथड के आधार पर प्रॉपर्टी टैक्स लगाने की तैयारी हो चुकी है। निगम की तरफ से की तरफ से भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। बता दें कि अक्तूबर 2020 में सोलन नगर परिषद को नगर निगम में अपग्रेड करने के लिए आसपास की करीब 8 पंचायतों के सेमी अर्बन ग्रामीण क्षेत्रों का विलय किया गया था।

विलय किए गए क्षेत्रों के निवासियों को विलय के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार ने तीन साल प्रॉपर्टी टैक्स की छूट दी गई थी। अब यह अवधि पूरी हो चुकी है। यही कारण है कि निगम अब नए विलय क्षेत्रों में देउघाट, पावर हाउस, बेर गांव, जराई, ब्रूरी, पड़ग, आंजी, रबोन, शामती, सलोगड़ा, कथेड़, नड़हो, डमरोग, कायलर, न्यू कैथर, समलेच आदि क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स वसूल करेगा। हालांकि इसको लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन नगर निगम में शामिल रबोन क्षेत्र।

### राहत के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

वार्ड नंबर 17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने कहा कि नए एरिया को अभी रिलेक्सेशन देने की जरूरत है। यह प्रस्ताव सरकार को भी भेजा गया है। अभी नए एरिया प्रॉपर्टी टैक्स से दूर रखा जाए। वार्ड नंबर 16 की पार्षद सीमा ने तो हाउस में भी इस पर चर्चा की और कहा कि उनका वार्ड नया है। ऐसे में यहां पर अन्य वार्डों के मुकाबले अधिक पैसा दिया जाना चाहिए, ताकि यहां पर अधिक विकास किया जा सके। वार्ड -16 पहले ग्राम पंचायत आंजी और ग्राम पंचायत सपरून का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन सरकार ने इसे सेमी अर्बन क्षेत्र होने के चलते नगर निगम में शामिल कर दिया।

### आबादी की शर्त को पूरा करने को हुआ विलय

नगर निगम बनाने के लिए 50 हजार आबादी की शर्त को पूरा करने के उद्देश्य से तीन वर्ष पहले सोलन शहर में ग्रामीण क्षेत्रों का विलय किया गया था। भाजपा ने उस समय विलय किए ग्रामीण क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स में तीन साल की छूट दी थी, जबकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच साल तक टैक्स नहीं लेने का वादा किया था। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बावजूद अभी तक टैक्स छूट की नोटिफिकेशन जारी नहीं हुई है। यही कारण है कि अब निगम में शामिल नए क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी कर रहा है।

### सुविधाएं दिए बिना टैक्स लेना गलत

**प्रॉपर्टी** टैक्स को लेकर प्रभावित क्षेत्रों में विरोध भी शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि जब नगर निगम की तरफ से इन नए विलय क्षेत्रों में पर्याप्त सुविधा नहीं दी जा रही है, तो ऐसे में जबरन टैक्स लेना गलत है। इसको लेकर वार्ड-16 के लोग तो पार्षद के साथ मिलकर आगामी दिनों में विरोध करने की रणनीति बनाने में भी जुटे हुए हैं। लोग कोर्ट जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को भी तैयार हैं।

# जिला परिषद की बैठक में सड़क, बस रूट बिजली, पेयजल के मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

- 59 पुराने और 18 नए मदों पर विचार-विमर्श

जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित कर गति प्रदान करें, ताकि समय पर परियोजनाओं का लोगों को लाभ मिल सके। रमेश ठाकुर जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद सदस्य प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन एवं आमजन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और सभी के सहयोग से ही समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह प्रयास रहना चाहिए कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सकारात्मक सहयोग से जनता की समस्याओं का शीघ्र निवारण किया जा सके। सभी विभागों के अधिकारियों को जिला परिषद की बैठक में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित बनानी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं बैठक से पूर्व प्रेषित करें ताकि इनका उचित समाधान किया जा सके।

उपमंडलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन चुने हुए प्रतिनिधियों के समन्वय के साथ जन समस्याओं के निवारण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गतिशीलता लाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के अनुभव एवं बेहतर निर्णय आमजन की समस्या को कम करने में सहायक बनते हैं।

बैठक में 59 पुराने मद व 18 नए मद पर चर्चा की गई। बैठक में सड़क, बस रूट, बिजली, पेयजल, राजस्व सहित अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला परिषद के सदस्यों को 12 दिसंबर, 2023 से 18 जुलाई, 2024 तक के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया। जिला पंचायत अधिकारी जोगिंदर राणा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कंवर, विभिन्न जिला परिषद सदस्य, उपमंडलाधिकारी (ना.) कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# सिरमौर के पांचों मंडलों में कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा : रणबीर

**एसपी जैरथ, नाहन**

देश और प्रदेश की तर्ज पर सिरमौर जिले के पांचों मंडलों में भी कारगिल दिवस की 25वीं वर्षगांठ 26 जुलाई को बड़े हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सिरमौर जिला के पांचों विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में मशाल यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें भारतीय युवा मोर्चा के हजारों युवा भाग लेंगे।



ठाकुर ने बताया कि 26 जुलाई 1999 को लगभग तीन माह तक चले भारत पाक कारगिल युद्ध के दौरान भारत ने कारगिल पर विजय हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया था। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को आयोजित की जाने वाली मशाल यात्रा का मुख्य उद्देश्य नौजवानों और युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना जागृत करना है। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को भारतीय युवा मोर्चा के नौजवानों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे और देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संकल्प के रूप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक विधानसभा के क्षेत्रों में आयोजित होने वाली मशाल रैलियों में भाग लेकर कारगिल युद्ध विजय दिवस को यादगार बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें ताकि इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय योद्धाओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए जा सके और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की जा सके। (अनंत ज्ञान)

# आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को करेंगी जागरूक

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर में कम आयु में महिलाएं गर्भवती हो रही हैं, जो बेहद चिंता का विषय है। कम आयु में महिलाओं के गर्भवती होने के चलते उनकी शारीरिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसको लेकर आशा कार्यकर्ता लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगी।

इसके अलावा लगातार बरसात के मौसम में बढ़ते गैर संक्रमित रोगों की रोकथाम को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। इसको लेकर नाहन में स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई और जिला के सीएमओ ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर फीडबैक ली गई है। रोगियों को एक बार अस्पताल में आने पर बाहर से कोई खर्च न करना पड़े, इसको लेकर भी अधिकारियों को कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

# सोलन अस्पताल में एक्स-रे की रिपोर्ट देरी से मिलने से मरीज परेशान

**भावना शांडिल, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की क्रस्ना लैब में हो रहे एक्स-रे की रिपोर्ट देरी से मिलने के कारण मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। एक्स-रे रिपोर्ट मिलने में छह घंटे का समय लग रहा है। ऐसे मरीजों को बार बार अस्पताल के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। कंपनी के कर्मी मरीजों के एक्स-रे तुरंत कर फिल्म तो दे देते हैं, पर जब उनसे रिपोर्ट मांगी जाती तो उसके लिए पांच से छह घंटे रुकने के लिए कहते हैं। कई बार मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए अगले दिन भी अस्पताल आना पड़ता है।



सोलन अस्पताल में उपचार को पहुंचे लोग।

इतना ही नहीं कई बार धुंधली फिल्म आने के कारण चिकित्सक भी सही से बीमारी को डायग्नोज नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे में काफी परेशानी मरीजों को झेलनी पड़ती है। वहीं, मरीजों को बार-बार एक्स-रे करवाने पर भी मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में दूरदराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को अधिक समस्या आती है। हालांकि कई मरीज फिल्म के सहारे ही उपचार करवा रहे हैं। कंपनी कर्मचारियों की मानें तो एक्स-रे रिपोर्ट क्रस्ना हेड ऑफिस से आती है। इसके चलते समय लग जाता है।

गौर रहे कि क्षेत्रीय अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पर सोलन ही नहीं, बल्कि जिला शिमला और सिरमौर से भी मरीज अपना उपचार करवाने के लिए पहुंचते हैं।

अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन समेत अन्य चिकित्सक हैं, जो जरूरी मरीजों को एक्स-रे करवाने की सलाह देते हैं, ऐसे में क्षेत्रीय अस्पताल में रोजाना 60 से 70 एक्स-रे होते हैं। मरीजों को केवल एक्स-रे फिल्म से काम चलाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करने पर वसूला 17 हजार जुर्माना

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए भूपपुर में यमुना नदी में एक ट्रैक्टर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर चालक से 17,770 रुपए जुर्माना वसूला।

जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि यमुना नदी में खनन माफी द्वारा खनन को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी पांवटा साहिब मोहन सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें वन खंड अधिकारी पांवटा साहिब सुमंत कुमार व वन रक्षक रणबीर सिंह व वनकर्मी कीर्तनपाल मौजूद रहे। मौका पर भूपपुर में अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। इस दौरान चालक से 17770 रुपए का जुर्माना वसूला गया। डीएफओ पांवटा एश्वर्याराज ने बताया कि खनन माफिया के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शपथ और अलंकरण समारोह आयोजित

# विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरा, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में शपथ और अलंकरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी सूर्यांश कश्यप को स्कूल कैप्टन, उदयवीर सिंह को खेल कप्तान, पियूष गाबा को वीनस सदन का कप्तान, हर्ष को नेपच्यून सदन का कप्तान, दक्ष चोपड़ा को मार्स सदन का कप्तान तथा सुमन पायकरा को अर्थ सदन का कप्तान बनाया गया।

इसके साथ-साथ छात्रावास 1 का कप्तान दिव्यांशु शुक्ला को बनाया गया तथा उपकप्तान तेजबीर सिंह को बनाया गया। छात्रावास 2 का कप्तान अभय को बनाया गया तथा उपकप्तान शिवम कौशल को बनाया गया। छात्रावास 3 का कप्तान देवांक कुंडलस को बनाया गया तथा उपकप्तान नमन शर्मा को बनाया गया। छात्रावास 4 का कप्तान जतिन ठाकुर को बनाया गया तथा उपकप्तान मयंक को बनाया गया।




शपथ और अलंकरण समारोह के दौरान छात्र व अन्य।

छात्रावास 5 का कप्तान सार्थक सूद को बनाया गया तथा उपकप्तान पीयूष गाबा को बनाया गया। कनिष्ठ कन्या छात्रावास एक की कप्तान तन्वी ठाकुर को बनाया गया तथा उपकप्तान प्रियांशी अरोड़ा को बनाया गया।

वरिष्ठ कन्या छात्रावास एक की कप्तान गुंताज कौर को बनाया गया तथा उपकप्तान दिव्यांशी खन्ना को बनाया गया। इसी क्रम में जसलीन, रियांश, कुंजल यादव, तनुश्री, पुरंजय, सोनाक्षी पठानिया, अभय, तन्वी ठाकुर, वीरेन गुलिया, जतिन ठाकुर, अमीषी, सूर्यांश कश्यप, मिथिल चंदेल और उदयवीर सिंह को अपनी अपनी कक्षा का मॉनिटर चुना गया।

इसके बाद छात्रों को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद और उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुरर ने सभी विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से अवगत करवाया और शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का समापन किया। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट अकादमी सराहां में 28 बच्चों को वितरित की क्रिकेट किट

**रविदत्त, राजगढ़**

एचपीसीए द्वारा संचालित क्रिकेट अकादमी सराहां में कोचिंग ले रहे 28 बच्चों को शुक्रवार को ड्रेस किट वितरित की गई। इस अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब पच्छाद के अध्यक्ष आरडी पराशर तथा यूनाइटेड वेटरन एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष व संजय राजन विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर संजय राजन ने बच्चों को बताया कि आज क्रिकेट केवल खेल ही नहीं रहा, बल्कि आज क्रिकेट में उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट अकादमी सराहां में कोच सुरेंद्र ठाकुर द्वारा बहुत बारीकी से बच्चों को क्रिकेट की कोचिंग दी जा रही है, जिसका नतीजा भी सामने आ रहा है। आज यहां इस कोचिंग सेंटर से नेशनल के लिए 4 खिलाड़ी, जबकि 2 लड़कियां स्टेट और 14 इंटर डिस्ट्रिक खेल चुकी हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को कड़ी लगन व मेहनत करके आगे बढ़ने के लिय प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट की अकादमी खोल कर ग्रामीण बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां सिखाने व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए एचपीसीए के प्रयासों की प्रशंसा की।

वहीं, कोच सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि एचपीसीए द्वारा यह ड्रेस किटें बच्चों को दी गई हैं। उन्होंने सिरमौर क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अतर सिंह नेगी व सचिव राजेन्द्र बब्बी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में यह अकादमी आगे बढ़ रही है। सुरेंद्र ने बताया कि इस अकादमी के खिलाडी हार्दिक जिंदल का चयन टेलेंट हंट प्रोग्राम के तहत हिमाचल के लिए हुआ है, जो कि इस अकादमी के लिए हर्ष का विषय है। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** दावटी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को मुख्य संसदीय सचिव ने किया संबोधित

# खेल स्पर्धाएं युवाओं को नशे से दूर रखने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका: अवस्थी



विजेता टीम को सम्मानित करते सीपीएस संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने में तथा नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दावटी में देव मढोड़ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि जीत-हार के अनुभवों का अनुसरण कर जीवन में निरन्तर आगे बढ़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इन्हीं खिलाड़ियों में से भविष्य के राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरेंगे। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है और युवाओं को अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि योग एवं व्यायाम को अपनी नियमित दिनचर्या में जोड़े और नशे से सदैव दूर रहें। उन्होंने कहा कि दावटीघाट के मैदान का सौंदर्यीकरण व विस्तारीकरण किया जाएगा तथा मैदान में हेलीपेड की सुविधा को विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 5.81 लाख रुपए की राशि से दावटी, दाडला, ब्रायली और रौड़ी गांव में पुरानी पेयजल वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दाती गांव में शिवा परियोजना के माध्यम से 1.5 करोड़ रुपए की राशि से पेयजल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंजी गांव में 2.50 लाख रुपए की राशि से पेयजल टैंक का शीघ्र निर्माण किया जाएगा।

मुख्य संसदीय सचिव ने विजेता टीम सपार्टन टीम को ट्रॉफी तथा 25 हजार रुपए की राशि तथा उप विजेता छिब्बर टीम को ट्रॉफी तथा 15 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 64 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने दावटी गांव में एंबुलेंस मार्ग निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने दावटी, दाती और फांजी महिला मंडलों को 11-11 हजार रुपए तथा देव मढोड़ क्रिकेट क्लब देवटीघाट को 21 हजार रुपए की देने की घोषणा की। उन्होंने महिला मंडल भवन लादी के निर्माण के लिए एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

इस अवसर पर बाघल लैंड लुसर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, जिला कांग्रेस सोलन के महासचिव राजेंद्र रावत, ब्लॉक कांग्रेस अर्की के महासचिव सुरेंद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विद्या सागर ठाकुर, ग्राम पंचायत दावटी के उप प्रधान हीरा कौंडल, देव मढोड़ क्रिकेट क्लब दावटीघाट के उप प्रधान जतिन, ग्राम पंचायत घनागुघाट के पूर्व प्रधान धनी राम रघुवंशी, महिला मंडल दावटी की प्रधान निशा देवी, डीएसपी दाडलाघाट संदीप शर्मा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खंड विकास अधिकारी कुनिहार तनमय कंवर, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की तारा चंद नेगी सहित अन्य गणमान्य तथा ग्रामीण उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर आज

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** निरंकारी भवन राजगढ़ में रविवार 21 को संत निरंकारी मिशन की राजगढ़ इकाई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी राजेंद्र चौहान करेंगे। संगत के सयोंजक भोला नाथ साहनी व शिविर के प्रभारी नवदीप साहनी ने बताया कि यह आयोजन आईजीएमसी शिमला के चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा और रक्तदान का समय सुबह 9 से सायं चार बजे तक रहेगा।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### मध्य गाजा में हुए हमले में 13 फिलिस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** इजराइल की ओर से मध्य गाजा के शरणार्थी शिविरों पर शनिवार रात किये गये तीन हवाई हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, लेकिन हमले में जान गंवाने वाली एक फिलिस्तीनी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का चिकित्सकों के प्रयास से सकुशल जन्म हो सका। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमले में 13 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इस बीच काहिरा में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम वार्ता में प्रगति होती दिख रही है। शवों को पास के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में ले जाने वाली फलस्तीन की एम्बुलेंस टीम के अनुसार, नुसीरात शरणार्थी शिविर और ब्यूरिज शरणार्थी शिविर के मृतकों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल थी।

### संसद का मानसून सत्र सोमवार से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से आरंभ होने वाला है, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष भी



'नीट' पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। मानसून सत्र सोमवार (22 जुलाई) से शुरू होने वाला है और 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। इस सत्र में सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी शामिल है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलेगी। इस केंद्रशासित प्रदेश में फिलहाल विधानसभा अस्तित्व में नहीं है और केंद्र का शासन है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं।

### कोरोना : 2020 में 17 प्रतिशत ज्यादा मौतें

नई दिल्ली। भारत में 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान 2019 की तुलना में अधिक मौत हुई। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। अध्ययन के अनुसार महामारी के दौरान 2020 में 11.9 लाख अतिरिक्त मौत हुईं और यह आंकड़ा 2019 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं समेत अन्य ने कहा कि यह अनुमान भारत में कोविड-19 से हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़ों से लगभग आठ गुना अधिक है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान से 1.5 गुना अधिक है। इस बीच अध्ययन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बयान जारी किया, जिसमें अध्ययन के आकलनों को भ्रामक बताया गया है।

### पाकिस्तान में इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस गंभीर बीमारी को खत्म करने के देश के प्रयासों को झटका लगा है। पोलियो का यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले में सामने आया। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश में नौ बच्चे पोलियो वायरस से प्रभावित हुए हैं। पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में काम करने वाली आयशा रज़ा फारूक ने लोगों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलने की सलाह दी और कहा कि पोलियो को रोकने के लिए दवा की अधिक खुराक की जरूरत है। पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के संयोजक मुहम्मद अनवर उल हक ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने इस साल पोलियो-रोधी छह अभियान चलाए हैं।

### अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने जहाज पर हमला किया

**सिंगापुर।** हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज 'लोबिविया' पर हमला हुआ, जिससे इसमें आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया। चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल में सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नहीं था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा। (अनंत ज्ञान)

### भीषण गर्मी से बीएसएफ अधिकारी व जवान की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान 'हरामी नाला' क्षेत्र में सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के एक अधिकारी और एक जवान की अत्यधिक गर्मी से मौत हो गई। आधिकारिक ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार को हुई और बताया जा रहा है कि सहायक कमांडेंट विश्वदेव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हुआ था और उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी। विश्वदेव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे।

### अगले हफ्ते से फिर चुनाव प्रचार करूंगा: बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच कहा कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और अगले सप्ताह से प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगे। बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं। कुछ दिन पहले ही उनमें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इसके बाद से वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर पृथकवास में हैं। बयान में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप भविष्य को लेकर जो खतरनाक दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिकी वैसे नहीं हैं। एक पार्टी और एक देश के रूप में हम उन्हें चुनाव में हरा सकते हैं और हराएंगे।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावरम गांव के जंगल में पहुंचा, तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए। जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली, तो वहां एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला।

### मुंबई में भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव

**मुंबई।** मुंबई और उसके उपनगरों में शनिवार को रुक-रुक कर भारी बारिश हुई, जिसके कारण महानगर के कुछ इलाकों में पानी भर गया, लेकिन लोकल ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से संचालित की जा रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई में शनिवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 91 मिमी बारिश हुई, जबकि इसके पूर्वी एवं पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 87 मिमी और 93 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# बांग्लादेश प्रदर्शन : कर्फ्यू के बावजूद बढ़ी मृतकों की संख्या

## सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के कुछ दिन बाद शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की। बांग्लादेश में हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को मरने वाले लोगों की संख्या के बारे में अलग-अलग रिपोर्ट सामने आई और 'समय' टीवी के अनुसार 43 लोग मारे गए हैं।



'एसोसिएटेड प्रेस' के एक संवाददाता ने ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 23 शव देखे, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या उन सभी की मौत शुक्रवार को हुई थी।

गुरुवार को प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा देश में 'पूर्ण बंद' लागू करने के प्रयास के दौरान 22 लोगों की मौत हुई थी। मंगलवार और बुधवार को भी कई लोग मारे गए थे। राजधानी ढाका और अन्य शहरों में सड़कों व विश्वविद्यालय परिसरों में पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। अधिकारियों ने मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगा दी है। कुछ टेलीविजन समाचार चैनलों में भी कामकाज बंद हो गया है तथा अधिकांश बांग्लादेशी समाचार पत्रों की वेबसाइट नहीं खुल रही हैं।

मृतकों की संख्या की पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, लेकिन 'डेली प्रथम आलो' समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि मंगलवार से अब तक 105 लोगों की मौत हुई है।

ढाका में अमेरिका के दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि खबरों से पता चलता है कि बांग्लादेश में 'सैकड़ों से लेकर संभवतः हजारों लोग' घायल हुए हैं।

देश में कर्फ्यू आधी रात से शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक इसमें ढील दी जाएगी ताकि लोग जरूरी सामान खरीद सकें। इसके बाद रविवार सुबह 10 बजे तक कर्फ्य फिर से लागू रहेगा।

# आतंकियों से बरामद हुई स्टेयर एयूजी राइफल

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गुरुवार को मारे गए दो विदेशी आतंकियों से ऑस्ट्रिया निर्मित बुलपप असॉल्ट राइफल, 'स्टेयर एयूजी' बरामद की गई है। इस तरह की राइफलों का प्रयोग अफगानिस्तान में नाटो देश की सेनाओं द्वारा किया जाता था। आधिकारिक सूत्रों ने इसे दुर्लभ बरामदगी बताया है।

लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश करने वाले दहशतगर्दों से इन राइफलों के साथ युद्ध जैसा गोला-बारूद का जखीरे मिला है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक आला अधिकारी ने बताया, संभवतः यह पहली बार है कि ऐसी राइफल बरामद की गई है। यह एक भारी हथियार है जिसे संभालना आसान नहीं है। इसलिए इससे पहले दिखी भी नहीं।



एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अन्य बलों के अलावा, इस राइफल का इस्तेमाल अफगानिस्तान में नाटो बलों द्वारा किया गया है, इसलिए संभवतः यह वहां से पाकिस्तान पहुंची होगी।

सेना के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, गुरुवार को केरन सेक्टर में एलओसी पार से आतंकी घुसपैठ की कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया था। भीषण गोलीबारी में दो विदेशी आतंकी मारे गए थे। इनके पास से हथियारों के जखीरे के अलावा एक पाकिस्तानी पहचान पत्र भी बरामद हुआ था। कहा, पिछले कुछ हफ्तों में एलओसी पर यह तीसरा सफल घुसपैठ विरोधी अभियान था। (अनंत ज्ञान)

## पुस्तक 'मैसेजस फ्रॉम हिमालयन सेजेस: टाइमली एंड टाइमलेस' पर हुई चर्चा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रसिद्ध आध्यात्मिक और लाइफ गुरु सकलअमा ने अपनी नवीनतम पुस्तक 'मैसेजस फ्रॉम हिमालयन सेजेस: टाइमली एंड टाइमलेस' से जुड़ी जानकारी पत्रकारों से साझा की और अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर चर्चा चंडीगढ़ प्रेस क्लब में की। पुस्तक का औपचारिक विमोचन समारोह 21 जुलाई को पंजाब कला भवन में होगा।



गुरु सकलअमा हिमालय के स्वामी रामा की शिष्या हैं, जिन्होंने 30 वर्ष पूर्व उन्हें श्री विद्या परंपराओं में दीक्षित किया था। श्री विद्या परंपरा श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक चेतना को पार करके उन्हें परम वास्तविकता से जोड़ने का प्रयास करती है। 'मैसेजस फ्रॉम हिमालयन सेजस: टाइमली एंड टाइमलेस' उनके अनुभवों का एक दस्तावेज है जो सरल शब्दों में समझाता है कि आध्यात्मिक विकास कोई रॉकेट साइंस नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## राधा रतूड़ी ने पंचायत भवनों में विद्युतीकरण के निर्देश दिए

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत राज्य में 697 ग्राम पंचायत में से अवशेष 227 ग्राम पंचायत भवनों में समयबद्धता से विद्युतीकरण के निर्देश दिए हैं, ताकि इनमें जल्द से जल्द ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जा सके। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि राज्य की कठिन भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए भारतनेट प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाना चाहिए।



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में पीएम प्रगति पोर्टल के तहत भारतनेट, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे, देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट कार्यक्रमों की समीक्षा की।

बैठक में राज्य में भारतनेट प्रोजेक्ट की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि 697 ग्राम पंचायतों में से 339 को स्थायी कनेक्शन के साथ विद्युतीकृत कर दिया गया है। 173 ग्राम पंचायतों ने विद्युतीकरण के लिए यूपीसीएल को आवश्यक शुल्क का भुगतान कर दिया है। 43 ग्राम पंचायतों को शहरी क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां 33 के विद्युतीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है और शेष 10 साइटों को विद्यालयी शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। 98 ग्राम पंचायतों को बिना ग्राम पंचायत भवन की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है, जो अनिश्चित स्थिति में है। जीपीओएन उपकरण को स्थानांतरित करने के लिए वैकल्पिक साइटों की पहचान की जा रही है। शेष 44 ग्राम पंचायतें बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने और भुगतान करने की प्रक्रिया में हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे तथा देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट्स के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन से प्रभावी समन्वय के भी निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# चीन में पुल ढहने से 11 लोगों की मौत, 30 से अधिक लापता

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** के शांक्शी प्रांत में अचानक आई बाढ़ के कारण राजमार्ग पर बना पुल ढह गया, जिससे कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लापता हो गए। अधिकारियों ने बताया कि शेंगलू शहर की झाशुई काउंटी में स्थित पुल शुक्रवार शाम तेज बारिश और अचानक आई बाढ़ की वजह से ढह गया।



शनिवार सुबह तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक लोग पुल ढहने के बाद से लापता हैं। पुल ढहने के कारण कुछ वाहन पुल के नीचे जिन्कियां नदी में गिर गए। खबर के अनुसार, बचाव दलों ने नदी में गिरे पांच वाहन बरामद कर लिए हैं और बचाव कार्य जारी है। दुर्घटना के शिकार हुए वाहनों की सटीक संख्या पता लगाई जा रही है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पुल गिरने के बाद लोगों की जान और संपत्ति को बचाने के लिए हर संभव बचाव व राहत प्रयास करने का निर्देश दिया है।

# अमरनाथ यात्रा : 21 दिन में 3.75 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**

अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक करीब 3.75 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं, जबकि शनिवार को 3,471 तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से पिछले 21 दिनों में करीब 3.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।



क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के बावजूद शुक्रवार को 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। शनिवार को 1,073 भक्तों का जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला जत्था बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि 3.45 बजे 79 वाहनों में 2398 यात्रियों का दूसरा जत्था दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 52 दिन बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी।

## अमेरिका के यूक्रेन की मदद से पीछे हटने पर भी अन्य जारी रखेंगे सैन्य सहायता : ब्लिंकन

**एजेंसी, एस्पेन**



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेन सैन्य स्तर से अपने पैरों पर खड़े होने में सक्षम बनने की राह पर है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी अन्य राष्ट्रपति के शासन में यूक्रेन को दी जाने वाली मदद रोकने का फैसला लेता है, तो भी 20 से अधिक देशों ने रूस के आक्रमण का सामना कर रहे इस देश को सैन्य एवं वित्तीय सहायता जारी रखने का संकल्प जताया है। ब्लिंकन ने पहली बार प्रत्यक्ष रूप से यह संभावना जताई है कि डोनाल्ड ट्रंप नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव जीत सकते हैं और यूक्रेन को दी जाने वाली मदद रोक सकते हैं।

## जेल में जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे केजरीवाल : वीके सेक्सेना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया कि न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं संभवतः जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का बना खाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस मामले पर 'आप' सरकार ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने जेल प्राधिकारियों को सुझाव दिया है कि वे मुख्यमंत्री को निर्धारित आहार के अलावा दवा और इंसुलिन की तय खुराक लेने की सलाह दे सकते हैं, क्योंकि केजरीवाल 'टाइप-2' मधुमेह से पीड़ित हैं। आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और उसकी अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर जेल में बंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को स्थायी नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि आप प्रमुख का वजन कम हो गया है तथा उनके रक्त शर्करा स्तर में गिरावट आई है। उपराज्यपाल की ओर से मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र के अनुसार, आहार निगरानी चार्ट से पता चलता है कि छह जून से 13 जुलाई के बीच मुख्यमंत्री ने दिन में तीन बार आहार के लिए निर्धारित पूरी खुराक का सेवन नहीं किया।

**नुकसान** रिफाइनरी मार्जिन में गिरावट और ईंधन की कीमतों में कमी के चलते मुनाफे में आई कमी

# बीपीसीएल का पहली तिमाही में 73 प्रतिशत घटा शुद्ध लाभ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 73 प्रतिशत घट गया। रिफाइनरी मार्जिन में गिरावट और ईंधन की कीमतों में कमी के चलते विपणन मार्जिन कम रहने से उसका मुनाफा घटा।



कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,841.55 करोड़ रुपए था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,644.30 करोड़ रुपए था। इस साल जनवरी-मार्च में बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 4,789.57 करोड़ रुपए था। ईंधन खुदरा कारोबार से कर-पूर्व आय 70 प्रतिशत घटकर 4,255.73 करोड़ रुपए रह गई।

बीपीसीएल और दूसरे सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखने से असाधारण लाभ कमाया था। बीपीसीएल ने समीक्षाधीन तिमाही में कच्चे तेल के प्रत्येक बैरल को ईंधन में बदलने पर 7.86 अमेरिकी डॉलर कमाए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसका सकल रिफाइनिंग मार्जिन 12.64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था। इस साल अप्रैल-जून में बिक्री वृद्धि 3.22 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले यह 8.42 प्रतिशत थी।

## ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे -सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है। पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

## हार को बर्दाश्त नहीं कर पा रही भाजपा: गौरव

**गुवाहाटी।** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने शनिवार को कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी संसदीय चुनावों में मिली नैतिक हार को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है, इसलिए वह



''सांप्रदायिक राजनीति के अपने पुराने रुख'' का सहारा ले रही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों के मालिकों को अपना नाम प्रदर्शित करने का आदेश और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की ओर से जनसंख्या के आंकड़ों को लेकर एक विशिष्ट समुदाय को निशाना बनाए जाने जैसी बातों से यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

## ट्रंप ने जेलेंस्की को दिया युद्ध खत्म कराने में सहयोग देने का भरोसा

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर हुई बातचीत में उन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

जेलेंस्की ने ट्रंप को अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने की बधाई देने के लिए फोन किया था। ट्रंप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और मेरे बीच शनिवार सुबह फोन पर बातचीत हुई। उन्होंने रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के सफल आयोजन और अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने पर मुझे बधाई दी। ट्रंप ने कहा कि मैं फोन पर मुझसे संपर्क करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की की सराहना करता हूं, क्योंकि मैं अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में विश्व में एक बार फिर शांति कायम करूंगा और उस युद्ध को समाप्त करूंगा, जिसने इतने सारे लोगों की जान ली और अनगिनत निर्दोष परिवारों को तबाह कर दिया। दोनों पक्ष शांति समझौते पर बातचीत के लिए साथ आएंगे, जिससे हिंसा समाप्त होगी और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### समीर को राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स में रजत



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर के चगांव (जनकपुरी) के समीर नेगी ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 13वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन श्री कांतिरावा इंडोर स्टेडियम बेंगलुरु, कर्नाटका में आयोजित किया गया था। जिला किन्नौर पैरास्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नेगी ने बताया है कि पीसीआई द्वारा इस नेशनल प्रतियोगिता के आयोजन में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिला (शिमला,ऊना,किन्नौर, कांगड़ा व हमीरपुर)से आठ खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। समीर नेगी ने 100मीटर दौड़ व डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भाग लिया और डिस्कस थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टी-44 कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### नतीजे देने वाला कोच चुनेंगे : कल्याण चौबे



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का नया कोच वही बनेगा जो नतीजे दे सकेगा और वे बड़े नामों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करेंगे। एआईएफएफ की कार्यसमिति जल्दी ही इगोर स्टिमक के जाने के बाद नए कोच को चुनने के लिये बैठक करने वाली है। स्टिमक ने पिछले 12 महीने में भारत के नौ मैच हारने और दो ड्रॉ खेलने के बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। चौबे ने कहा ,"मेरा मानना है कि नतीजे बहुत मायने रखते हैं। हमें ऐसा कोच चाहिए जो भारतीय फुटबॉल का विकास कर सके। भारतीय टीम के साथ नतीजे दे सके।"

### ग्लोबल टी-20 लीग में नहीं खेलेंगे पाक खिलाड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान का ग्लोबल टी-20 लीग खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिये अनुरोध खारिज कर दिया। बोर्ड ने एक बयान में कहा ," पीसीबी को बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी से वैश्विक टी-20 लीग खेलने के लिए एनओसी का अनुरोध मिला था।" इसमें कहा गया ,"अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए और तीनों खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय चयन समिति से मशविरे के बाद उनका अनुरोध खारिज करने का फैसला किया गया है। इस अवधि में पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 9 मैच और अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलनी है।" कनाडा में ग्लोबल टी-20 लीग 25 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होगी। बयान में कहा गया ," ये तीनों खिलाड़ी सभी प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को आने वाले आठ महीने में 9 टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 में उनकी जरूरत पड़ेगी।"



### विश्व जूनियर स्क्वाश में भारत अगले दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लड़के और लड़कियों के मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। लड़कों ने ब्राजील को 3-0 से हराकर ग्रुप-एफ में पहला स्थान हासिल किया जबकि लड़कियों ने ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया को इसी अंतर से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। लड़कों का सामना अब प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा से होगा जबकि लड़कियों की टीम ग्रुप-डी के आखिरी मैच में हांगकांग से खेलेगी।

### चांगते-इंदुमति को एआईएफएफ का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारत और मुंबई सिटी एफसी के 'विंगर' लालियानजुआला चांगते और राष्ट्रीय महिला टीम की 'मिडफील्डर' इंदुमति कथिरेसन को शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के क्रमश: पुरुष और महिला 'प्लेयर ऑफ द ईयर्स' से नवाजा गया। राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान दोनों खिलाड़ियों को ये पुरस्कार दिया गया। लालियानजुआला चांगते ने हाल में ही मुंबई सिटी एफसी से 2026/27 सत्र के अंत तक अपना अनुबंध बढ़ा लिया है। इंदुमति (30) भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय टीम में वह बतौर 'मिडफील्डर' की भूमिका निभाती हैं। आई-लीग विजेता क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के डेविड लाहलानसांगा को इस साल के सबसे होनहार खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है।

### 'नेट गेम' पर काम कर रहे हैं लक्ष्य सेन



**मुंबई।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने कहा कि अगले हफ्ते शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए उन्होंने अपने 'नेट गेम' और मुकाबले के अंत में अंक गंवाने की खामियों पर काम किया है। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ग्रुप 'एल' में इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी जोनाथन क्रिस्टी (तीसरी रैंकिंग), ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन (41वीं रैंकिंग) और बेल्जियम के जूलियन कैरागी (52वीं रैंकिंग) के साथ रखा गया है। सेन ने कहा, "हमने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है और पिछले छह सात हफ्तों में हमारे पास समय था जिसमें मैं खेल के सभी पहलुओं पर काम कर सका।" उन्होंने कहा, "रक्षण से लेकर आक्रमण तक कुल मिलाकर हमने हर चीज में बेहतर करने की कोशिश की है और साथ ही उन पहलुओं पर काम किया है जिनमें मैं अच्छा नहीं था। अब शायद 'नेट गेम', 'रक्षण' और अंत में अच्छा कर सकूं।"

**महिला एशिया कप**

### संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मुकाबला आज दो बजे से

# भारत की नजरें सेमीफाइनल पर

**एजेंसी, दांबुला**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की।

टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के जरिए वापसी की है। भारतीय बल्लेबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9.3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की। इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्तूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। रेणुका ने कहा ,"एशिया कप महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद टी-20 विश्व कप से पहले ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी।"



**संभावित टीमें**

**भारत ।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**यूएई ।** एशा रोहित ओझा (कप्तान), कविशा कुमारी, रितिका रजत, समायरा डी, लावण्या केनी, एमिली थॉमस, हीना होचंदानी, महक ठाकुर, इंदुजा नंदकुमार, रिनिता रजत, खुशी मोहन शर्मा, रिशिता रजत, सुरक्षा कोट्टे, टी सतीश, वैष्णवी महेश।

### गेंदबाजों और सलामी बल्लेबाजों ने अपना काम बखूबी किया : हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराने के बाद कहा कि उनके गेंदबाजों और सलामी बल्लेबाजों ने अपना काम बखूबी किया। भारत ने गेंदबाजों और सलामी बल्लेबाजों की बदौलत पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से हरा दिया।

हरमनप्रीत कौर ने कहा, "जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हम जल्दी विकेट लेने के बारे में बात कर रहे थे। बल्लेबाजी में श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जाता है। हम इसी तरह से निर्भीक क्रिकेट खेलना चाहते हैं।"



## रेणुका सिंह ने परिवार से पहले देश को चुना

**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहड़ू के छोटे से गांव पारसा की बेटी व भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने महिला एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता से पहले बयान दिया था कि मेरे लिए परिवार से पहले देश है।



**भाई की शादी में नहीं हुई शामिल**

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई को रेणुका सिंह के भाई की शादी थी और उसी दिन एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान महिला क्रिकेट मैच था।

रेणुका सिंह ने देश हित में फैसला लिया है कि वह भाई की शादी में शामिल न होकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच खेली। पाकिस्तान के खिलाफ रेणुका सिंह ने अपने स्पैल के चार ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए और भारत को विजय दिलाई। पाकिस्तान की टीम 108 रन पर आल आऊट हो गई और भारत ने 3 विकेट खोकर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए है आईसीसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं, जहां अक्तूबर में महिला टी-20 विश्व कप होना है।

बांग्लादेश पुलिस ने सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर ढाका में कर्फ्यू लगा दिया है और सैन्यबल ने भी गश्त की है।

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया ," हम दुनिया भर में स्वतंत्री सुरक्षा समीक्षा करते हैं । बांग्लादेश में भी हालात पर नजर रखे हुए हैं।" महिला टी-20 विश्व कप में आस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने छह बार खिताब जीता है । इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक एक बार खिताब अपने नाम किया है।

## पेरिस में बेटी की कमी खलेगी : तीरंदाज दीपिका

**एजेंसी, पेरिस**

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है, लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है।

दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है , लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है, लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।



दीपिका ने कहा, "अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है, लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं।"

दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही।

दीपिका ने कहा, " मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। वह किसी के साथ भी जल्दी घुलमिल जाती है और वह अतनु और मेरे ससुराल के लोगों के साथ अच्छी तरह से घुलमिल गई है।"

## शिमला में बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू

**दशमी रावत, जुब्बल**

जिला शिमला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा 20 से 24 जुलाई तक इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के लगभग 500 युवा खिलाडी भाग लेंगें। यह जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप अंडर -11, अंडर- 13, अंडर -15, अंडर -17 व अंडर- 19 आयु वर्ग में खेली जाएगी।

5 दिनों तक चलने वाली जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप द्वारा किया जाएगा। जिला शिमला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य युवा पीढी के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाना है।

वहीं हिमाचल प्रदेश पैरा बैडमिंटन के अध्यक्ष बलवंत झौहटा ने बताया कि जुब्बल बैडमिंटन क्लब द्वारा भी इंडोर स्टेडियम जुब्बल में उपमंडल स्तर पर चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ओपन स्तर पर खेली जाएगी।



बैडमिंटन क्लब जुब्बल के सदस्य, बलवंत झौटा एवं एसएचओ जुब्बल चेतन चौहान ।

**चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाना : अनुपम कश्यप**

इस उपमंडल स्तर पर खेली जा रही चैंपियनशिप में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगें। हिमाचल प्रदेश पैरा बैडमिंटन के चैयरमैन बलवंत झौहटा ने कहा कि जुब्बल की बेटियों के लिए भी जुब्बल बैडमिंटन क्लब नवंबर माह में चैंपियनशिप का आयोजन करेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य रहेगा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी खिलाओ।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन के चैयरमैन बलवंत झौहटा , एसएचओ जुब्बल चेतन चौहान व बैडमिंटन क्लब जुब्बल के सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## केएससीए टी-20 नीलामी से पहले मयंक, देवदत्त और विशाक को रिटेन किया

**बेंगलुरु ।** महाराजा ट्राफी केएससीए टी-20 की टीमों ने राज्य के कद्द छ शीर्ष खिलाड़ियों जैसे मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडीक्कल और विशाक विजयकुमार को इस महीने के अंत में होने वाली नीलामी से पहले रिटेन किया।

टूर्नामेंट का तीसरा चरण 15 अगस्त से एक सितंबर तक यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा। गत चैम्पियन हुबली टाइगर्स, उप विजेता मैसूर वारियर्स, गुलबर्गा मिस्टिक्स, बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मंगलुरु ड्रैग्न्स और शिवामोगा लायंस ने अपने पिछले सत्र की टीम से चार चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

हुबल टाइगर्स ने कप्तान मनीष पांडे, विकेटकीपर श्रीजिथ केएल, युवा आल राउंडर मानवंथ कुमार और मध्यम गति के गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा को रिटेन किया है।

मैसूर वारियर्स ने कप्तान करूण नायर, सीए कार्तिक, एसयू कार्तिक और आल राउंडर मनोज भंडागे को बरकरार रखा है। गुलबर्गा मिस्टिक्स ने देवदत्त पडीक्कल को टीम में बनाए रखा है जबकि वह चोट के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाये थे।

## सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग में दमखम दिखाएगी सेजल



सेजल को आर्थिक मदद देते गुप्ता परिवार के सदस्य।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

गोवा में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग में प्रदेश की बेटी सेजल अपना दमखम दिखाएगी। मूलत: शिमला नेरवा निवासी सेजल इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 24 जुलाई को रवाना होगी। सेजल चैंपियनशिप में लाइट फ्लाईवेट कैटेगिरी में भाग लेगी, हालांकि उसकी वित्तीय स्थिति को देखते हुए सोलन का गुप्ता परिवार आगे आया है और न केवल उसका पूरा खर्चा उठाया है बल्कि हवाई जहाज से आने-जाने की व्यवस्था भी की है।

किक बॉक्सिंग की सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 24-29 जुलाई तक गोवा के मपुसा में होगा। इस प्रतियोगिता में नेरवा की मूल निवासी और सोलन में लॉ की पढ़ाई कर रही सेजल मेडल जीतने का सपना लेकर पिछले कई माह से कड़ी मेहनत कर रही है। जिलास्तर पर गोल्ड व प्रदेश स्तर पर सिल्वर मेडल हासिल कर चुकी सेजल का सपना है कि वह राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतर देश व प्रदेश का नाम रोशन करे। (अनंत ज्ञान)

**भागीदारी**

### पहली बार ओलंपिक खेलों में उतरेगी भारतीय सेना की महिला खिलाड़ी

# ओलंपिक में सेना के 24 एथलीट दिखाएंगे दमखम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा समेत सेना के 24 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 सदस्यीय दल में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि पहली बार ओलंपिक दल में सेना की दो महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं ।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा भारतीय सेना में सूबेदार हैं। वह 2023 एशियाई खेलों, 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2024 डायमंड लीग और 2024 पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता हवलदार जैसमीन लंबोरिया (मुक्केबाजी) और 2023 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीपीओ रीतिका हुड्डा टीम में शामिल सेना की दो महिला खिलाड़ी हैं। पेरिस ओलंपिक में सैन्यकर्मियों की भागीदारी खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने और एथलेटिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सेना के अन्य खिलाड़ियों में सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तेजिंदर पाल सिंह तूर ( शॉटपुट), सूबेदार अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेस), सीपीओ मोहम्मद अनस याहिया, पीओ मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कूरियन (पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), सूबेदार तरुणदीप राय और धीरज बोम्मादेवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह ( निशानेबाजी) शामिल हैं।




**पेरिस ओलंपिक 5 दिन शेष**

### सेना के पांच अधिकारी भी हिस्सा लेंगे

**मुक्केबाजी ।** लेफ्टिनेंट कर्नल कबीलन साई अशोक (रेफरी और जज)

**मुक्केबाजी।** सूबेदार सीए कटप्पा (कोच)



**तीरंदाजी।** सूबेदार सोनम शेरिंग भूटिया (कोच)

**नौकायन।** हवलदार सी.एस. डेलई (तकनीकी अधिकारी)

**नौकायन।** नायक पीवी शरद ( फिजियो।

# भारत की तीरंदाजी और नौकायन टीमें पेरिस 'खेल गांव' पहुंची

**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं।

तीरंदाजी और नौकायन दल ने शुक्रवार को पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से शनिवार को खेल गांव पहुंचेगी।

लंदन ओलंपिक-2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा, "मैं गुरुवार रात को पेरिस पहुंचा और मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन शुक्रवार को पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं।" उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं।



चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा, "काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ 'गेम टाइम' चाहते हैं। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को अपनी स्पर्धायें शुरु करने से पहले वो सबकुछ मिले जिनकी उन्हें जरूरत है।" भारत के 117 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में 20 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, "मेरे लिए यह देखना गर्व का पल है कि भारतीय दल में पदक के दावेदार बढ़ रहे हैं। हमारे दल का प्रत्येक खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी करने ही नहीं बल्कि उन्हें पछाड़कर देश को गौरवान्वित करने में सक्षम है। "